YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-307 ❒ शुक्रवार, 12 दिसम्बर 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



वंदे मातरम गीत कई ऐतिहासिक घटनाओं का साक्षी है और इसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान प्रेरणा और ऊर्जा प्रदान की। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम से उत्पन्न भावनाओं को शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। यह हमें प्रेरित करता है और स्वतंत्रता संग्राम के प्रति हमारे अंदर जोश भर देता है। जेपी नड्डा

त्योहार के साथ एक सभ्यतागत संदेश भी है दीपावली: राधाकृष्णन 11
दून मेडिकल कॉलेज में मरीजों से मिले मुख्यमंत्री 12

## संक्षेप

### यूपी में छह माह तक हड़ताल पर रोक

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश में छह माह के लिए हड़ताल पर रोक लगा दी है। प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक एम देवराज ने इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए सभी विभागों को भेज दिया है। इसमें कहा गया है कि उत्तर प्रदेश अत्यावश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम-1966 में दी गई व्यवस्था के आधार पर शक्तियों का प्रयोग करते हुए आगामी छह माह तक हड़ताल पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। यह आदेश राज्य सरकार के अधीन आने वाले सभी कार्यालयों, निगम और स्थानीय प्राधिकरणों पर लागू होगा।

### उप्र में दो वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के दायित्वों में बदलाव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक फ़ेरबदल करते हुए दो वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। सरकार की तरफ़ से जारी की गई सूची के अनुसार, वरिष्ठ अधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह को मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपी ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण से हटाकर विशेष सचिव, निर्वाचन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन तथा अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं सुश्री दीपा रंजन मिशन को उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन लखनऊ को उनके वर्तमान पद के साथ-साथ यूपी ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, लखनऊ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। शासन के इस निर्णय को ग्रामीण सड़क विकास और चुनावी व्यवस्थाओं से जुड़े कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

### श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की बैठक कल, प्रतिष्ठा द्वादशी

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के पदाधिकारियों और न्यासियों की महत्वपूर्ण बैठक 13 दिसम्बर अपरान्ह दो बजे मणिराम छावनी में होगी। बैठक में भाग लेने के लिये राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र कल अयोध्या पहुंचेंगे। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास महाराज करेंगे। इस दौरान महासचिव चम्पत राय निर्माण समिति अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र,कोषाध्यक्ष गोविंददेव गिरी, शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती महाराज, जगद्गुरु मध्वाचार्य विश्वप्रसन्नतीर्थ,युगपुरुष स्वामी परमानंद, महंत दीनेंद्र दास, डा अनिल मिश्र, विषेश आमंत्रित दिनेशचंद्र, गोपाल राव, केंद्र,राज्य सरकार के प्रतिनिधि वा जिला अधकारी अयोध्या सहित अन्य सदस्य के सम्मलित होंने की संभावना है। ट्रस्ट महासचिव चम्पत राय बैठक की तैयारी को अंतिम रुप देने में जुटे हैं। इससे पूर्व ट्रस्ट की बैठक नौ सितंबर को हुई थी। बैठक में नवंबर में संपन्न हुये ध्वजारोहण कार्यक्रम की समीक्षा तथा आगामी कार्यक्रमों सहित राम जन्मभूमि परिसर में चल रहे अन्य निर्माण कार्यों को लेकर व्यापक चर्चा होगी।

# उत्तर प्रदेश सहित छह राज्यों, केंद्र शासित क्षेत्रों में एसआईआर 15 दिन बढ़ा

एजेंसी

- ❒ 6 दिसंबर तक गणना अवधि के लिए निर्धारित - 31 दिसंबर को जारी होगी ड्राफ्ट मतदाता सूची
- ❒ बाकी राज्यों का ड्राफ्ट रोल 16 दिसंबर को पब्लिश होगा




नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात और तमिलनाडु तथा केंद्र शासित अंडमान निकोबार की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्यक्रम में गुरुवार को संशोधन की घोषणा की।

आयोग ने इन पांच राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश अंडमान निकोबार के मुख्य चुनाव अधिकारियों के अनुरोध पर वहाँ मतगणना प्रपत्र जमा कराने और संशोधित मतदाता सूची के मसौदों के प्रकाशन की तिथियां बढ़ा दी हैं। आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार, उत्तर प्रदेश में मतगणना प्रपत्र जमा करने की तिथि 11 दिसंबर से बढ़ाकर 26 दिसंबर कर दी गयी है और राज्य की संशोधित मतदाता सूची का मसौदा 31 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। इसी तरह मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ और केंद्र शासित अंडमान में मतगणना प्रपत्र जमा कराने की तिथि 18 दिसंबर और संशोधित मतदाता सूची के मसौदे के प्रकाशन की तिथि 23 दिसंबर कर दी गयी है। गुजरात और तमिलनाडु में मतगणना प्रपत्र को जमा करने की अंतिम तारीख 14 दिसंबर कर दी गयी है और इन दोनों राज्यों की संशोधित सूची का मसौदा 19 दिसंबर को जारी किया जाएगा। इससे पहले के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, इन सभी जगहों पर मतगणना प्रपत्र जमा करने की तिथि आज ही समाप्त हो रही थी, जबकि इनमें संशोधित सूची का मसौदा 16 दिसंबर को प्रकाशित किया जाना था। आयोग ने इससे पहले केरल में मतगणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि संशोधित कर 18 दिसंबर कर दी थी और वहां संशोधित सूची का मसौदा 23 दिसंबर को प्रकाशित किया जाना था। आयोग ने कहा है कि यह फैसला यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया है कि नयी सूची में किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम नहीं छुटे। आयोग ने यह भी कहा है कि नये मतदाताओं को सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 और घोषणा पत्र भरने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्हें आयोग की वेबसाइट और ऐप के माध्यम से अपना फॉर्म और घोषणा पत्र जमा कराने की सुविधा भी है। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग ने बिहार के बाद 12 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू की है। इसके लिए आयोग ने 27 अक्टूबर को आदेश जारी किया था। इसके अलावा, असम की सूची की भी विशेष संक्षिप्त समीक्षा करने का काम चल रहा है। इन संशोधित सूचियों की संदर्भ की तिथि एक जनवरी 2026 रखी गयी है।

यूपी की ओर से समय-सीमा बढ़ाने के प्रस्ताव पर भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को अपनी मुहर लगा दी। अब 28 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची जारी होगी। 2.95 करोड़ मतदाताओं को तलाशेंगे यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा ने बताया कि इन बढ़ाए गए 15 दिनों में मुख्यतः तीन कार्य किए जाएंगे।

पहला ऐसे 2.95 करोड़ मतदाता जो ढूंढ़े नहीं मिल रहे हैं, उनमें से ज्यादा से ज्यादा लोगों को चिह्नित कर उनका गणना प्रपत्र भरवाया जाएगा। पांच श्रेणियों में इन 2.95 करोड़ लोगों को बांटा गया है जिसमें 1.27 करोड़ मतदाता ऐसे हैं जो स्थाई रूप से अपने निवास स्थान से स्थानांतरित हो गए हैं। दूसरी श्रेणी में 46 लाख मृतक मतदाता हैं। तीसरी श्रेणी में 24.50 लाख डुप्लीकेट मतदाता हैं जिनके नाम वोटर लिस्ट में दो-दो व तीन-तीन बार या इससे अधिक हैं। चौथी श्रेणी में 84.73 लाख अनुपस्थित मतदाता हैं जो मिल नहीं रहे हैं। वहीं पांचवीं जो अन्य की श्रेणी में हैं वह 9.57 लाख मतदाता हैं जिन्होंने विभिन्न कारणों से अपना मतदाता फॉर्म वापस नहीं किया है। अब प्रदेश भर में बनाए गए 1.62 लाख बीएलओ और राजनीतिक दलों के 5.25 लाख बीएलए शुक्रवार को बैठक करेंगे। बूथवार ● शेष पेज 11 पर

### यूपी में 81% मतदाताओं के फॉर्म जमा हो चुके

यूपी में कुल 15.44 करोड़ मतदाताओं में से 12.44 करोड़ यानी 81 प्रतिशत के फॉर्म जमा हो चुके हैं। इन मतदाताओं ने गणना प्रपत्र भरने के बाद बीएलओ के माध्यम से चुनाव आयोग तक पहुंचा दिया है। बाकी 19 प्रतिशत यानी 2.95 करोड़ मतदाताओं के फॉर्म नहीं मिले हैं जो स्थाई रूप से स्थानांतरित, मृत व डुप्लीकेट इत्यादि की श्रेणी में हैं।

### इलाहाबाद उत्तरी व साहिबाबाद में कटेंगे सर्वाधिक नाम

यूपी की मतदाता सूची में 2.95 करोड़ मतदाताओं के नाम काटे जा सकते हैं। ऐसे में सबसे ज्यादा नाम इलाहाबाद उत्तरी व गाजियाबाद की साहिबाबा सीट पर काटे जा सकते हैं। वहीं दूसरी ओर ललितपुर में सबसे कम नाम काटे जा सकते हैं। फिलहाल जिलों से आंकड़े मंगवा लिए गए हैं।

## रामगोपाल मिश्रा के हत्यारों को सुनाई गई सजा

# सरफराज को फांसी, नौ को आजीवन कारावास



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। यूपी के बहराइच में रामगोपाल मिश्रा हत्याकांड मामले में दोषियों को सजा सुना दी गई है। मुख्य दोषी सरफराज को फांसी की सजा सुनाई गई है। जबकि,आठ दोषियों को आजीवन करावास की सजा सुनाई गई। एक अन्य दोषी सैफ अली को आठ वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही एक-एक लाख का जुर्माना लगाया गया है। घटना 13 अक्तूबर 2024 की है। जब दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान रामगोपाल की हत्या कर दी गई थी।

इससे पहले बुधवार को आए फैसले में अदालत ने मुख्य आरोपी सरफराज उर्फ रिंकू, उसके पिता अब्दुल हमीद, दो भाइयों फहीम और तालिब उर्फ सबलू सहित 10 आरोपियों को दोषी ठहराया था। बृहस्पतिवार दोपहर बाद इन्हें कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। केस को लेकर कचहरी परिसर में सुबह से ही गहमागहमी रही। सजा का फैसला आने से पहले कचहरी परिसर में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। स्थानीय लोग, मृतक पक्ष के परिजन और वकील लगातार कोर्ट की कार्रवाई पर नजर रखे हुए थे। सभी की निगाहें अदालत द्वारा सुनाई जाने वाली सजा पर टिकी रहीं। फैसला आने के बाद लोगों में चर्चाएं तेज हो गईं।

ज्ञातव्य है कि रामगोपाल हत्याकांड को 14 महीने पूरे होने वाले हैं। यह वही घटनाक्रम है, जिसने दशहरे जैसे पावन पर्व पर पूरे जिले को हिंसा की आग में झोंक दिया था। पीएसी तैनात हुई, रैपिड एक्शन फोर्स को उतारा गया। डीएम-एसपी खुद डटीं। इसके बाद भी हालात नियंत्रित नहीं हुए। मुख्यमंत्री योगी ने हस्तक्षेप किया और यूपी एटीएस चीफ अमिताभ यश को जिम्मेदारी सौंपी, तब धीरे-धीरे हालात सामान्य होने शुरू हुए। 13 अक्तूबर का जिक्र करते ही रामगोपाल की मां मुन्नी देवी टूट जाती हैं। कुछ बोलती नहीं...आखों से आंसू फूट पड़ते हैं। सिसकियों के बीच बेटे का नाम ● शेष पेज 11 पर

# जांच समिति के सामने आज पेश होंगे इंडिगो के सीईओ

एजेंसी



❒ इंडिगो ने हवाई अड्डे पर लंबे समय तक फंसे रहे यात्रियों के लिए की मुआवजे की घोषणा

नयी दिल्ली। पिछले सप्ताह बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द करने वाली विमान सेवा कंपनी इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पीटर एलबर्स शुक्रवार को मामले की जांच के लिए गठित समिति के समक्ष पेश होंगे।

सरकार ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के संयुक्त महानिदेशक संजय के. ब्राह्मणे की अध्यक्षता में मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया था। इंडिगो ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया, ''कंपनी के सीईओ पीटर एलबर्स को 12 दिसंबर 2025 को उड़ानों में व्यवधान की जांच कर रही डीजीसीए की अधिकारियों की समिति से समक्ष उपस्थित होने के लिए कहा गया है। इससे पहले डीजीसीए ने श्री एलबर्स को एक समीक्षा बैठक के लिए गुरुवार को उसके कार्यालय में तलब किया था। जांच समिति के अन्य सदस्य डीजीसीए के उप महानिदेशक अमित गुप्ता, वरिष्ठ फ्लाइट ऑपरेशन्स इंस्पेक्टर कैप्टन कपिल मांगलिक और फ्लाइट ऑपरेशन्स इंस्पेक्टर कैप्टन लोकेश रामपाल हैं। इसका गठन पांच दिसंबर को किया गया था और इसे 15 दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है। समिति बड़े पैमाने पर इंडिगो की उड़ानों में व्यवधान के कारणों की पहचान करेगी। वह मानव बल के नियोजन में कमी, रोस्टरिंग प्रणाली में फ्लक्चुएशन और एफडीटीएल (फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन) को लागू करने के लिए कंपनी की तैयारियों की भी जांच करेगी। वह यह ● शेष पेज 11 पर

## मणिपुर को ऐसा राज्य बनायें जहां हर महिला और बच्चा सशक्त बनें: मुर्मु

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मणिपुर को ऐसा मजबूत राज्य बनाने की अपील की है जहां हर बच्चा सुरक्षित महसूस करे, हर महिला सशक्त महसूस करे, हर समुदाय मिलकर रहे और हर नागरिक एक उज्जवल भविष्य की ओर आगे बढ़े। मणिपुर की दो दिन की यात्रा पर गई श्रीमती मुर्मु ने गुरुवार को इम्फाल के सिटी कन्वेंशन सेंटर में मणिपुर सरकार द्वारा उनके सम्मान में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में भाग लिया। उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी और उनका उद्घाटन किया। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मणिपुर साहस और असाधारण सांस्कृतिक समृद्धि की भूमि है। इसके लोगों ने पीढ़ियों से खेल, सशस्त्र बलों, कला एवं संस्कृति, और सार्वजनिक सेवा सहित विविध क्षेत्रों में अपार योगदान देकर राष्ट्र को समृद्ध किया है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण हिंसा के बाद मणिपुर के लोगों ने जो दर्द सहा है वह उससे अवगत ● शेष पेज 11 पर

# फर्जी कम्पनियां बनाकर सिरप की तस्करी में दो और आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❒ दोनों आरोपी एबॉट कम्पनी के बड़े डिस्ट्रीब्यूटर थे मास्टरमाइंड के इशारे पर अवैध भंडारण
- ❒ 80 से अधिक फर्जी कम्पनियों के नाम से फर्जी बिल बनाए दोनों ने





लखनऊ। एसटीएफ ने फेंसेडिल कफ सिरप की तस्करी और उसका अवैध भंडारण करने वाले गिरोह के दो और आरोपियों को लखनऊ में गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। सहारनपुर के रहने वाले दोनों आरोपी अभिषेक शर्मा और शुभम शर्मा सगे भाई है। इन दोनों ने मास्टरमाइंड शुभम जायसवाल के कहने पर 80 से अधिक फर्जी फर्मे बनाई, फिर फर्जी ई-बिल के जरिए पश्चिम बंगाल, बांग्लादेश तक उसकी सप्लाई की। एसटीएफ के एएसपी लाल प्रताप सिंह के मुताबिक दोनों आरोपी सहारनपुर के सदर बाजार, कपिल विहार के हैं।

इनके पास फर्जी फर्म के 31 दस्तावेज भी मिले हैं। फेंसेडिल सिरप बनाने वाली एबॉट कम्पनी का दिल्ली में सुपर डिस्ट्रीब्यूटर अभिषेक था। दोनों आलमबाग में किसी से मिलने पहुंचे थे, तभी उन्हें पकड़ लिया गया। विभोर राणा की फर्म में पहले काम करता था अभिषेक अभिषेक ने एसटीएफ को बताया कि वर्ष 2019 से विशाल और विभोर राणा की जीआर ट्रेडिंग दवा फर्म में काम करता था। विभोर व विशाल एबॉट कम्पनी की अन्य दवाओं के साथ फेंसेडिल सिरप मंगाते थे। फिर फर्जी फर्म के जरिए बिक्री दिखा नशे में इस्तेमाल करने के लिए सप्लाई करते थे। यह तस्करी बिहार, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल के रास्ते बांग्लादेश तक होती थी। फर्जी फर्म बनाने का काम सीए अरुण सिंघल करता था। अरुण ने उनके कर्मचारी बिट्टू और सचिन के नाम सचिन मेडिकोज फर्म सहारनपुर में, इसी नाम से दूसरी फर्म भगवानपुर रुड़की में बनाई थी। विभोर के जेल से छूटने पर दोनों ने फर्जी कम्पनी बनाई एएसपी ने बताया कि वर्ष 2021 में इन आरोपियों का माल कई जगह पकड़ा गया। पश्चिम बंगाल में वर्ष 2022 में विभोर को गिरफ्तार कर लिया गया। जेल से छूटने के बाद उसने जीआर ट्रेडिंग फर्म बंद कर दी। इसके बाद एबॉट कम्पनी से मिलकर विशाल की फर्म बीएन फर्मास्युटिकल के लाइसेन्स पर सहारनपुर के एजेंट बन गए। इसके बाद अरुण सिंघल ने अभिषेक के भाई शुभम शर्मा, ● शेष पेज 11 पर

# बांग्लादेश में 12 फरवरी को चुनाव

## तख्तापलट के डेढ़ साल बाद वोटिंग

एजेंसी



ढाका। बांग्लादेश में अगले साल 12 फरवरी को आम चुनाव होंगे। देश के मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिरउद्दीन ने गुरुवार शाम इसका ऐलान किया। यह चुनाव पूर्व पीएम शेख हसीना के तख्तापलट के डेढ़ साल बाद हो रहा है।

5 अगस्त 2024 को हुए तख्तापलट के बाद हसीना देश छोड़कर भारत आ गई थीं। इसके बाद से वहां पर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार चल रही है। अगले साल होने वाले चुनाव में हसीना की पार्टी हिस्सा नहीं ले पाएगी। बांग्लादेश की सबसे बड़ी पार्टी अवामी लीग का पंजीकरण चुनाव आयोग ने मई 2025 में निलंबित कर दिया था। पार्टी के बड़े नेताओं को अंतरिम सरकार गिरफ्तार कर चुकी है। अवामी लीग चुनाव लड़ने और राजनीतिक गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि उसी दिन जुलाई चार्टर को लेकर जनमत संग्रह किया जाएगा। जुलाई चार्टर संवैधानिक और राजनीतिक ● शेष पेज 11 पर

**बांग्लादेश चुनाव शेड्यूल**
नामांकन: 29 दिसंबर तक
जांच: 30 दिसंबर: 4 जनवरी
नामांकन वापसी: 20 जनवरी
चुनाव चिह्न आवंटित: 21 जनवरी
प्रचार: 10 फरवरी तक

## मुख्यमंत्री योगी ने आजमगढ़ और वाराणसी में एसआईआर समीक्षा में संगठन को निर्देश दिए

# मतदाता सूची सही करें और सभी तक पहुंच सुनिश्चित करें

एजेंसी



आज़मगढ़/वाराणसी। जनपद पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्धारित समय से दो घंटे देर से कलेक्ट्रेट सभागार में एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्हें जिले में मतदाता सूची के सुधार और अद्यतन कार्य की वर्तमान स्थिति बताई गई। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मृतक और डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाए जाएं, गलत प्रविष्टियाँ सुधारें और एक भी वास्तविक मतदाता छूटने न पाए।

बृहस्पतिवार को दोपहर लगभग 12 बजे मुख्यमंत्री पुलिस लाइन पहुंचे और 12:08 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में पहुंचे, जहां कमिश्नर विवेक, डीआईजी सुनील कुमार सिंह, डीएम रविन्द्र कुमार और एसपी डॉ. अनिल कुमार उपस्थित रहे। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों के साथ एसआईआर की प्रगति पर चर्चा हुई। सीएम ने निर्देश दिया कि बूथ स्तर पर मतदाता सूची पूरी तरह सही और अद्यतन हो। जो मतदाता बाहर रहते हैं, उनसे संपर्क कर उनका एसआईआर भरवाया जाए। उन्होंने संगठन के कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर जाकर वन-टू-वन संपर्क करने तथा जिनका नाम सूची में नहीं है, उन्हें शामिल कराने का निर्देश दिया।

बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए सुभासपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉ. अरविंद राजभर ने कहा कि बैठक का मुख्य विषय एसआईआर था। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्रों का डेटाबेस देखकर मृतक और संदिग्ध मतदाताओं की संख्या पर चिंता जताई। संगठन के कार्यकर्ता बूथ स्तर पर सक्रिय होकर फर्जी मतदाताओं के नाम हटाने और वास्तविक मतदाताओं को जोड़ने का कार्य करेंगे। डॉ. राजभर ने प्रदेश के युवाओं के रोजगार, महिला आरक्षण, सामाजिक न्याय समिति और रोहिणी आयोग की रिपोर्ट पर गंभीर चर्चा की आवश्यकता जताई। उन्होंने सुभासपा भाजपा के साथ अपने गठबंधन की स्थिरता को लेकर भी भरोसा व्यक्त किया। वहीं, बैठक के बाद ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि वर्तमान बिल राहत योजना से चार लाख से अधिक उपभोक्ता लाभान्वित हो चुके हैं। पुराने बकाए पर 100 प्रतिशत ब्याज माफी से ग्रामीणों को भारी राहत मिली है। स्मार्ट मीटर से जुड़ी शिकायतों में जहां वास्तविक समस्या मिली, वहां चेक मीटर लगाकर समाधान कराया जा रहा है। लगभग 40 मिनट तक चली बैठक में मुख्यमंत्री ने जिले की मतदाता सूची सुधार और संगठन की गतिविधियों का व्यापक आकलन किया और सुनिश्चित किया कि सभी कार्य समय पर और त्रुटि-मुक्त तरीके से पूरे हों। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी सर्किट हाउस में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस समीक्षा बैठक में वाराणसी कमिश्नरी के छह संगठनात्मक जिलों वाराणसी महानगर, वाराणसी जिला, चंदौली, मछलीशहर, जौनपुर एवं गाजीपुर के विधायक, सांसद, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी तथा विधानसभा संयोजक उपस्थित रहे। उन्होने कार्यकर्ताओं से कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदैव कहते हैं कि ह्लचुनाव बूथ पर लड़ा जाता है, इसलिए बूथ प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण है। बूथ की टीम को एक्टिवेट कर दीजिए, मतदाता सूची को अच्छी तरह छान लीजिए। अभी जितनी मेहनत कर लेंगे, चुनाव के समय उतनी कम मेहनत करनी पड़ेगी और हमारी जीत निश्चित होगी। यह सुनहरा अवसर है कि समय रहते सभी त्रुटियों को दूर कर मतदाता सूची को पूर्णतः शुद्ध एवं अद्यतन बनाया जाए। मुख्यमंत्री ● शेष पेज 11 पर

# ट्रेनों के दिव्यांग कोच में अनाधिकृत प्रवेश पर वर्तमान वर्ष में 624 यात्रियों पर कार्रवाई

**वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय ने गुरुवार को देते हुए बताया कि अवैध रूप से दिव्यांग कोच में अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वाले लोगों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । उत्तर मध्य रेलवे ने ट्रेनों में दिव्यांग कोच का अवैध उपयोग करने वाले यात्रियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। वर्तमान वर्ष में जनवरी से नवम्बर की अवधि में उत्तर मध्य रेलवे में कुल 624 मामले दर्ज किए गए।

यह जानकारी वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय ने गुरूवार को देते हुए बताया कि अवैध रूप से दिव्यांग कोच में अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वाले लोगों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसमें प्रयागराज मंडल में 253 मामले, झांसी मंडल में 243 और आगरा मंडल में 128 मामले दर्ज कर कार्यवाही की गई। इसमें 623 पुरुष और 1 महिला के विरुद्ध कार्यवाही की गई। इसी प्रकार माह नवम्बर में ही कुल 42 मामले दर्ज किए गए। इनमें से झांसी मंडल में 22 मामले और आगरा मंडल में 20 मामले दर्ज हुए। नवम्बर में गिरफ्तार किए गए पुरुषों की संख्या 42 थी।पीआरओ ने कहा कि रेलवे आम जनता से अपील करता है कि वे दिव्यांग यात्रियों के लिए आरक्षित इन विशेष कोचों में अनाधिकृत रूप से प्रवेश न करें। यह सुविधा सभी ट्रेनों में उपलब्ध है। दिव्यांग कोच केवल दिव्यांग यात्रियों के लिए ही आरक्षित हैं। इस नियम का उल्लंघन करने वाले अनाधिकृत व्यक्तियों के खिलाफ आगे भी सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

# वंदे मातरम का अपमान देश स्वीकार नहीं करेगा : गणेश केसरवानी

**देश के अंदर बाबरी मस्जिद बनाना जिहादी मानसिकता का प्रतीक : जय शिव सेना-जय शिवसेना उप्र ने की राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम जन जागरण पद यात्रा**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जय शिवसेना उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष अभिषेक ठाकुर के नेतृत्व में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वंदे मातरम् गीत जन जागरण पद यात्रा मुट्ठीगंज से निकाली गई। पद यात्रा का शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर गणेश केसरवानी ने किया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् सिर्फ गीत नहीं है बल्कि भारत की आत्मा का स्वर है।

जिसे गाकर देश के क्रांतिकारियों और महापुरुषों ने मां भारती को गुलामी के जंजीरों से मुक्त कराया।महापौर ने कहा कि देश की आजादी के बाद कंग्रेस ने अपनी वोट बैंक के खातिर मुस्लिम तुष्टीकरण को लेकर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के साथ काट छांट करने का पाप किया है। यही कारण है कि आज भी कंग्रेस और उसके सहयोगी दल सदन के अंदर और बाहर वंदे मातरम् गीत का अपमान करते हैं। जिसे अब देश स्वीकार नहीं करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वंदे मातरम् गीत राष्ट्र भक्ति का ऐसा ज्वार बनेगा जो राष्ट्र विरोधी ताकतों को उखाड़ फेंकेगी।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जय शिवसेना उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष अभिषेक ठाकुर एवं कार्यक्रम के संयोजक एवं जय शिवसेना के प्रांतीय महामंत्री राजेश केसरवानी ने कहा कि देश के अंदर राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् का अपमान करने वाले जो संवैधानिक पदों पर बैठे हैं उन्हें मुक्त किया जाए और अब भारत की धरती बाबरी मस्जिद को स्वीकार नहीं करेगी। क्योंकि यह जिहादी मानसिकता का प्रतीक है, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।इस अवसर पर भाजपा उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, व्यापारी नेता सुनील केसरवानी सोनू, राजकुमार केसरवानी, समाज सेवी पतविंदर सिंह ने कहा वन्दे मातरम् गीत राष्ट्र भक्ति की जागृत करने वाला महामंत्र है। वंदे मातरम जन जागरण यात्रा मुट्ठीगंज छोटे चौराहे से होते हुए मुट्ठीगंज बड़ा चौराहा, बहादुरगंज, कोठा पारचा, राम भवन चौराहे पर सम्पन्न हुआ और सामूहिक सम्पूर्ण राष्ट्रीय गीत के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन राजेश केसरवानी ने किया। आयोजक नीरज केसरवानी, अभिलाष केसरवानी, शत्रुघ्न जायसवाल रहे।इस अवसर पर स्मृति श्रीवास्तव, रोशनी अग्रवाल, रजत सोनकर, अजय अग्रहरि, मोनू सेठ, मीनू पांडे, किशन चंद्र जायसवाल, किशोरी लाल जायसवाल, अन्नू केसरवानी, आलोक केसरवानी प्रवीण केसरवानी, अशोक गुप्ता, लव कुश केसरवानी, दीपक केसरवानी, विजय कृष्ण मेहता, श्रेष्ठ चौरसिया, सुनील केसरवानी एवं सैकड़ों शिव सैनिक रहे।

## माघ मेले के इतिहास में पहली बार लोगो जारी, मुख्य समाचार

प्रयागराज। माघ मेले के इतिहास में पहली बार मेले के दर्शन तत्त्व, ज्योतिषीय आधार और आध्यात्मिक महत्त्व को दर्शाते हुए मुख्यमंत्री स्तर से आधिकारिक माघ मेला लोगो जारी किया गया है। यह लोगो तीर्थराज प्रयाग, संगम की आध्यात्मिक शक्ति, चंद्र-ट्टधद्यथन् गतियों एवं सनातन परंपराओं का समग्र प्रतीक है। लोगो में सूर्य और चंद्रमा की 14 कलाएँ, भारतीय ज्योतिष के अनुसार नक्षत्रों की स्थिति तथा माघ मास के निर्माण का वैज्ञानिक आधार प्रदर्शित है। सूर्य के मकर राशि में आने और पूर्णिमा पर चंद्रमा के माघी/अश्लेषा/पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्रों के समीप होने पर माघ मास बनता है, इसी अवधि में माघ मेला आयोजित किया जाता है। लोगो में अक्षयवट, कल्पवास की परंपरा, ऋषि-मुनियों की साधना का चिन्ह, संगम स्नान का पवित्र भाव, लेटे हनुमान जी का दर्शन तथा तप-पूर्णता का संकेत सम्मिलित है। साइबेरियन पक्षियों की उपस्थिति संगम क्षेत्र के उत्कृष्ट पर्यावरण को दर्शाती है। श्लोक ह्लमाघे निमज्जनं यत्र पापं परिहरेत् ततःङ्क लोगो को आध्यात्मिक आयाम प्रदान करता है। यह लोगो मेला प्राधिकरण के लिए डिजाइन कंसल्टेंट अजय सक्सेना एवं प्रागल्भ अजय द्वारा तैयार किया गया है।

## माघ मेले का नया लोगो जारी,पहली बार मुख्यमंत्री स्तर से अनावरण

प्रयागराज। माघ मेले के इतिहास में पहली बार मेले की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ज्योतिषीय पहचान को दर्शाता हुआ आधिकारिक लोगो मुख्यमंत्री स्तर से जारी किया गया है। इस विशेष लोगो में तीर्थराज प्रयाग, संगम की तपोभूमि और माघ मास की ज्योतिषीय गणना को मुख्य आधार बनाया गया है। लोगो में सूर्य और चंद्रमा की 14 कलाओं के साथ नक्षत्रीय स्थितियों का चित्रण है, जो माघ मेले के आयोजन का मूल कारक माने जाते हैं। लोगो के केंद्र में संगम, तप, स्नान और कल्पवास की परंपराओं को दर्शाने वाले प्रतीक शामिल हैं। अक्षयवट, लेटे हुए हनुमान जी, कल्पवासी साधु, तथा संगम पर आने वाले साइबेरियन पक्षियों का चित्रण प्रयागराज की आध्यात्मिक और प्राकृतिक विशेषताओं को दर्शाता है। लोगो पर लिखा श्लोक ह्लमाघे निमज्जनं यत्र पापं परिहरेत् ततःङ्क माघ स्नान की पवित्रता को रेखांकित करता है। यह लोगो मेला प्राधिकरण के डिजाइन कंसल्टेंट अजय सक्सेना और प्रागल्भ अजय द्वारा तैयार किया गया है।

## जनपद न्यायालय प्रयागराज: वर्दी आपूर्ति हेतु निविदाएँ आमंत्रित

प्रयागराज। जनपद न्यायालय प्रयागराज में कार्यरत वाहन चालकों और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए ग्रीष्मकालीन वर्दी की आपूर्ति हेतु सील्ड निविदाएँ आमंत्रित की गई हैं। सभी इच्छुक पंजीकृत एवं गैर-ब्लैकलिस्टेड डीलरों को अपनी निविदाएँ 23 दिसंबर 2025 को शाम 4:30 बजे तक केंद्रीय नजारत में जमा करनी होंगी। क्रय समिति के अध्यक्ष एवं विशेष न्यायाधीश (ईसी एक्ट) राहुल सिंह-ऋने बताया कि पुरुष कर्मचारियों के लिए 02 टेरीकाट पैंट एवं 04 टेरीकाट फुल-स्लीव बुशर्ट, जबकि महिला कर्मचारियों के लिए 02 टेरीकाट साड़ी, 02 ब्लाउज और 02 सूती पेटीकोट निर्धारित हैं। इसके अलावा प्रत्येक कर्मचारी को 02 सूती साफा (18 मीटर) भी उपलब्ध कराया जाएगा। प्रति कर्मचारी अधिकतम लागत ?1020 तय की गई है। निविदा प्रपत्र के साथ वर्दी का नमूना, समस्त कर सहित दरें और आपूर्ति की शर्तें स्पष्ट रूप से उल्लेखित करना अनिवार्य है। सभी निविदाएँ उसी दिन शाम 5 बजे क्रय समिति के समक्ष खोली जाएँगी। देर से प्राप्त निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएँगी।

## अयोध्या-प्रयागराज हाईवे हादसा मे 3 की मौत

प्रयागराज । अयोध्याऽप्रयागराज हाईवे पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें ट्रैक्टर-ट्रॉली और कार की आमने-सामने टक्कर में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में कार चालक और दो महिलाएँ शामिल हैं। कार में सवार सभी श्रद्धालु मध्यप्रदेश के रीवा से अयोध्या दर्शन के लिए जा रहे थे। हादसे में आठ लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें चार की हालत नाजुक बताई जा रही है। सभी घायलों को पहले स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायल यात्रियों को लखनऊ रेफर किया गया है। यह हादसा पूराकलंदर थाना क्षेत्र के कल्याण भदरसा गांव के पास हुआ। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस और राहत दल ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान चलाया।

## माघ मेला-2025 भूमि आवंटन शुरू

प्रयागराज। जिले में आयोजित होने वाले माघ मेलाऽ2025 की भूमि आवंटन प्रक्रिया का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। मेला प्रशासन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार तीर्थ पुरोहितों, संस्थाओं, धार्मिक संगठनों और सेवाओं से जुड़ी इकाइयों को आवंटन 15 दिसंबर से 20 जनवरी तक किया जाएगा। विभिन्न सेक्टरों में सेक्टर मजिस्ट्रेटों की निगरानी में यह प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस बार भूमि आवंटन को अधिक पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए डिजिटल सत्यापन और पूर्व-आवंटन स्क्रूटनी की व्यवस्था की गई है। मेला प्रशासन का कहना है कि सभी आवेदकों को समय से सूचित किया जाएगा ताकि आवंटन में कोई देरी न हो। जल्द ही टेंट सिटी, बैरिकेडिंग, दंडी बस्तियों और साधु-संतों के शिविरों की स्थापना भी शुरू होगी।

## प्रतियोगी छात्रों का 15 दिसंबर को आंदोलन

प्रयागराज। जनपद में प्रतियोगी छात्र 15 दिसंबर को यूपी लोक सेवा आयोग के खिलाफ बड़ा आंदोलन करेंगे। संयुक्त प्रतियोगी छात्र हुंकार मंच की ओर से जारी पोस्टर में कहा गया है कि आयोग में बढ़ते कथित भ्रष्टाचार, अनियमितताओं और भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की कमी के खिलाफ यह महाआंदोलन किया जाएगा। आंदोलनकारी छात्र आयोग का घेराव कर अपनी मांगों को उठाएंगे। प्रतियोगी छात्रों का आरोप है कि भर्ती परीक्षाओं के परिणाम, स्केलिंग प्रक्रिया और चयन सूची को लेकर लगातार प्रश्न उठते रहे हैं, लेकिन आयोग की तरफ से कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया जाता। छात्रों ने कहा है कि यह आंदोलन शांतिपूर्ण होगा, लेकिन मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा। प्रयागराज पुलिस ने कहा है कि सुरक्षा की पूरी तैयारी की जाएगी।

## प्रयागराज बुक फ़ेयर 18 से 28 दिसंबर तक

प्रयागराज। जिले में साहित्य प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। प्रयागराज बुक फ़ेयर की ओर से आयोजित दस दिवसीय पुस्तक मेले की तारीखें घोषित कर दी गई हैं। यह भव्य मेला 18 दिसंबर से 28 दिसंबर तक चलेगा। मेले का उद्घाटन इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन करेंगे। पुस्तक मेले में देशभर के प्रमुख प्रकाशक, लेखक और पुस्तक विक्रेता भाग लेंगे। नए प्रकाशनों, साहित्यिक चर्चाओं, पुस्तक विमोचन कार्यक्रमों और बच्चों के लिए विशेष गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार इस बार मेले में डिजिटल बुक सेक्शन, ऑडियोबुक स्टॉल और युवा लेखकों के लिए ओपन मंच की व्यवस्था की जाएगी। मेले का उद्देश्य शहर में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देना है।

# मिशन शक्ति 5.0 : महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण की नई पहल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ह्लमिशन शक्ति 5.0ङ्क के तहत गंगानगर जोन कमिश्नरेट के सभी थानों की टीमों ने गुरुवार को व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार, अपर पुलिस आयुक्त डॉ. अजय पाल शर्मा, उपायुक्त कुलदीप सिंह गुनावत व पुष्कर वर्मा के निर्देशन में महिला पुलिसकर्मियों ने प्रमुख बाजारों, शिक्षण संस्थानों, कस्बों, धार्मिक स्थलों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर महिलाओं व बालिकाओं को अधिकारों, सरकारी योजनाओं व सुरक्षा उपायों की जानकारी दी।

टीमों ने बालिकाओं को साइबर सुरक्षा, सुरक्षित सोशल मीडिया उपयोग और किसी भी उत्पीड़न पर तुरंत डायल 112 व मिशन शक्ति टीम से संपर्क करने की सलाह दी। साथ ही महिलाओं को 1090, 181, 1076, 1930 सहित सभी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर पम्पलेट भी वितरित किए। अभियान का उद्देश्य–महिलाओं में जागरूकता, आत्मविश्वास और सुरक्षा का भाव सुनिश्चित करना रहा।

# मिनी बस मीडिया यात्रा से लोगों को बताएंगे योगी सरकार की उपलब्धियां

**जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विगत साढ़े आठ वर्षों के विकास और बदलाव यात्रा के आप सभी साक्षी और सहभागी रहे हैं**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर । उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में गुरुवार को सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों, नीतियों, निर्णयों के प्रभावी क्रियान्वयन व उनकी जनोपयोगिता के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विगत साढ़े आठ वर्षों के विकास और बदलाव यात्रा के आप सभी साक्षी और सहभागी रहे हैं। उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचने के उद्देश्य से ह्लराह यूपी की चाह सच कीङ्क की थीम पर मिनी बस मीडिया यात्रा प्रारंभ की जाएगी, जिसके सफल क्रियान्वयन के लिए अपने विभाग से संबंधित साढ़े आठ वर्ष में हुई अद्यतन प्रगति के संबंध में निर्धारित प्रारूप में सूचना उपलब्ध कराएं। साथ ही सभी विभागों द्वारा किए गए अभिनव प्रयासों को भी सम्मिलित किया जाय और प्रमुख परियोजनाओं के संक्षिप्त विवरण, पहले और बाद की तस्वीरें तथा लाभार्थियों के आंकड़े उपलब्ध कराएं जाएं।शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, कृषि, महिला सशक्तिकरण, अवसंरचना आदि क्षेत्रों में जो बेहतर कार्य किए गए है, उनके स्थल चिन्हित किये जाय। साथ ही जिले की समग्र विकास यात्रा की संक्षिप्त विवरण तैयार कर लिया जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, परियोजना निदेशक डीआरडीए सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सांसद रवि किशन शुक्ला ने शून्यकाल के दौरान लोकसभा में उठाया 'कानूनों के दुरुपयोग' का मुद्दा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। गोरखपुर के सांसद रवि किशन शुक्ला ने आज लोकसभा के शीतकालीन सत्र में शून्यकाल के दौरान देशहित से जुड़े एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय–कानूनों के दुरुपयोग एवं बढ़ते फ़र्ज़ी मुक़दमों –पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया।

सांसद रवि किशन शुक्ला ने कहा कि आज़ादी के बाद लोक कल्याण और सामाजिक समरसता को ध्यान में रखते हुए सरकारों ने अनेक महत्वपूर्ण कानून बनाए, जिनका उद्देश्य देश के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना था। लेकिन समय के साथ इन कानूनों का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग भी देखा जा रहा है। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने समय-समय पर स्वप्रेरणा से क़दम उठाए हैं, लेकिन हमें अभी भी इस समस्या से पूर्णतः मुक्ति नहीं मिली है। फ़र्ज़ी मुक़दमों की बढ़ती संख्या न्यायालयों पर बोझ बढ़ाती है, सामाजिक वैमनस्य पैदा करती है और निर्दोष नागरिकों के मानसिक व आर्थिक उत्पीड़न का कारण बनती है।ङ्कसांसद ने यह भी कहा कि झूठे मुक़दमों की वजह से न केवल आरोपी व्यक्ति, बल्कि पूरा परिवार मानसिक तनाव और भारी आर्थिक कष्टों से गुजरता है, जिससे उनका जीवन बुरी तरह प्रभावित होता है।उन्होंने सरकार से यह महत्वपूर्ण मांग रखी कि लोक कल्याण हेतु बनाए गए किसी भी कानून का दुरुपयोग कर फ़र्ज़ी मुक़दमा दर्ज कराने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।*साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि–जिन कारणों से जांच एजेंसियां फ़र्ज़ी मुक़दमों को सही ठहराने में विफल रहती हैं, उन मामलों में संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए और दोषी पाए जाने पर कठोर दंड का प्रावधान होना चाहिए।सांसद रवि किशन शुक्ला ने कहा कि यह कदम न केवल निर्दोष नागरिकों को राहत देगा, बल्कि इससे देश की न्याय व्यवस्था पर अनावश्यक बोझ भी कम होगा और प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को सुदृढ़ आधार मिलेगा।अंत में उन्होंने अध्यक्ष महोदय का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह विषय देश के करोड़ों नागरिकों से सीधे जुड़ा है, इसलिए सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए।

# राज्य स्तरीय महिला हॉकी के लिए प्रयागराज की टीम घोषित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । अयोध्या में 16 से 18 दिसम्बर तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय महिला हॉकी के लिए प्रयागराज की टीम घोषित कर दी गई है।इलाहाबाद हॉकी संघ के उपसचिव मोहम्मद शाहिद कमाल खान के अनुसार टीम में वानिया सैफ, जैनब हसन, रिया गोंड, प्रियांशी प्रजापति, प्रिंसी यादव, निकहत परवीन, शिवानी सिंह, तबस्सुम बानो, संध्या भारती, मानसी यादव, संध्या, श्रीतिवारी, वर्तिका यादव, सृष्टि यादव, इशिता सिंह, रिया सोनकर को शामिल किया गया है। परी गुप्ता, वर्षा यादव, स्वाति पटेल, आरोही प्रजापति आरक्षित खिलाड़ी हैं। विनय कुमार टीम के प्रशिक्षक बनाये गये हैं। टीम 15 दिसम्बर को रवाना होगी।

## प्रयागराज-लालगढ़ वन-वे विशेष ट्रेन का संचालन 12 दिसंबर को

प्रयागराज । उत्तरी मध्य रेलवे ने यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 04103 प्रयागराजऽलालगढ़ वन-वे विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। यह ट्रेन 12 दिसंबर 2025 (शुक्रवार) को प्रयागराज जंक्शन से रात्रि 20:00 बजे प्रस्थान करेगी और अपने निर्धारित मार्ग में फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, फतेहाबाद, आगरा कैंट, मथुरा, अलवर, बांदीकुई, जयपुर, रिंगस, सीकर, चूरू, रतनगढ़ व बीकानेर सहित महत्वपूर्ण स्टेशनों पर ठहरेगी। कुल 22 कोचों वाली इस विशेष गाड़ी में ट्विवट, सामान्य, स्लीपर, इकॉनमी, एसी तृतीय, एसी द्वितीय और एसी प्रथम श्रेणी के कोच शामिल रहेंगे। यह ट्रेन अगले दिन 13 दिसंबर को रात 20:40 बजे लालगढ़ स्टेशन पहुंचेगी।

# प्रेस क्लब बछरावां की नव नियुक्त कार्यकारिणी का हुआ गठन

**वरिष्ठ पत्रकार कंचन द्विवेदी बने प्रेस क्लब बछरावां के अध्यक्ष**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। बृहस्पतिवार को कस्बे में महाराजगंज रोड पर स्थित प्रेस क्लब कार्यालय में प्रेस क्लब बछरावा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर संरक्षक त्रिभुवन नाथ मिश्रा की अगुवाई में प्रेस क्लब बछरावां के सभी पत्रकार बंधुओ की सर्वसम्मति से वरिष्ठ पत्रकार कंचन द्विवेदी को अध्यक्ष पद पर सुशोभित किया गया।

साथ ही साथ बबलू त्रिवेदी एवं रमेश कुमार बाजपेई को उपाध्यक्ष, ललित चौधरी को महामंत्री, आशीष मिश्रा को मंत्री, अमित अवस्थी को कोषाध्यक्ष, आशीष मिश्रा को संगठन मंत्री एवं सर्वेश मिश्रा, शैलेंद्र यादव, राहुल मिश्रा व अमित मिश्रा को सदस्य कार्यकारिणी के साथ ऋषि मिश्रा को आय व्यय निरीक्षक एवं मनोज मिश्रा को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर सभी



नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संरक्षक एवं नवनियुक्त अध्यक्ष का माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया, तदोपरांत अध्यक्ष एवं संरक्षक के द्वारा सभी पदाधिकारियों एवं सदस्य कार्यकारिणी के सदस्यों का सम्मान किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष कंचन द्विवेदी ने बताया कि हमारे प्रेस क्लब का उद्देश्य सामाजिक समस्याओं को सर्वोपरि रखते हुए जनता की बात को अपनी कलम के माध्यम से जिम्मेदारों तक पहुंचाना है, ताकि क्षेत्र के जन-जन को न्याय एवं अपनी समस्याओं के समाधान के लिए दर-दर की ठोकरे न खानी पड़े।

## युवती का सड़क किनारे गड्ढे में मिला शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

बिजनौर । उत्तर प्रदेश के बिजनौर जनपद में स्योहारा थाना क्षेत्र में एक युवती का सड़क किनारे गड्ढे में गुरुवार को शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव को जांच के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।स्योहारा क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर के ग्रामीणों ने एक शव गड्ढे में पड़ा देख डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी स्योहारा संजय कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मौके का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी ए. के. श्रीवास्तव और धामपुर के कार्यवाहक सीओ ने भी घटनास्थल का विस्तृत निरीक्षण किया और आवश्यक जानकारी जुटाई।थानेदार संजय कुमार ने बताया कि मृतक युवती की उम्र लगभग 28 से 30 वर्ष के बीच लग रही है। काफी प्रयास के बाद भी उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

# एटीएम उखड़वाने वाले गिरोह के सरगना समेत तीन की तलाश जारी

**गिरोह के पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर चुकी है पुलिस**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद । थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में लोकोशेड पुल के पास स्थित पीएनबी का एटीएम उखड़वाने वाले गिरोह के सरगना मेवात निवासी नियामत उर्फ घोड़ा नए-नए गैंग बनाकर घटनाएं करवाता है। वह खुद पर्दे के पीछे रहकर अपने सबसे खास रणवीर उर्फ राणा और तौफीक नेपाल को आगे रखता है। पुलिस टीमें इन तीनों की तलाश में जुटी हैं।

सिविल लाइन पुलिस व सर्विलांस टीम ने सोमवार की रात मुठभेड़ में पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि गैंग के सरगना और इसके साथियों की तलाश में पुलिस टीमें लगी हुई हैं।24 नवम्बर की रात सिविल लाइंस के लोकोशेड पुल के पास स्थित पीएनबी के एटीएम को बदमाश उखाड़कर ले गए थे। 25 नवम्बर की सुबह एटीएम अमरोहा में पड़ा मिला था, लेकिन एटीएम से करीब सात लाख रुपये की रकम गायब थी। सिविल लाइन पुलिस व सर्विलांस टीम ने सोमवार की रात मुठभेड़ में नागफनी के डेहरिया निवासी हिफजुल रहमान उर्फ हसनैन, हरियाणा के जुबैर खान, बुलंदशहर के नरेश उर्फ फौजी, जामा मस्जिद के पास बरवालान निवासी अब्दुल मतीन, घोसिया वाली गली मुगलपुरा निवासी तंजीम को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में इन्होंने स्वीकार किया है कि उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था।इस गिरोह सरगना नियामत उर्फ घोड़ा है। उसने नए नए गैंग बनाकर यूपी, गुजरात, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा में एटीएम उखाड़ने की घटनाएं कराई हैं। रणवीर उर्फ राणा और तौफीक नेपाली इसके सबसे खास हैं। मुरादाबाद की घटना में भी दोनों शामिल थे और सरगना के हिस्से की रकम यह दोनों ही लेकर गए थे।

# प्राचीन हनुमान मंदिर क्षतिग्रस्त, क्षेत्र में आक्रोश

**जनप्रतिनिधियों को नहीं हुई सूचना, स्थानीय प्रशासन पर सवाल**

कैनविज टाइम्स संवाददात



लखनऊ । थाना कृष्णा नगर अंतर्गत चौकी भोला खेड़ा क्षेत्र के कनौसी फाटक पर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर को क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला गंभीर विवाद का रूप लेता जा रहा है।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि ओशो नगर के कुछ स्वयंभू लोग सड़क चौड़ीकरण का हवाला देकर मंदिर पर जेसीबी चलवा गए, जबकि मंदिर में रह रहीं वृद्धा पुजारिन ने इसका कड़ा विरोध किया था।प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि पुजारिन के मना करने के बावजूद मौके पर पहुंचे लोग नहीं माने और जेसीबी लगवाकर मंदिर को ध्वस्त कर दिया। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भारी नाराजगी है।स्थानीय निवासियों ने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हिंदू संस्कृति, धार्मिक स्थलों और आस्था के संरक्षण को,प्राथमिकता दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सड़क चौड़ीकरण के नाम पर प्राचीन मंदिरों को हटाना समझ से परे है—वह भी ऐसे लोगों द्वारा जो स्वयं को हिंदू समाज से जुड़े बताते हैं।क्षेत्रीय लोगों का यह भी कहना है कि कनौसी फाटक ओशो नगर क्षेत्र में लखनऊ कैंट के विधायक एवं उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, तथा लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल सहित कई जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों के आवास भी स्थित हैं, लेकिन इस गंभीर घटना की जानकारी इन तक नहीं पहुंचाई गई या फिर अनदेखी की गई।इससे स्थानीय प्रशासन और क्षेत्रीय प्रतिनिधियों की सक्रियता पर भी सवाल उठ रहे हैं।

निवासियों का आरोप है कि स्वयंभू तरीके से कार्य करने वाले कुछ लोगों ने बिना अनुमति और बिना प्रशासनिक प्रक्रिया के मंदिर को नुकसान पहुंचाया, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।जनता की मांग है कि डबल इंजन की सरकार में ऐसे कृत्य करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए और दोषियों पर 'बाबा का बुलडोज़र' कब चलेगा, यह प्रशासन स्पष्ट करे।लोगों ने यह भी कहा कि यदि ऐसे मामलों पर तुरंत कार्रवाई नहीं हुई तो धार्मिक और सामाजिक सौहार्द पर विपरीत असर पड़ेगा।

## गश्त के दौरान निगोहां पुलिस का मानवीय चेहरा, लापता मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति सुरक्षित परिजनों को सौंपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ। निगोहां पुलिस ने गुरुवार को गश्त के दौरान उत्कृष्ट संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई का परिचय देते हुए एक मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति को उसके परिजनों से मिलाकर मानवीय उदाहरण प्रस्तुत किया। गश्त के दौरान पुलिस टीम को सुदौली मोड़ के पास एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में भटकता हुआ मिला। पूछताछ में उसकी पहचान रमेश विश्वकर्मा पुत्र मोतीलाल, निवासी ग्राम व पोस्ट गंगोली, थाना खलीलाबाद, जनपद संत कबीर नगर के रूप में हुई। स्थिति को देखते हुए पुलिस उसे तुरंत थाने ले आई और आवश्यक पूछताछ के बाद उसके परिजनों से संपर्क स्थापित किया।

सूचना मिलते ही रमेश की पत्नी सरोज देवी व अन्य परिजन निगोहां थाने पहुंचे। परिवारजनों ने बताया कि रमेश पिछले 10 वर्षों से मानसिक बीमारी से पीड़ित हैं और लगभग 13 दिन पहले बिना बताए घर से निकल गए थे। परिजन लगातार उनकी खोज कर रहे थे पर सफलता नहीं मिल रही थी। पुलिस द्वारा रमेश को सुरक्षित पाकर परिवारजन भावुक हो उठे और निगोहां पुलिस की तत्परता, मानवीय व्यवहार और सजगता की सराहना की। इस सराहनीय कार्य को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में शामिल थे , हेड कांस्टेबल अंबिकेश तिवारी व का0 मोनू सिंह । थाना निगोहां पुलिस की यह पहल समाज में कानून व्यवस्था के साथ-साथ मानवता और सेवा भाव की मिसाल प्रस्तुत करती है।

## नालों की नारकीय बदहाली पर जनता बेहाल

**नेताओं को आईना दिखाते हुए इ्क्र्ख्र्क्र्ख्र उपाध्यक्ष का नगर निगम पर सख्त हमला**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ठाकुरगंज, लखनऊ। राजधानी के कन्हैया माधवपुर प्रथम क्षेत्र में नालों की बदहाली अब नारकीय स्तर पर पहुंच चुकी है। बरोरा हुसैन बाड़ी और समान गार्डन के आसपास की गलियों में गंदे पानी का ऐसा उफान बह रहा है कि सड़कें नाले का रूप ले चुकी हैं। बदबूदार गंदगी, सीवर जाम और लगातार फैलते मच्छरों ने इलाके के हजारों लोगों का जीवन बेहाल कर दिया है। बीमारी का खतरा तेज़ी से बढ़ रहा है और स्थानीय निवासी रोजाना इस गंदगी का सामना करने को मजबूर हैं।इन विकट हालातों को लेकर इ्क्र्ख्र्क्र्ख्र उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष निज़ाम ग़ाज़ी जिला अध्यक्ष सलमान मंसूरी व सेंट्रल कमेटी के कई पदाधिकारी ने नगर आयुक्त को कड़े शब्दों में ज्ञापन सौंपते हुए नगर निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। ग़ाज़ी ने कहा कि वार्ड-52 में महीनों से नालों की सफाई न होने के कारण लोगों की परेशानियां चरम पर पहुंच चुकी हैं। नाले लगातार उफान मार रहे हैं, घरों के सामने गंदा पानी जमा है और संक्रमण का खतरा लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने निगम को चेतावनी दी कि यदि क्षेत्र में तत्काल सफाई अभियान शुरू न किया गया तो जनता का आक्रोश सड़कों पर दिखाई देगा।स्थानीय लोगों ने भी नगरपालिका और जनप्रतिनिधियों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। क्षेत्रवासियों ने कहा कि शिकायतों के बावजूद कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचता और सफाई व्यवस्था पूरी तरह दम तोड़ चुकी है। गंदे पानी की बदबू, कीचड़ और मच्छरों के प्रकोप ने बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के स्वास्थ्य को खतरे में डाल दिया है।लोगों में लखनऊ पश्चिम के विधायक अरमान खान के प्रति भी गहरा रोष है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि विधायक बनने के बाद से उन्होंने अब तक इस क्षेत्र की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। न तो उनका कोई दौरा होता है और न ही विकास कार्यों का कोई संकेत दिखाई देता है। स्थानीय लोगों के अनुसार ह्लन तो कोई काम होता है और न ही कोई सुनवाई, विधायक साहब को क्षेत्र की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं दिखता।इसी तरह तीन बार के पार्षद रामनरेश चौरसिया को लेकर भी लोगों में नाराज़गी कम नहीं है। नागरिकों का कहना है कि पार्षद होने के बावजूद उन्होंने इस क्षेत्र की बदहाली की ओर कभी ध्यान नहीं दिया। नाले उफान मारते रहे, बीमारियों का खतरा बढ़ता रहा, लेकिन पार्षद तक यहां झांकने भी नहीं आते। जनता का कहना है कि चुनावों के समय बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन जीत के बाद क्षेत्र को मानो भूला दिया जाता है।वार्ड-52 की यह स्थिति साफ दर्शाती है कि नगर निगम की सफाई व्यवस्था कागजों पर चल रही है और जमीनी स्तर पर पूरी तरह विफल है। अब देखना यह है कि इ्क्र्ख्र्क्र्ख्र की चेतावनी और जनता के बढ़ते आक्रोश के बाद क्या निगम, विधायक और पार्षद हरकत में आते हैं या फिर लोग इसी गंदगी, बदबू और बीमारियों के खतरे में जीने को मजबूर रहेंगे।

## एटीएम कार्ड बदलकर युवक से लाखों की ठगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनी नगर । क्षेत्र में एक व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो गया। यहां एक युवक से उसका एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से 3.38 लाख रुपए हड़प लिए गए। धोखाधड़ी की भनक लगते ही युवक द्वारा एटीएम कार्ड को ब्लॉक कराया गया साथ ही स्थानीय थाने पर साइबर ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यहां के पंचम खेड़ा निवासी धर्मराज सिंह ने पुलिस को बताया कि 5 नवंबर को वह ट्रांसपोर्ट नगर स्थित मीरा इंटरप्राइजेज सेनेटरी दुकान पर थोक सामान की जानकारी लेने गए थे। दुकान से उन्हें एक मोबाइल नंबर दिया गया, जिस पर संपर्क करने पर एक व्यक्ति मिला। उस व्यक्ति ने सामान के रेट बताने से इनकार कर दिया और उन्हें वापस दुकान से संपर्क करने को कहा।दुकान पर वापस आने के बाद धर्मराज ने करीब 22 हजार रुपए का सामान निकलवाया। भुगतान के लिए दुकानदार द्वारा दिए गए दोनों क्यूआर कोड स्कैन नहीं हुए। इसके बाद दुकान का एक कर्मचारी उन्हें ट्रांसपोर्ट नगर पार्किंग नंबर चार स्थित एसबीआई एटीएम ले गया। एटीएम पर एक अनजान युवक ने मौका पाकर चालाकी से धर्मराज के आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम कार्ड की अदला-बदली कर दी।ट्रांजैक्शन फ़ेल होने पर धर्मराज को लगा कि उनका फोन हैक हो गया है। उसी समय उन्हें आईसीआईसीआई बैंक के नाम से एक कॉल आया, जिसमें '1' दबाने को कहा गया। जैसे ही उन्होंने ऐसा किया, उनके खाते से लगातार रकम निकलनी शुरू हो गई और कुल 3.38 लाख रुपए डेबिट हो गए।धर्मराज ने तुरंत कस्टमर केयर को सूचना दी, जिसके बाद उनका कार्ड ब्लॉक कर दिया गया, लेकिन तब तक बड़ी रकम निकल चुकी थी। पीड़ित ने बैंक, साइबर हेल्पलाइन 1930 और साइबर सेल में शिकायत करने के बाद सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस साइबर सेल की मदद व एसबीआई एटीएम फुटेज और कॉल डिटेल के आधार पर जालसाजों की जांच पड़ताल कर रही है।

## श्री राजपूत करणी सेना में बड़ा फैसला: राम प्रताप सिंह बने प्रदेश सचिव, संगठन में नई ऊर्ज़ा का संचार



लखनऊ। गुरुवार को पीजीआई थाना क्षेत्र स्थित वृंदावन के प्रदेश कार्यालय में श्री राजपूत करणी सेना ने महत्वपूर्ण संगठनात्मक विस्तार करते हुए बड़ा निर्णय लिया। प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू ने राम प्रताप सिंह को प्रदेश सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस नियुक्ति को संगठन में नई मजबूती और ऊर्ज़ा के रूप में देखा जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह परिहार, अश्वनी सिंह, विनीत सिंह, युवा जिलाध्यक्ष अमर सिंह, पुष्पराज सिंह, महिला जिलाध्यक्ष किरण सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। कार्यक्रम स्थल पर उत्साह का माहौल देखने को मिला।

## दहेज उत्पीड़न का आरोप: विवाहिता ने पति व ससुराल पक्ष पर मारपीट व दहेज मांग का लगाया गंभीर आरोप

नगराम,लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र के दूल्हापुर हुसैनाबाद निवासी पीड़िता रेशमी पुत्री विक्रम ने पुलिस आयुक्त लखनऊ को प्रार्थनापत्र देकर अपने पति , सास-ससुर पर दहेज उत्पीड़न व मारपीट का गंभीर आरोप लगाया है। प्रार्थना पत्र के अनुसार रेशमी का विवाह तीन वर्ष पूर्व हरिश्चन्द्र निवासी ग्राम भोराखुर्द के पुत्र अरून से हुआ था। शिकायत में बताया गया है कि विवाह के समय ग्यारह लाख रुपये नगद सहित सोने-चांदी के आभूषण, फर्नीचर व मोटरसाइकिल आदि दिया गया था। पीड़िता का आरोप है कि विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग लगातार पांच लाख रुपये नकद व सोने की चैन समेत एक मोटरसाइकिल की अतिरिक्त मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते रहे। उसके एक वर्ष का पुत्र भी है, लेकिन इसके बाद भी उससे मारपीट की घटनाएं जारी रहीं। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि दहेज की मांग न पूरा होने पर 4 जुलाई 2025 को पति अरून गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए उसको उसके मायके छोड़ गये। पीड़िता ने पुलिस आयुक्त से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पति अरून, ससुर हरिश्चन्द्र, सांस मिथलेशा पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

## उत्तर प्रदेश बनें भारत का प्रथम एआई शिक्षा मॉडल राज्य: डॉ. राजेश्वर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर विद्यालय स्तर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence - AI) शिक्षा प्रारंभ करने और 'उत्तर प्रदेश कृत्रिम बुद्धिमत्ता आयोग' गठित करने का प्रस्ताव रखा है।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि आज का दौर कृत्रिम बुद्धिमत्ता का दौर है, यह केवल तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि मानव सभ्यता की दिशा बदलने वाला ऐतिहासिक मोड़ है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लाइब्रेरी, ऋए्ठ लैब्स और ई-कॉन्टेंट पोर्टल्स के माध्यम से शिक्षा में जो डिजिटल क्रांति लाई है, वह देश के लिए एक उदाहरण है।ह्लअब समय है कि उत्तर प्रदेश क्ष्द्वद्वथ्घ्य उद्धथन्थप से इक्र उद्धथन्थप की ओर अग्रसर हो और भारत का पहला इक्र क्दफ्द्धथप्द्धध्द्ध ख्रधदद्गद्य ट्टप्थप्ठ्ठ बने,ङ्क।डॉ. सिंह ने पत्र में कहा कि आज कृषि, स्वास्थ्य, उद्योग, शासन और शिक्षा, सभी क्षेत्रों में इक्र परिवर्तन ला रहा है।यदि विद्यार्थी प्रारंभिक अवस्था से ही इक्र को समझें, तो वे भविष्य के रोजगार, नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारी के लिए तैयार रहेंगे।

## सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों ने सीपीआर सहित महत्वपूर्ण तकनीकें सीखीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक हर प्रकार की आपदा से निपटने में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के सहयोग के लिए हमेशा तैयार रहते हैं और फर्स्ट रिस्पांडर की भूमिका बखूबी निभाते हैं। ये बात 11वी बटालियन एनडीआरएफ वाराणसी के डीआईजी मनोज कुमार शर्मा ने सिविल डिफेंस के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कही।भारत सरकार द्वारा प्रायोजित स्वयंसेवक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के छठे दिन एनडीआरएफ ने लखनऊ सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों को आपदा से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की। सब इंस्पेक्टर अनिल सिंह ने एनडीआरएफ के गठन और उसके इतिहास के बारे में बताया। साथ ही किसी भी घटना में बड़ी संख्या में हताहत हुए लोगों में से किसे सबसे पहले देखें इसके लिए इस्तेमाल की जाने वाली प्रक्रिया ट्राइएज (प्राथमिकता/छटनी) के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। बाद में उन्होंने अपने सहयोगियों कांस्टेबल दुर्गेश कुमार यादव, सुगन्ध यादव, शालिनी अग्रवाल के साथ स्वयंसेवकों को प्रायोगिक अभ्यास भी कराया।इससे पहले डॉक्टर राघवेंद्र ने ह्यूमन बॉडी के बारे में, ड्यूटी ऑफ फर्स्ट एडर और किसी भी घायल का किस तरह से आकलन करते है और सावधानी बरतते हैं कि जानकारी प्रदान की। रेड क्रॉस सोसाइटी श्वेता सिंह ने सीपीआर की बहुत ही बारीकी से जानकारी दी और सभी से अलग अलग अभ्यास कराया। सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर मनोज वर्मा ने सिविल डिफेंस के इतिहास से परिचय कराया और उसकी महत्ता को समझाया।प्रशिक्षण के दरमियान एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट अनिल कुमार पाल, उपनियंत्रक रविन्द्र कुमार, वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक ऋषि कुमार, ममता रानी, रेखा पांडेय, मुकेश कुमार, मनोज कुमार वर्मा, अजय कुमार गुप्ता, फैसल, फरीद आदि उपस्थित रहे।

## रकीबखेड़ा में स्व. सुखलाल वर्मा की 16वीं पुण्यतिथि पर जनसेवा का भव्य आयोजन




लखनऊ। मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक गोसाईगंज के ग्राम रकीबखेड़ा मजरा जहांगीरपुर में स्व. सुखलाल स्मृति सेवा संस्थान उत्तर प्रदेश द्वारा स्व. सुखलाल वर्मा की 16वीं पुण्यतिथि के अवसर पर गुरुवार को विशाल भंडारा एवं एक हजार महिलाओं व पुरुषों को साल वितरण कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. सुखलाल वर्मा की प्रतिमा पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करके की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा ने की।मुख्य अतिथि श्यामलाल पाल प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, विशिष्ट अतिथि जय सिंह जयंत सपा जिलाध्यक्ष और रामबरन सरोज (सेवानिवृत्त जिला जज) सहित कई सम्मानित लोगों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।सभी अतिथियों का स्वागत पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने किया। इस कार्यक्रम का कुशल संचालन अम्बेडकर वाहिनी राष्ट्रीय सचिव सन्तोष रावत ने किया तथा संपूर्ण व्यवस्था अभिषेक कुमार रावत ने अपने साथियों के सहयोग से की गई।पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने अपने पिता स्व. सुखलाल वर्मा की पुण्यतिथि कार्यक्रम का शुभारंभ विजय लक्ष्मी राष्ट्रीय महासचिव महिला सभा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख द्वारा प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कराकर किया।मुख्य अतिथि श्यामलाल पाल ने अपने संबोधन में स्व. सुखलाल वर्मा की सामाजिक सेवाओं को याद किया और ग्रामवासियों व कार्यकर्ताओं से एसआईआर फार्म भरवाने की अपील की।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर गरीब, दलित और वंचित महिलाओं को 40,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से सपा प्रदेश उपाध्यक्ष सी.एल. वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव, आशिक अली, पूर्व चेयरमैन बृजेश यादव, महताब सिंह यादव, श्रवण कुमार यादव, उमेश यादव, विजय यादव, डॉ. प्रशांत, अंशिका वर्मा, आस्था वर्मा, प्रबल वर्मा, शंकर दीन रावत, राम समुझ रावत, नागेंद्र सिंह, संदीप यादव, राजेश रावत पूर्व चेयरमैन, मनोज पासवान तीश गुप्ता, अनिल पासी, अर्जुन पाल, टी.वी. सिंह , राकेश रावत, संदीप यादव, रविन्द्र यादव, राधे श्याम यादव, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## फैटी लिवर और मोटापे के लिए पीजीआई में हर गुरुवार चलेगी विशेष ओपीडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) लखनऊ में हर गुरुवार को फैटी लिवर और मोटापे के लिए विशेष ओपीडी का संचालन किया जाएगा।

गुरुवार को एडवांस्ड डायबिटिक सेंटर की तीसरी मंजिल के डी-ब्लॉक में फैटी लिवर रोग और मोटापा के व्यापक प्रबंधन के लिए एक समर्पित क्लिनिक का शुभारंभ किया गया। क्लिनिक का उद्घाटन संस्थान के निदेशक प्रो. आर. के. धीमन ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो. देवेंद्र गुप्ता, हेपेटोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. अमित गोयल और एंडोक्राइनोलॉजी विभाग के प्रो. सुभाष यादव की उपस्थिति में किया।

देश में जीवनशैली से संबंधित बीमारियों, विशेषकर फैटी लिवर रोग और मोटापे के मामलों में तेज़ी से वृद्धि हो रही है। अध्ययनों के अनुसार लगभग 30535 प्रतिशत भारतीय वयस्क इस रोग से प्रभावित हो सकते हैं, जबकि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण रिपोर्ट बताती है कि देश में लगभग 25 प्रतिशत लोग मोटे या अधिक वजन वाले हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक बच्चों और किशोरों में भी इन रोगों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। वसायुक्त यकृत रोग, मोटापा और मधुमेह आपस में गहराई से जुड़े हैं और मोटापे या मधुमेह से पीड़ित आधे से अधिक लोगों में फैटी लिवर रोग पाया जाता है।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए प्रो. धीमन ने फैटी लिवर और मोटापे के बढ़ते बोझ पर चिंता व्यक्त की और कहा कि यह समस्या न केवल लिवर को नुकसान पहुंचाती है बल्कि हृदय, गुर्दे और स्ट्रोक के जोखिम को भी बढ़ाती है। उन्होंने जनता में जागरूकता बढ़ाने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रो. देवेंद्र गुप्ता ने फैटी लिवर रोग के समय पर निदान और शीघ्र उपचार को परिणामों में सुधार के लिए महत्वपूर्ण बताया। एंडोक्राइनोलॉजी विभाग के प्रो. सुभाष यादव ने मोटापे और लिवर स्वास्थ्य के बीच गहरे संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वजन नियंत्रण और मेटाबॉलिक प्रबंधन से लिवर रोगों को काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि मोटापा शरीर को इंसुलिन प्रतिरोधी बनाता है, जिससे मधुमेह और लिवर संबंधी जटिलताएं बढ़ती हैं।

प्रो. अमित गोयल ने क्लिनिक की कार्यप्रणाली और दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मरीजों के लिए बायोइम्पीडेंस विश्लेषण, फाइब्रोस्कैन, जीवनशैली एवं आहार परामर्श, व्यायाम प्रोत्साहन, दवाओं का उपयोग, साथ ही एंडोस्कोपिक एवं सर्जिकल हस्तक्षेप जैसी उन्नत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि क्लिनिक का लक्ष्य उच्च गुणवत्ता वाली, रोगी-केंद्रित समग्र देखभाल प्रदान करना है।यह विशेष ओपीडी हर गुरुवार को एडवांस डायबिटीज सेंटर के डी-ब्लॉक में संचालित होगी।

## भाकियू अवध राजू गुप्ता संगठन की पंचायत में किसान समस्याओं पर हुई चर्चा

**20 दिसम्बर से कलेक्ट्रेट परिसर में अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन की घोषणा**



लखनऊ। भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुप्ता संगठन की पंचायत का आयोजन तहसील व ब्लाक मोहनलाल गंज की ग्राम पंचायत समेसी मजरा कलंदर खेड़ा में स्थित शीतला माता मंदिर किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अध्यक्ष सरदार सिंह गौतम ने किसानो और मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा की और उनके निस्तारण पर विचार विमर्श किया । उन्होंने बिजली कटौती, अस्पताल, पानी, बिजली लाइन, नहर सफ़ाई, जल मिशन सुरक्षा योजना, गांव में नाली खंडजा, कच्चा रास्ता, साफ सफाई व्यवस्था, आयूषमान कार्ड, लेबर कार्ड ,राशन कार्ड ,विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, वृद्धा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, खाद कीटनाशक ,शिक्षा विभाग, आंगनबाड़ी में गर्भवती महिलाओं का पुष्टाहार बाल पुष्टाहार, टीकाकरण , समेसी समिति पर किसानो को खाद नहीं वितरण किया जाना ,खाद की कालाबाजारी, खाद की ब्लैकमेलिंग, सहित अन्य तमाम समस्याओं पर पर भी चर्चा की और इन समस्याओं का निस्तारण नहीं होने पर 20 दिसम्बर 2025 को लखनऊ कलेक्ट्रेट परिसर पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किए जाने की बात कही।इस किसान पंचायत में जिला अध्यक्ष ने संगठन के विस्तार पर भी चर्चा की और अधिक से अधिक संख्या में लोगों को जोड़ने की बात भी कही।इस किसान पंचायत में संगठन के प्रदेश प्रवक्ता रज्जन लाल रावत, जिला अध्यक्ष सरदार सिंह गौतम समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा : प्रयोगात्मक परीक्षकों की मैपिंग प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश

लखनऊ । व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश ने अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा, दिसंबर 2025 की तैयारियों को गति देते हुए सभी जिलाधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि छूटे हुए/पूरक श्रेणी की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 15 दिसंबर से 19 दिसंबर 2025 तक आयोजित की जाएंगी। इसके लिए प्रयोगात्मक परीक्षक मैपिंग की अनिवार्य समय सीमा 9 दिसंबर से 26 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है, जिसे परीक्षा से पूर्व पूर्ण किया जाना है।प्रमुख सचिव ने बताया कि डीजीटी, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रयोगात्मक परीक्षक मैपिंग केवल उन परीक्षकों की, की जाएगी जो एसआईडीएच पोर्टल पर विधिवत पंजीकृत हों। यदि किसी जनपद में पंजीकृत परीक्षकों की संख्या पर्याप्त नहीं है, तो नोडल राजकीय आईटीआई की अध्यक्षता में गठित समिति ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करेगी तथा अभ्यर्थियों के शैक्षिक अभिलेख, योग्यता तथा अनुभव की जांच कर अनुमोदन सुनिश्चित करेगी।इस उद्देश्य से तीन सदस्यीय समिति गठित की गयी है जिसमें जिलाधिकारी द्वारा नामित सदस्य (अध्यक्ष), नोडल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का प्रधानाचार्य (सदस्य) तथा जनपद के अन्य राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य/वरिष्ठतम कार्यदेशक (सदस्य) हैं।

# जिलाधिकारी ने विकास खण्ड परसेण्डी के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेदौरा का औचक निरीक्षण कर देखीं व्यवस्थाएं

**जिलाधिकारी ने चावल, दाल की गुणवत्ता की जांच करते हुये प्रधान को निर्देशित किया कि चावल की गुणवत्ता ठीक की जाये तथा रसोई घर में बेहतर साफ-सफाई के साथ ही भोजन बनाया जाये**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने विकास खण्ड परसेण्डी के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेदौरा का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रसोई घर में बनने वाले मिड-डे-मिल में दिये जाने वाले मैन्यू की जानकारी लेते हुये खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि रसोई घर में कार्य करने वाले रसोइयों को निर्धारित यूनीफार्म में ही कार्य करें। मिड-डे-मिल में बनाये जाने वाले भोजन की सामग्री का स्टॉक पूरे महीने भर का रखा जाये। जिलाधिकारी ने चावल, दाल की गुणवत्ता की जांच करते हुये प्रधान को निर्देशित किया कि चावल की गुणवत्त ठीक की जाये तथा रसोई घर में बेहतर साफ-सफाई के साथ ही भोजन बनाया जाये। जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय में संचालित कक्षा-2, 5 व 6 में पहुंचकर बच्चों से वार्ता करते हुये बच्चों से कहा कि वह अपनी दैनिक दिनचर्या में साफ-सफाई पर विशेष ध्याय दें और मन लगाकर पूरी लगन के साथ पढ़ाई करें। साथ ही जिलाधिकारी ने कक्षाओं के रजिस्टरों का अवलोकन भी किया। उन्होंने खण्ड शिक्षा अधिकारी ऋषिकेश सिंह को शिक्षण कार्यों में लापरवाही एवं रजिस्टर अद्यतन न होने पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश संबंधित को दिये। प्रधानाध्यापक पुष्पा रानी, शिक्षक दीप प्रकाश अग्रवाल, शिक्षिका अर्पणा को शिक्षण कार्यों में लापरवाही एवं रजिस्टर अद्यतन न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को कड़े निर्देश दिये कि विद्यालय परिसर में बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित करने के साथ ही सभी शिक्षक फार्मल ड्रेस में ही शिक्षण कार्य करें तथा कक्षा कक्ष में बच्चों के पढ़नें वाले बैनर लगवाये जायें। जिलाधिकारी ने स्कूल परिसर में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्र को भी देखा एवं प्रधान को निर्देश दिये कि उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री प्रयोग करें एवं मानक के अनुसार ही कार्य कराया जाये।निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु को अवधी समारोह में किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां, सीतापुर। साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु को अवधी समारोह में सम्मानित किया गया। राम उमानाथ बली प्रेक्षागृह लखनऊ में आयोजित इस समारोह के मुख्य अतिथि पवन सिंह चौहान सदस्य विधान परिषद व विशिष्ट अतिथि भाषा विश्व विद्यालय के मुख्य कुलानुशासक नीरज शुक्ला, रायबहादुर मिश्र, स्माइलमैन सर्वेश अस्थाना, नागेन्द्र बहादुर सिंह ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ किया।

नीरज शुक्ला ने बताया भाषा विश्व विद्यालय में अवधी प्रकोष्ठ की स्थापना की है व पवन सिंह ने भी अपने संस्थान में अवधी प्रकोष्ठ स्थापित करने की घोषणा की। इस अवसर पर अवधी शोधग्रंथ अवध अवधी विविध संदर्भ का लोकार्पण किया गया व उसपर परिचर्चा की गईं।इस शोधग्रंथ के संपादक डा शिवप्रकाश अग्निहोत्री ने इस पुस्तक को अवधी राजमार्ग के मील का पत्थर बताया। सभी वक्ताओं ने रामबहादुर मिश्र के अवधी अवदान की भरपूर प्रशंसा की । इस समारोह में नेपाल से आये साहित्यकारों ने मुख्य अतिथि व रायबहादुर मिश्र को सम्मानित किया। श्री मिश्र का जन्मदिन भी मनाया गया व उपस्थित जनों ने उनके यशश्वी दीर्घ जीवन की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी। विख्यात अवधी लोक गायिका कुसुम जीने सोहर गीत प्रस्तुत किया। इसी क्रम में डा अशोक अज्ञानी की अध्यक्षता में आयोजित कवि सम्मेलन में अनीस देहाती, संदीप अनुरागी व सूर्य प्रताप निशिहर जी ने काव्य पाठ किया। कवि सम्मेलन का संचालन अजय प्रधान ने किया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन प्रदीप सारंग ने किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

## ग्राम विकास अधिकारी शैलेंद्र सिंह निलंबित

खैराबाद। ग्राम विकास अधिकारी शैलेंद्र सिंह को आज जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्त के द्वारा ब्लाक खैराबाद की ग्राम पंचायत सराय भाट के ग्राम प्रधान तथा ग्राम पंचायत भगवानपुर के प्रधान के द्वारा डीएम को की गई शिकायत के आधार पर जिला विकास अधिकारी द्वारा की गई जांच में लगाए गए आरोप सही पाए जाने पर ग्राम विकास अधिकारी पर तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई की गई है विदित हो कि जिलाधिकारी सीतापुर को उपरोक्त दोनों ग्राम प्रधानों ने ग्राम विकास अधिकारी शैलेंद्र सिंह पर हैंड पंप मरम्मत और सफाई सामग्री के भुगतान का आरोप लगाया था शिकायत के बाद जिला विकास अधिकारी द्वारा जांच की गई जिसमें आरोप सही पाए जाने पर डीडीओ संतोष नरायण गुप्त ने ग्राम विकास अधिकारी शैलेश सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया ।पधानो बिना संज्ञान में लाये भुगतान का जड़ा था।

# वार्षिकोउत्सव एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन

**छात्रों ने नाट्य ,नाटक गायन, और खेल जैसी विभिन्न सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लिया, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सम्मानित किया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लहरपुर, सीतापुर। बताते चले लहरपुर तहसील क्षेत्र ग्राम पतवारा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मॉडर्न इंटर कॉलेज में वार्षिक उत्सव का सफल आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्रों ने नाट्य ,नाटक गायन, और खेल जैसी विभिन्न सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लिया उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र विश्वकर्मा के द्वारा सम्मानित भी किया गया।

उन्होंने यह भी बताया कि यह कार्यक्रम छात्रों के आत्मविश्वास और टीम भावना को बढ़ाने वाला एक सफल आयोजन रहा जिसे दर्शकों और अभिभावकों ने खूब सराहा इस वार्षिक उत्सव का मुख्य आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास और उनकी प्रतिमा को मंच पर प्रदान करना इस मौके पर विद्यालय को भव्य तरीके से डेकोरेट किया गया कई अनेकोनेक कलाकृतियो के साथ प्रस्तुति की गई इस मौके पर विद्यालय के ''प्रधानाचार्य श्री रविंद्र विश्वकर्मा ''अशोक कुमार सिंह, निशीत चतुर्वेदी प्रवक्ता ,हिमांशु गुप्ता प्रवक्ता, रितेश वर्मा प्रवक्ता, अवधेश कुमार यादव प्रवक्ता, महेंद्र प्रसाद प्रवक्ता ,सुशील कुमार सहायक अध्यापक ,सतीश चंद्र यादव सहायक अध्यापक ,सूरज गुप्ता अभिभावक अनुज कुमार वर्मा राजेश वर्मा अभिभावक रमजान अभिभावक वह विद्यालय के समस्त अध्यापक अध्यापिका वह विद्यालय के छात्र व अन्य लोग इस सफल कार्यक्रम में उपस्थित रहे

## चेतावनी के बाद भी नहीं माने दुकानदार, प्रशासन ने चलाया बुलडोजर



सिधौली। जनपद सीतापुर के सिधौली में अतिक्रमण को लेकर दो दिन पूर्व दुकानदारों को चेतावनी दी गई थी कि वे अपना अवैध निर्माण स्वयं हटा लें। चेतावनी के बावजूद अतिक्रमण न हटने पर आज तहसील प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण ध्वस्त कराया।कार्रवाई एसडीएम राखी वर्मा के नेतृत्व में की गई। मौके पर सीओ सिधौली, कोतवाली प्रभारी, अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव और भारी पुलिस बल मौजूद था। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगापूरी कार्रवाई शांति एवं सुव्यवस्था के साथ संपन्न हुई, जबकि सिधौली व्यापार मंडल इस पूरी कार्रवाई को देखता रह गया। अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे अतिक्रमणों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे

# सिधौली में भगवान परशुराम मंदिर निर्माण को लेकर बैठक सम्पन्न, युवा हो रहे एकजुट

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सिधौली , सीतापुर। प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन के तहत आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि भगवान परशुराम का भव्य मंदिर कस्बा सिधौली स्थित चिंता हरण महादेव मंदिर परिसर में स्थापित किया जाएगा।

विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि मंदिर निर्माण की पहल एवं ज़िम्मेदारी अतुल तिवारी के माध्यम से शुरू की गई, जिसके बाद बड़ी संख्या में युवाओं ने इस अभियान का समर्थन किया। युवाओं द्वारा लगातार मिल रहे सहयोग और जनसमर्थन से मंदिर निर्माण और परशुराम जी की प्रतिमा स्थापना का मार्ग और भी सशक्त हुआ है। आयोजकों ने बताया कि मंदिर निर्माण की तारीख और शिलान्यास का समय जल्द घोषित किया जाएगा। क्षेत्र में परशुराम मंदिर की स्थापना को लेकर लोगों में उत्साह और आस्था दोनों देखने को मिल रही हैं। इस मौके पर बच्चे प्रसाद बाजपेई,मन्नू लाला तिवारी,अतुल तिवारी, दया शंकर त्रिपाठी, शिवम मिश्रा,चन्द्र किशोर तिवारी, सोनू शुक्ला, अमन दीक्षित, अभय अवस्थी, विवेक त्रिवेदी, सुयश प्रताप सिंह, रचित,आयुष, आदित्य यादव, प्रखर त्रिवेदी, नितिन, शिवा त्रिपाठी, सचित दीक्षित,अभय अवस्थी के साथ सैकड़ो की संख्या के लोग मौजूद रहे।

# काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद के उम्मीदवार एडवोकेट शिशिर चतुर्वेदी ने चुनाव प्रचार में झोंकी पूरी ताकत

**अधिवक्ताओं से मुलाकात कर समर्थन मांगा तथा अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की अधिवक्ताओं के सामने एक अमृत संकल्प पत्र के माध्यम से अपनी बातें रखी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद के उम्मीदवार एडवोकेट शिशिर चतुर्वेदी ने अपने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। उन्होंने महराजगंज तहसील के अधिवक्ताओं से मुलाकात कर समर्थन मांगा तथा अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करी। उन्होंने अधिवक्ताओं के सामने एक अमृत संकल्प पत्र के माध्यम से अपनी बातें रखी। आपको बता दे कि, गुरुवार को बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद के उम्मीदवार शिशिर चतुर्वेदी अपने काफिले के साथ महराजगंज तहसील पहुंचे, यहां उन्होंने महराजगंज बार एसोसिएशन महराजगंज एवं तहसील बार एसोसिएशन महराजगंज के पदाधिकारी से मुलाकात कर अपना अमृत संकल्प पत्र देते हुए अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करी। उन्होंने अधिवक्ताओं से कहा कि, अगर वह बार काउंसिल आफ इंडिया का चुनाव जीतते हैं, तो वरिष्ठ अधिवक्ताओं के द्वारा अपना अधिवक्ता लाइसेंस न्यूनतम 65 वर्ष की आयु पर सरेंडर करने पर ?5000 प्रतिमाह पेंशन प्रदान की जाएगी, तथा स्वास्थ्य लाभ के लिए 10 लाख मेडिक्लेम कार्ड से अधिवक्ताओं को सुरक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि, युवा अधिवक्ताओं को बैठने हेतु अनेक योजनाओं पर समुचित कार्य करेंगे और बेहतर सामंजस्य हेतु बार एसोसिएशन व बार के बीच वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता करने का भी कार्य उनके संकल्प में है। शिशिर ने अधिवक्ताओं को बताया कि, प्रदेश भर के अधिवक्ताओं को नए नेतृत्व की तलाश है। 335 प्रत्याशी हैं, सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 8 साल बाद चुनाव हो रहा है। वह लगातार जिले वाइज तहसील एवं कलेक्ट्रेट जा रहे हैं, और अधिवक्ताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं।

इस मौके पर विद्यासागर अवस्थी एडवोकेट, प्रदीप श्रीवास्तव एडवोकेट, सुरेंद्र श्रीवास्तव एडवोकेट, पंकज श्रीवास्तव एडवोकेट, धीरेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट, नागेंद्र सिंह एडवोकेट, अखिलेश श्रीवास्तव एडवोकेट, अध्यक्ष रामसनेही यादव, देवी प्रसाद एडवोकेट, मनीष तिवारी एडवोकेट, विजय शंकर अवस्थी एडवोकेट समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# गौरीफंटा सीमा पर हंगामा: नेपाली युवक की पिटाई के विरोध में बैरियर तोड़कर प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। भारतऽनेपाल सीमा के गौरीफंटा बॉर्डर पर बुधवार को अचानक स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब एसएसबी के जवानों द्वारा एक नेपाली नागरिक के साथ मारपीट किए जाने का आरोप सामने आया। घटना की जानकारी मिलते ही सीमा पर दोनों ओर हलचल बढ़ गई और स्थानीय लोग आक्रोशित हो उठे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गौरीफंटा चेकपोस्ट के पास एक नेपाली युवक को रूटीन जांच के दौरान रोका गया था। इसी दौरान एसएसबी जवानों और युवक के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। आरोप है कि जवानों ने युवक के साथ मारपीट की, जिसकी जानकारी सीमा पार नेपाल के भीमदत्त नगर में तुरंत फैल गई।घटना से नाराज़ होकर नेपाल की ओर मौजूद स्थानीय लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए। इसके बाद भीड़ ने गुस्से में आकर सीमा पर लगे बैरियर को गिरा दिया और भारत विरोधी नारेबाज़ी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। मौके पर नेपाली पुलिस ने हालात संभालने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ देर तक डटी रही।तनाव बढ़ने के चलते दोनों ओर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एसएसबी और स्थानीय पुलिस ने भारतीय सीमा पर अतिरिक्त फोर्स तैनात की है। हालांकि आवागमन पूरी तरह बंद नहीं किया गया, लेकिन चेकिंग बेहद सख्त कर दी गई है।भारतीय अधिकारियों का कहना है कि पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। अगर जवानों की गलती पाई गई तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं नेपाल की ओर के अधिकारी भी अपने स्तर से स्थिति को शांत कराने में लगे हैं।सीमा पर बढ़ते तनाव से दोनों देशों के छोटे व्यापारियों, दैनिक यात्रियों और मजदूरों में चिंता का माहौल है। दोनों ओर लोग शांति व्यवस्था बहाल होने की अपेक्षा कर रहे हैं।

## ठेका सेल्समैन से हथियारों की नोक पर लूट, जांच में जुटी पुलिस

औरंगाबाद, खीरी। कोतवाली मैगलगंज क्षेत्र में बीती रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहाँ देशी शराब ठेके के सेल्समैन को अज्ञात बदमाशों ने लूट लिया। मामला फत्तेपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के कल्लुआ मोती स्थित देशी शराब ठेके से जुड़ा है। घटना रात करीब 10 बजे मुरादपुर गांव की मोड़ पर हुई, जब सेल्समैन दुकान बंद कर घर लौट रहा था।जानकारी के अनुसार, सेल्समैन रोज की तरह दुकान बंद करके वापस जा रहा था कि मुरादपुर मोड़ पर पहले से घात लगाए बदमाशों ने अचानक उसे रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने उसे धमकाकर उससे नकदी और मोबाइल फोन लूट लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।घटना की खबर मिलते ही फत्तेपुर चौकी और मैगलगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने देर रात तक क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया और कई जगहों पर तलाश की, लेकिन बदमाशों के संबंध में कोई महत्वपूर्ण सुराग हाथ नहीं लगा।पुलिस ने पीड़ित सेल्समैन का बयान दर्ज कर लिया है। आसपास के एएड्ढ्ठ कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और स्थानीय लोगों से पूछताछ भी जारी है। पुलिस का मानना है कि बदमाश इलाके से परिचित हो सकते हैं, क्योंकि उन्होंने सुनसान स्थान चयनित किया।इस घटना के बाद क्षेत्र के लोगों और व्यापारियों में दहशत बढ़ गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि रात में गश्त बढ़ाई जाए ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके।

## कमलापुर चीनी मिल के पूर्व कर्मचारियों ने संगठन पदाधिकारियों संग जीएम को सौंपा ज्ञापन, पीएफ भुगतान और पुनर्नियोजन की रखी मांग



सीतापुर । कमलापुर मिल के मजदूर संघ संगठन मंत्री अरुण कुमार तिवारी जी, आशीष कुमार मिश्रा जी, सौरभ शुक्ला, धनंजय मिश्रा, कमलेश अवस्थी, आशीष अवस्थी,राजीव कुमार सिंह, रचित कुमार मिश्रा,सुनील सिंह,कमलेश अवस्थी, अनिल तिवारी, कमलेश रावत, राकेश, अवधेश सिंह, मिलकर पुराने सभी कर्मचारी कमलापुर चीनी मिल पहुंचकर वर्तमान में गन्ना केन जी एम अजीत कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा जिसमें कमलापुर कर्मचारियों ने पूर्व भुगतान पीएफ और वापस कमलापुर चीनी मिल में नौकरी रखने हेतु सभी विषयों पर अपनी बात रखी है।

## जुआ खेलते चार अभियुक्त गिरफ्तार

महोली। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद सीतापुर में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु जनपद पुलिस को वृहद एवम् सघन चेकिंग के लिये निर्देशित किया गया है ।उक्त निर्देशों के अनुपालन के क्रम में थाना महोली पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान जुआ खेलते हुए कुल 04 व्यक्तियों 1.मनोज सिंह पुत्र जिलेदार निवासी चाऊविरवा थाना महोली सीतापुर 2.रोहित उर्फ लक्ष्मन पुत्र सरोज निवासी रेवाना थाना महोली सीतापुर 3.भानू सिंह पुत्र संत बक्श निवासी चाउवीरवा थाना महोली सीतापुर 4.भानू गुप्ता पुत्र श्रीनाथ गुप्ता निवासी उरदौली थाना महोली सीतापुर को कस्बा महोली के पास से गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से मौके से कुल 52 ताश के पत्ते व 4,480/- रु0 बरामद हुए है। उक्त कार्यवाही के सम्बन्ध में थाना महोली पर मु0अ0सं0 498/25 धारा 13 जुआ अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्तगण उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है।

## सिधौली में भगवान परशुराम मंदिर निर्माण को लेकर बैठक सम्पन्न

सिधौली, सीतापुर। प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन के तहत आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि भगवान परशुराम का भव्य मंदिर कस्बा सिधौली स्थित चिंता हरण महादेव मंदिर परिसर में स्थापित किया जाएगा। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि मंदिर निर्माण की पहल एवं ज़िम्मेदारी अतुल तिवारी के माध्यम से शुरू की गई, जिसके बाद बड़ी संख्या में युवाओं ने इस अभियान का समर्थन किया। युवाओं द्वारा लगातार मिल रहे सहयोग और जनसमर्थन से मंदिर निर्माण और परशुराम जी की प्रतिमा स्थापना का मार्ग और भी सशक्त हुआ है। आयोजकों ने बताया कि मंदिर निर्माण की तारीख और शिलान्यास का समय जल्द घोषित किया जाएगा। क्षेत्र में परशुराम मंदिर की स्थापना को लेकर लोगों में उत्साह और आस्था दोनों देखने को मिल रही हैं। इस मौके पर बच्चे प्रसाद बाजपेई,मन्नू लाला तिवारी,अतुल तिवारी समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# एसडीएम ने बीएलओ के साथ बैठक कर भरे गए फ़ार्म के सत्यापन के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। एसआईआर के डिजिटाइजेशन के बाद मैपिंग की प्रगति व भरे गए ए एस डी फार्मों के वास्तविक मिलान को लेकर एसडीएम ने बीएलओ के साथ बैठक कर भरे गए फ़ार्म के सत्यापन के निर्देश दिए। गुरुवार को ब्लाक सभागार में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2025-2026 के अंतर्गत डिजिटाइजेशन कार्यों की प्रगति को लेकर एस डी एम गौतम सिंह व खण्ड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने बीएलओ के साथ समीक्षा बैठक कर एस आई आर फार्म भरने के दौरान अब्सेंट, शिफ्टेड व डेथ (ए.एस.डी.) मतदाताओं की वास्तविक मिलान को लेकर बैठक की।

बैठक के दौरान एसडीएम गौतम सिंह ने बताया कि उच्च स्तरीय टीम द्वारा ऐसे मतदाताओं के घर जाकर रैंडम चेकिंग भी की जा रही है। कस्बे के बूथ संख्या 256 के कई ऐसे मतदाताओं की जांच जिला अभिहीत अधिकारी चेतराम प्रजापति द्वारा की गई है। जिसमें एक एस डी मतदाताओं का सत्यापन सही पाया गया है। विधानसभा बछरावां का एस आई आर शत-प्रतिशत पूर्ण होने के बाद उनकी मैपिंग भी कराई जा रही है। जिसमें करीब 72 प्रतिशत मैपिंग हो गई है। शेष बची मैपिंग को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी / जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार मृतक, डबल, शिफ्टेड मतदाताओं का पारदर्शी सत्यापन कराए जाने को लेकर सम्बंधित बीएलओ से भरे गए फ़ार्मों का मिलान कराया जा रहा। निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुरूप मतदाता सूची एक अत्यंत संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण दस्तावेज है, इसलिए इसमें दर्ज प्रत्येक प्रविष्टि का सही-सही सत्यापन आवश्यक है।

# अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराई, बड़ा हादसा टला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहम्मदी, खीरी। थाना मोहम्मदी क्षेत्र के रेहरिया पुलिस चौकी अंतर्गत गोलाऽमोहम्मदी रोड हाईवे पर सोमवार सुबह एक चार पहिया वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया। अनियंत्रित वाहन रोड किनारे बने डिवाइडर से टकरा गया, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

तेज रफ्तार और वाहन पर नियंत्रण खोने के कारण दुर्घटना गंभीर हो सकती थी, लेकिन डिवाइडर से टकराने के बाद वाहन रुक गया और सभी सवारों की जान बच गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाईवे पर वाहन तेज गति से चल रहा था। अचानक वाहन चालक का नियंत्रण टूट गया और कार लहराते हुए सीधे डिवाइडर से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के समय यदि सड़क पर दूसरे वाहन मौजूद होते तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी।घटना की जानकारी मिलते ही रेहरिया पुलिस चौकी के हेड कांस्टेबल देवेंद्र सिंह, कांस्टेबल अभिषेक कुमार और कांस्टेबल शाह फहद बेग तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया और घायलों को बाहर निकाल कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।मौके पर ग्राम प्रधान ग्रंट साहबगंज सुदेश कुमार और समाजसेवी अमरजीत सिंह भी पहुंचे। दोनों ने पुलिस के साथ मिलकर घायलों को निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाने में सहयोग किया। घायलों का प्राथमिक उपचार जारी है।स्थानीय लोगों ने बताया कि एम्बुलेंस को सूचना दी गई थी, लेकिन हमेशा की तरह इस बार भी एम्बुलेंस समय से नहीं पहुंची। ग्रामीणों का कहना है कि कई घटनाओं में एम्बुलेंस समय पर न पहुंचने के कारण स्थितियाँ बिगड़ जाती हैं। लोगों ने प्रशासन से एम्बुलेंस सेवा में सुधार की मांग की है।पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को क्रेन की मदद से हटवाया और रास्ता साफ कराकर हाईवे पर यातायात बहाल कराया। मामले की जांच की जा रही है, और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वाहन अनियंत्रित कैसे हुआ—तेज रफ्तार, तकनीकी खराबी या चालक की गलती।

# प्रदेश सरकार श्रमिक कामगारों के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से दे रही है सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। प्रदेश सरकार श्रमिको के कल्याण के लिए हर स्तर पर उनकी सहायता कर रही है। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्यों में संलग्न श्रमिकों के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार लाते हुए उनकी सामाजिक सुरक्षा के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण (नियोजन तथा सेवाशर्त विनियमन) नियमावली प्रख्यापित की जा चुकी है तथा उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड का गठन भी किया गया है। प्रदेश के 18-60 आयु वर्ग के निर्माण श्रमिक जो निर्माण प्रक्रिया के कार्यों में एक वर्ष में 90 दिन से अधिक कार्य किए है, ऐसे सभी श्रमिक अधिनियम के अन्तर्गत पंजीयन हेतु पात्र है। उ0प्र0 शासन के द्वारा 40 से अधिक प्रक्रियाएं/कार्य निर्माण कार्यों की सूची में सम्मिलित किये गये है। इन निर्माण कार्यों में बेल्डिंग का कार्य, बढई कार्य, कुँआ खोदना, रोलर चलाना, छप्पर डालने का कार्य, राजमिस्त्री का कार्य, प्लम्बरिंग, लोहार, मोजेक पॉलिश, सड़क निर्माण, मिक्सर चलाने का कार्य, पुताई, इलैक्ट्रिक वर्क, हथौड़ा चलाने का कार्य, सुरंग निर्माण, टाईल्स लगाने का कार्य, कुएं से गाद (तलछट हटाने का कार्य/डिविंग). चट्टान तोड़ने का कार्य, या खनिकर्म, स्प्रे वर्क या मिक्सिंग वर्क (सड़क निर्माण से सम्बद्ध), मार्बल/स्टोन्स वर्क, चौकीदार (निर्माण स्थल पर सुरक्षा प्रदान करने के लिए), चूना बनाना, मिट्टी का काम, (सीमेन्ट कंक्रीट, ईट आदि ढोने का कार्य), एवं स्वचालित सीढ़ी की स्थापना आदि कार्यों के श्रमिक सम्मिलित है। इसी प्रकार सुरक्षा द्वार एवं अन्य उपकरणों की स्थापना का कार्य, मिट्टी, बालू व मौरंग के खनन का कार्य, ईट-भट्ठों पर ईट निर्माण का कार्य, सामुदायिक पार्क या फुटपाथ का निर्माण, रसोई में उपयोग हेतु माडूलर इकाईयों की स्थापना, खिड़की ग्रिल, दरवाजे आदि की गढ़ाई एवं स्थापना का कार्य, मकानों/भवनों की आन्तरिक सज्जा का कार्य, बड़े यांत्रिक कार्य, जैसे-मशीनरी, पुल निर्माण कार्य, अग्निशमन प्रणाली का स्थापना एवं मरम्मत का कार्य, ठंडे एवं गरम मशीनरी की स्थापना और मरम्मत का कार्य, बाढ़ प्रबन्धन व इसी प्रकार के अन्य कार्य से संबंधित सभी कार्य, बाँध, पुल, सड़क का निर्माण या भवन निर्माण के अधीन कोई संक्रिया, स्विमिंग पूल, गोल्फ कोर्स आदि/सहित अन्य मनोरंजन सुविधाओं का निर्माण कार्य, लिपिकीय/लेखा-कर्म (किसी निर्माण अधिष्ठान लिपिक व लेखाकार के रूप में कार्यरत सभी प्रकार के कर्मकार के लिए), सभी प्रकार के पत्थर काटने, तोड़ने व पीसने का कार्य निर्माण कार्यों के अन्तर्गत आते है। इस अधिनियम के अन्तर्गत श्रमिकों के पंजीयन हेतु निर्धारित प्रारूप पर पूर्णतया भरे हुए हस्ताक्षरित आवेदन पत्र के साथ रू0 20/- आवेदन शुल्क तथा रू0 20 /- प्रथम वर्ष का अंशदान श्रमिक को देना पड़ता है। एक बार में 03 वर्ष का अंशदान भी जमा किया जा सकता है और आवश्यक अभिलेख के रूप में 02 पासपोर्ट आकार के फोटो, नियोजन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं बैंक पास बुक की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होता है। प्रदेश में उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार के अन्तर्गत निर्माण श्रमिकों का पंजीयन किया गया है। सभी पंजीकृत श्रमिकों को संबंधित अधिष्ठानों द्वारा रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी प्रकार निर्माण स्थलों/अधिष्ठानों, जहाँ वर्ष में किसी भी दिन 10 या इससे अधिक निर्माण श्रमिक नियोजित है, निर्माण स्थलों/ऐसे अधिष्ठानों का पंजीयन भी अधिनियम के अन्तर्गत अनिवार्य है। रिहायशी भवनों की स्थिति में रू010 लाख से अधिक लागत के भवनों पर ही अधिनियम के प्राविधान लागू होते है। उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम 1996 की धारा-3 द्वारा अधिनियम से आवर्त सभी भवनों एवं सन्निर्माणों के लागत का 01 प्रतिशत धनराशि उपकर के रूप में लिए जाने का प्राविधान है। उपकर के रूप में प्राप्त धनराशि का उपयोग पंजीकृत निर्माण श्रमिकों हेतु संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर व्यय किया जाता है। प्रदेश के निर्माण श्रमिकों के लिए कई योजनाएं संचालित है जिनमें मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना, निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यांगता सहायता योजना, कन्या विवाह योजना, कौशल विकास तकनीकी उन्नयन एवं प्रमाणन योजना, निर्माण कामगार गंभीर बीमारी सहायता योजना, महात्मा गांधी पेंशन योजना, आवासीय विद्यालय योजना, सन्त रविदास शिक्षा सहायता योजना, पं0 दीनदयाल उपाध्याय चेतना योजना, अटल आवासीय विद्यालय योजना, आपदा राहत सहायता योजना प्रमुख है। प्रदेश सरकार इन योजनाओं के माध्यम से लाखों श्रमिक कामगारों एवं उनके परिवारजनों को करोड़ों रूपये की आर्थिक सहायता दे रही है।

# अवैध क्लीनिक पर कार्रवाई के बाद मुकदमे की तैयारी, संचालक भयभीत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। बिनावर क्षेत्र में अवैध क्लीनिक और बिना डिग्री के इलाज करने वाले डॉक्टरों की संख्या लगातार बढ़ जा रही है, इस पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध क्लीनिक पर प्रेक्टिस करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपना लिया है अब ऐसे लोगों पर कार्रवाई के साथ ही मुकदमे भी दर्ज किए जा रहे है। जिससे क्लीनिक संचालक भयभीत है।

बिना लाइसेंस वाले डॉक्टरों के खिलाफ होगी कार्रवाई जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर बिनावर थाना क्षेत्र के मलगांव, बिनावर विजयनगला, बिलाहत रोड़ मौसमपुर में करीब 30 से 35 क्लीनिक संचालित किए जा रहे है इस इलाके के क्लीनिक संचालक खुद को डॉक्टर बताते हैं, लेकिन उनके पास किसी प्रकार की एलोपैथिक इलाज करने की अनुमति नहीं है। नेहा साहू दियोरिजीत रोड़ मलगांव , मिथिलेश शर्मा उर्फ रजनीश शर्मा पंचायत वाली गली मोहम्मदपुर रोड बिनावर, अनीता मोहम्मदपुर रोड,गुड़िया थाने के पास, पुष्पा थाने के पास, दीक्षा भागीरथी स्टेट बैंक के सामने वाली गली में ,सपना शर्मा बिलहट रोड,ममता गोयल बिलहट रोड, नजमा नई बस्ती आदि बिनावर में प्रसव केंद्र अवैध रूप से संचालित कर रही हैं।यह संचालक गर्भ ठहरने से लेकर गर्भपात तक की दवाई देती है।जहां मरीजों के ड्रिप इंजेक्शन लगाकर इलाज कर रहा है जबकि मेडिकल एक्ट के अनुसार क्लीनिक का मानकों के विपरीत संचालन हो रहा है। इन झोलाछाप डॉक्टर के पास चिकित्सा संबंधित कोई प्रमाण पत्र नहीं है झोलाछाप डॉक्टर बेखौफ होकर भारी संख्या में मरीजों का ड्रिप,इंजेक्शन लगा कर जान से खिलवाड़ कर रहे हैं ऐसे झोलाछाप डॉक्टर भोली भाली जनता से मनमानी रकम वसूल रहे हैं। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कार्रवाई के लिए कमर कस ली है, वहीं झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ टीम एक्शन मोड में आ गई है धरपकड़ शुरू हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के बगैर अनुमति के संचालित हो रही क्लीनिक श्री राधा वल्लभ नाम से ग्राम पंचायत मलगांव में एक क्लीनिक संचालित हो रही सूत्रों से मिली जानकारी में पता चला है कि क्लीनिक संचालिका पर कोई डिग्री डिप्लोमा नहीं है, बुधवार को क्लीनिक पर स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची तो वह क्लीनिक बंद करके फरार हो गई। जबकि लगभग 3 सालों से अपनी क्लीनिक बिनावर ,मलगांव चला रही है यह संचालिका नॉर्मल डिलीवरी,गर्भ ठहरने से लेकर गर्भपात तक की दवाई देती है।जहां मरीजों के ड्रिप इंजेक्शन लगाकर इलाज कर रही है जबकि मेडिकल एक्ट के अनुसार क्लीनिक का मानकों के विपरीत संचालन हो रहा है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रामेश्वर मिश्र ने बताया है बिना अनुमति के कोई क्लीनिक संचालित पाई जाती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# पंचायत सचिवों के सत्याग्रह आंदोलन ने पकड़ी रफ़्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। ग्रामीण विकास व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले ग्राम पंचायत सचिवों का सत्याग्रह आंदोलन बदायूं जनपद में अब और तेज हो गया है। भत्तों में बढ़ोतरी, संसाधनों की उपलब्धता और कार्य परिस्थितियों में सुधार को लेकर कई सप्ताह से चल रहे इस आंदोलन ने बुधवार को तीसरे चरण में प्रवेश किया, जो अब पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। पहले भी उठ चुकी हैं मांगें ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली और अत्यधिक फील्डवर्क के बोझ को लेकर जोरदार आपत्ति जता रहे हैं, जिले के कई ब्लॉकों में सचिवों ने यह भी कहा था कि उनके पास पर्याप्त वाहन भत्ता, नहीं है। ल्लसचिवों पर सभी योजनाओं का भार और जिम्मेदारी तो बढ़ती जा रही है, लेकिन सुविधाएँ वर्षों से जस की तस हैं।ङ्क सचिवों को राजस्व, विकास, आवास, शौचालय, पेंशन,मनरेगा, बजट, पोर्टल एंट्री–सब कुछ स्वयं ही संभालना पड़ रहा है, जिससे सरकारी कार्य की गति भी प्रभावित हो रही है। तीसरे चरण में अद्भुत एकजुटताः साइकिल, टिर्री, रोडवेज और डग्गामार वाहनों से पहुंचे क्षेत्र आंदोलन का तीसरा चरण बुधवार से प्रारंभ हुआ, जिसके तहत बदायूं जनपद के सभी सचिवों ने निर्णय लिया कि अब वे यंत्र चालित निजी वाहनों का उपयोग बिल्कुल नहीं करेंगे। बाइक की जगह बुधवार को विभिन्न ब्लॉकों में सचिव–साइकिल,टिर्री, रोडवेज बस, डग्गामार वाहनों से अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में पहुँचे।यह दृश्य पूरे जिले में एक प्रतीकात्मक संदेश बन गया–ल्लजब सरकार वाहन भत्ता नहीं बढ़ाएगी तो सचिव खुद भी निजी वाहन नहीं चलाएंगे।ङ्क ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने भी सचिवों के इस शांतिपूर्ण और रचनात्मक विरोध को सराहा। कई लोगों ने कहा कि सचिवों का यह कदम ल्लबिना शोर, बिना टकराव–शांतिपूर्ण तरीके से अपना दर्द कहने का सबसे प्रभावी तरीका है।ङ्क सचिवों की समन्वय समिति का कहना है कि ल्लग्रामीण विकास के लक्ष्य सचिवों के माध्यम से ही पूरे होते हैं, इसलिए सचिवों की कार्य सुविधा को मजबूत करना जरूरी है।ङ्क शांतिपूर्ण सत्याग्रह, लेकिन आवाज मजबूत बदायूं समन्वय समिति ने स्पष्ट किया है कि जनहित से जुड़े कार्य बिल्कुल भी प्रभावित नहीं होंगे। समिति के पदाधिकारी विशाल पटेल, अवधेश शाक्य, रीना पाठक, नदीम हुसैन, रमेश पाल, अजय पाल, अमोल पाराशर, गुलबहार, नवीन शर्मा, रामौतार पाल, प्रवीण पांडे ने कहा–ल्लयह आंदोलन सरकार से टकराव नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और कार्य- परिस्थितियों में सुधार की मांग है। हम सभी सचिव शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक और अहिंसक तरीके से सत्याग्रह को आगे बढ़ा रहे हैं।ङ्क उन्होंने बताया कि यह चरण आगे भी जारी रहेगा।

# सच्चा स्काउट निस्वार्थ सेवा से कभी पीछे नहीं हटता : शैलेंद्र सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**वर्दी पहनते ही स्काउट अपने कंधों पर उठाता है देशभक्ति, अनुशासन और सदाचार की जिम्मेदारी**

बदायूँ। विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में त्रिदिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। प्राकृतिक आपदाओं से निपटने, सीमित संसाधनों में सुव्यवस्थित जीवन जीने, राष्ट्रध्वज को सम्मान से फहराने के नियम, स्काउटिंग आंदोलन नियम प्रतिज्ञा के अलावा जल, जंगल और जमीन से प्राप्त बहुमूल्य संपदा का सही उपयोग करने आदि की ट्रेनिंग दी गई प्रधानाचार्य शैलेंद्र यादव ने स्काउट ध्वज फहराया उन्होंने कहा कि स्काउटिंग केवल एक प्रशिक्षण नहीं, बल्कि ऐसा संस्कार है जो व्यक्ति के भीतर कर्त्तव्य, अनुशासन, राष्ट्रप्रेम और मानव सेवा का भाव जगाता है। उन्होंने कहा कि एक सच्चा स्काउट वही है जो कठिन परिस्थितियों में भी दूसरों की सहायता करने से पीछे न हटे। स्काउटिंग हमें सिखाती है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है, और समाज की सेवा करना ही जीवन का सर्वोच्च धर्म है। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि आज देश को ऐसे युवा चाहिए जो न केवल पढ़ाई में आगे हों बल्कि चरित्र, निष्ठा और सेवा-भाव में भी उदाहरण बनें। जब कोई बच्चा स्काउटिंग की वर्दी पहनता है तो वह केवल कपड़ा नहीं पहनता, बल्कि देशभक्ति, अनुशासन और सदाचार की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाता है। हमें जहां भी कोई व्यक्ति संकट में दिखे, प्रकृति संकट में हो या समाज में किसी को मदद की आवश्यकता हो स्काउट को सबसे पहले आगे बढ़कर सेवा का हाथ बढ़ाता है। यही सच्चा राष्ट्रधर्म है विद्यालय के संस्थापक अतर सिंह यादव ने शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि? स्काउट का जीवन सेवा, सतर्कता और समर्पण पर आधारित होता है। हमें समाज में फैली समस्याओं, असमानता, अशिक्षा, पर्यावरण संकट के समाधान के लिए हमेशा तैयार रहता है। बच्चे पेड़ लगाना, यातायात नियमों का पालन करना, रक्तदान के लिए प्रेरित करना या किसी जरूरतमंद की सहायता करना शुरू करते हैं, तभी एक सशक्त राष्ट्र की नींव मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी यदि स्काउटिंग की भावना को अपने जीवन में उतार ले, तो भविष्य में कोई भी चुनौती देश को रोक नहीं सकती। सेवा ही सच्ची पूजा है और राष्ट्रप्रेम ही सबसे बड़ा गौरव है। स्काउट गाइड को प्राकृतिक आपदाओं से स्वयं को तैयार रखने के अलावा बायां हाथ मिलाना, सैल्यूट, ड्रिल आदि की ट्रेनिंग दी गई। इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक राजीव कुमार, रईस अहमद सुधीर कुमार सिंह, राजेश भारती, किरन सागर, गार्गी जैन, रिंकी यादव, मंजू यादव, खुशबू वर्मा, शिवानी आदि मौजूद रहीं।

## स्कूली बैंड की धुन पर स्काउट गाइड कैंप का शुभारंभ

शिकारपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मां भगवती इंटरनेशनल स्कूल में स्कूली बैंड की धुन पर तीन दिवसीय हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड कैंप का शुभारंभ किया गया। इस दौरान स्काउट गाइड को विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। बृहस्पतिवार को हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड कैंप का छात्रों द्वारा स्कूली बैंड पर बजाई गई धुन के बीच ध्वजारोहण और उसके बाद स्काउट गाइड प्रतिज्ञा का उच्चारण कर कैंप का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षकों द्वारा स्काउट गाइड को प्राथमिक उपचार, गांठे लगाने, टोली प्रणाली, अनुशासन एवं नेतृत्व कौशल, पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन में काम करने का प्रशिक्षण दिया गया। कैंप में प्रबंधक कपिल सिंघल, पूर्वी सिंघल, प्रधानाचार्य सतीश कुमार और अन्य शिक्षक शिक्षिका भी शामिल रहे।

## पोस्टर प्रतियोगिता में मानवाधिकार के उद्देश्यों को उकेरा

शिकारपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने मानवाधिकार के उद्देश्यों को उतारते हुए अपनी भावनाओं का इजहार किया। पोस्टर प्रतियोगिता में अनेक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से इकरा परवीन के पोस्टर को प्रथम स्थान पर चुना गया। महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार के उद्देश्यों के बारे में छात्रों द्वारा बनाए गए पोस्टर जिनमें लोगों को अधिकारों के प्रति जागरूक करने, समानता व न्याय की भावना को बढ़ावा देने, संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों को समाज में उचित रूप से लागू कराने एवं नागरिकों को उनके अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने आदि से संबंधित भावनाओं को उतारा गया। पोस्टर प्रतियोगिता में इकरा परवीन को प्रथम, शालू कुमारी को द्वितीय और मोहित कुमार को तीसरे स्थान पर चुना गया। प्रतियोगिता में निशी शर्मा, ईशु गौतम, श्वेता राघव, भावना शर्मा और अर्चना आदि प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल में प्राचार्य डॉक्टर ललित कुमार गुप्ता, डॉक्टर जितेंद्र कुमार, डॉक्टर हेमा राघव, डॉक्टर काजल तोमर, श्रीमती हिरदेश राजपूत और गुणेश कुमार आदि शामिल रहे।

## मुख्यमंत्री की सुरक्षा हेतु बड़ी संख्या में बदांयू से पुलिस फ़ोर्स बरेली रवाना

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल बरेली के दौरे पर थे। उनकी सुरक्षा के लिए कड़े बंदोबस्त किए गए। बदायूं से 1000 से अधिक पुलिस कर्मी सुरक्षा में तैनात किए गए। एसएसपी ने रवानगी से पहले सभी जवानों को ब्रीफ किया, ताकि ड्यूटी के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। सीएम की सुरक्षा में यह रहेंगे तैनात। 06 एएसपी, 15 सीओ, 50 इंस्पेक्टर, 200 सब– इंस्पेक्टर, 820 हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल, 120 महिला पुलिसकर्मी तैनात हैं। पीएसी और जिला पुलिस की टीमें भी लगातार क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रही हैं। शहर को एक कंट्रोल ज़ोन में रखा गया है, और हर कदम पर पुलिस की निगरानी है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर 3:05 बजे त्रिशूल एयरपोर्ट पहुंचे। वह सर्किट हाउस में मंडलीय समीक्षा बैठक करेंगे विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की भी समीक्षा करेंगे।

## नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम में छात्रों ने लिया नशे से दूर रहने का संकल्प

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजकीय इन्टर कॉलेज बदायूं में गुरुवार को नशा मुक्ति व तंबाकू निषेध युवा अभियान 3.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से उपस्थित छात्रों को नशा एवं तंबाकू से मुक्ति के प्रति जागरुक किया गया। छात्रों को जागरूक किया गया कि सिगरेट, बीड़ी और अन्य तंबाकू उत्पादों के सेवन को छोड़ना स्वास्थ हित में है तथा जानलेवा बीमारी जैसे कैंसर से दूरी बनाये रखने में सहयोगी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा समस्त उपस्थित छात्रों एवं शिक्षकों को संकल्प दिलाया गया कि मैं गंभीरता से प्रतिज्ञा करता हूं कि मैं सिगरेट, बीड़ी, और अन्य तंबाकू उत्पादों सहित सभी प्रकार के तंबाकू उत्पादों का सेवन छोड़ूंगा तथा अपने आस–पास उन लोगों का समर्थन और प्रोत्साहन करूंगा जो तंबाकू छोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान सर्वश्रेष्ठ तीन छात्रों अमन, हर्षित और कुनाल को प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ0 मो0 इलियाज, पवन शर्मा एवं पुष्पेंद्र कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक व छात्र मौजूद रहे।

## 77वें स्थापना दिवस समारोह का हुआ आयोजन

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग बदायूं के तत्वाधान में पीआरडी विभाग का 77वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम, बहेड़ी(बदायूं) में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। परेड का मान प्रणाम मुख्य अतिथि श्री यावर अब्बास जिला पंचायत राज अधिकारी बदायूं एवं श्री अमित रिछारिया जिला क्रीड़ा अधिकारी बदायूं तथा हरिप्रेम जिला युवा कल्याण अधिकारी बदायूं द्वारा किया गया। परेड में प्रथम स्थान टोली नंबर 1तथा द्वितीय स्थान टोली नंबर 2 द्वारा प्राप्त किया गया। कबड्डी में टोली 3 विजेता तथा रस्साकसी में विजेता टोली नंबर 3 ने प्राप्त किया। मुख्य अतिथि द्वारा जवानों का परेड प्रदर्शन एवं टर्न आउट उच्च कोटि का बताया तथा सभी जवानों को ड्यूटी के प्रति सजग एवं स्वस्थ रखने हेतु मुख्य अतिथि द्वारा आशा व्यक्त की गई। परेड में मुख्य परेड कमांडर विकास नारायण शर्मा बीओ पीआरडी जगत टोली नंबर 1 के कमांडर अनुज कुमार बीओ पीआरडी सहसवान तथा द्वितीय टोली के परेड कमांडर विशाल पाल तृतीय टोली के कमांडर श्री मनोज कुमार तथा चतुर्थ टोली कमांडर हिम्मत सिंह रहे।कार्यक्रम के प्रभारी श्री रंजीत सिंह क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रंजीत सिंह द्वारा किया गया। मंच का संचालन पंकज शर्मा द्वारा किया गया इस अवसर पर कांति प्रसाद एवं नरेंद्र कुमार क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी की उपस्थिति रही।

## मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में अमेठी जनपद तीसरे स्थान पर पहुंचा

अमेठी । मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की माह नवम्बर की रैंकिंग में जनपद अमेठी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है ।यह उपलब्धि जिलाधिकारी संजय चौहान एवं मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह द्वारा शासन की सभी लाभार्थीपरक एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं के सतत अनुश्रवण, समीक्षा एवं प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद में संचालित सभी योजनाओं की विभागवार, योजनावार एवं सूचकांक–आधारित विस्तारपूर्वक समीक्षा की जाती है। उनके निर्देशानुसार प्रत्येक विभाग को लक्ष्य–आधारित कार्ययोजना पर कार्य करने, प्रगति की सतत निगरानी सुनिश्चित करने तथा लाभार्थियों को समय पर योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया जा रहा है। निरंतर समीक्षा एवं फील्ड स्तर पर निरीक्षण से योजनाओं की प्रगति में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। सीडीओ ने बताया कि शासन की प्रत्येक योजना का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण लाभ पहुंचाना है। उन्होंने निर्देशित किया कि जो भी नागरिक सरकार की किसी योजना की पात्रता श्रेणी को पूर्ण करता हो उसे नियमानुसार लाभ उपलब्ध कराया जाय तथा किसी भी लाभार्थी को योजना का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई न होने पाये। जिला प्रशासन इस विषय में सदैव तत्पर एवं संवेदनशील है ।जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के समन्वित नेतृत्व, विभागीय टीमवर्क और योजनाओं के प्रभावी अनुसरण के परिणामस्वरूप जनपद अमेठी ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर लगातार अपनी रैंकिंग में सुधार किया है ।

# 13 दिसम्बर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**लोक अदालत की प्रक्रिया सहज एवं सुलभ और आपसी समझौते पर आधारित**

बदायूँ। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिव कुमारी ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के माध्यम से प्राप्त निर्देशों के क्रम में मा0 जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूँ के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप 13 दिसम्बर 2025 शनिवार को पूर्वान्ह 10:00 बजे से जनपद न्यायालय परिसर बदायूँ में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन मा0 जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ विवेक संगल की अध्यक्ष में किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

उन्होंने बताया कि 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में आकर लाभ पक्षी के मध्य आपसी सुलह समझौते के आधार पर विवाद का निस्तारण, पक्षकार व्यक्तिगत स्तर पर स्वयं पहल कर सकता है। लोक अदालत में निस्तारण हेतु किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं है, सिविल प्रकृति को लंबित मामलों के लोक अदालत में आपसी सुलह के आधार पर निस्तारित वाद पर न्याय शुल्क की वापसी की व्यवस्था, लोक अदालत में निर्णय के विरुद्ध कोई अपील नहीं कानूनी जटिलताओं से परे लोक अदालत की प्रक्रिया सहज एवं सुलभ और आपसी समझौते पर आधारित होती है।

इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सिविल प्रकृति के वाद, अपराधिक शमनीय वाद राजस्व वाद धारा 138 पराक्रमय लिखत अधिनियम, बैंक वसूली वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वादों, श्रम वादों, भूमि अधिग्रहण वादे विद्युत, जल कर एवं दूरसंचार बिल के विवाद, एन0आई0 एक्ट, विधवा पेंशन योजना विकलांग पेंशन योजना आदि सहित ऐसे विवाद जो अभी तक न्यायालय के समक्ष नहीं आये हैं। उन्हें भी बाद पूर्व सुनवाई (प्री-लिटीगेशन) स्तर पर निस्तारित कराया जा सकता है।

उन्होंने इस सन्दर्भ में जनपद के सभी जनसामान्य एवं वादकारीगण से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस राष्ट्रीय लोक अदालत में समय से उपस्थित होकर अपने-अपने वादों व विवादों को निस्तारित करवाकर दिनांक 13 दिस्म्बर 2025 को आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

# सपा सांसद आदित्य यादव ने बिजनौर मुरादाबाद मार्ग चौड़ीकरण की मांग, जाम से मिलेगी निजात

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। लोकसभा में शीतकालीन सत्र के दौरान सपा सांसद आदित्य यादव ने गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र बदायूं - मुरादाबाद व बदायूं- बिजनौर मार्ग के चौड़ीकरण व नगर पंचायत वजीरगंज,नगर पालिका बिसौली तथा नगर पालिका बिल्सी में बाईपास के निर्माण के संबंध में अपनी बातों को रखा। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से कहा कि अपने लोकसभा क्षेत्र बदायूं के एक गंभीर विषय पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। मेरे लोकसभा क्षेत्र बदायूं में दो मुख्य मार्ग हैं जो एक बदायूं से मुरादाबाद के लिए तथा दूसरा मुख्य मार्ग बदायूं से बिजनौर को जाता है। बदायूं से मुरादाबाद के रास्ते में नगर पंचायत वजीरगंज तथा नगर पालिका बिसौली पड़ती है। जहां पर बहुत घनी आबादी है। उसी प्रकार बदायूं - बिजनौर मार्ग पर एक नगर पालिका बिल्सी है इन दोनों ही मुख्य मार्गों पर बड़े कस्बे पड़ते हैं उन्होंने यहां पर बहुत जाम की बड़ी समस्या रहती है। अगर नगर पंचायत वजीरगंज, नगर पालिका बिसौली और नगर पालिका बिल्सी में बाईपास का निर्माण होता है तो जाम की समस्या तथा बच्चों को स्कूल जाने में आसानी होगी इन दोनों ही मार्गों पर वाहनों का आवागमन बहुत अधिक है जिस कारण समय-समय पर यहां पर एक्सीडेंट होते हैं। कुछ ही समय पहले इस मार्ग पर एक ही गांव के पांच लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी।इसीलिए इन सभी घटनाओं को ध्यान में रखते हुए इन मार्गों का चौड़ीकरण और नए बाईपास का निर्माण जनहित में अत्यंत आवश्यकता है।

# भोजन–पानी की तलाश में गांव के जंगल से शहर में पहुंच रहे बंदर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। जंगलों में लगातार कम हो रहे भोजन व खेतों में खाने बाली फसलें ना होने के कारण बंदरों का झुंड बड़ी संख्या में गांवों से होकर शहर की ओर रुख कर रहे हैं। शिवशक्ति नगर निवासी पूर्व प्रधानाध्यापक अयोध्या प्रसाद शर्मा से चर्चा करने पर उन्होंने कहा पिछले कुछ समय से बदायूं क्षेत्र की कई घटनाओं में बंदरों द्वारा लोगों पर अचानक झपटने व उन्हें घायल करने की घटनाओं में खासी वृद्धि हुई है वहीं चन्द्र पाल सिंह राठौर का कहना है कि बंदरों के झुंड घरों के आसपास मंडराते रहते हैं और मौका मिलते ही रसोई के पास रखी वस्तुएं, फल-सब्जियां और अन्य खाद्य सामग्री उठा ले जाते हैं। बालरोग विशेषज्ञ डॉ शरद गुप्ता ने कहा कि यदि किसी के घर के भीतर के खिड़की-दरवाजे थोड़े भी खुले रह जाएं तो बंदर घुसकर सामान बिखेर देते हैं। इससे न सिर्फ नुकसान होता है, बल्कि घर में छोटे बच्चे भी भयभीत रहते हैं। डॉ आशीष सारस्वत का कहना है कि बंदरों ने उनके अस्पताल में आने वाले कई मरीजों के वाहनों को भारी नुकसान पहुंचाया है। इनके पकड़ने के इंतजाम नहीं हैं। वहीं मोहल्ले के अस्पतालों ओर आने वाले मरीजों के तीमारदारों का कहना है कि खेतों की रखवाली के लिए किसानों को अतिरिक्त समय लगाना पड़ रहा है। यदि शेष नगर कि बात कि जाये तो शहर के विरबा बाड़ी, नगला मंदिर हरप्रसाद मंदिर सहित अन्य कई मंदिरों पर बंदरों का आतंक है श्रृद्धालुओं के हाथ से पूजा की सामिग्री तक बंदर झपट कर ले जाते हैं। वहीं खुली भगवान की प्रतिमाओं पर भी अगर ना देखे तो गंदगी कर जाते हैं। वन विभाग के अधिकारियो का कहना है स्थिति पर नजर बनाए हुए है। जल्द ही विशेष अभियान चलाकर बंदरों की धर-पकड़ की जाएगी। टीम तैयार की जा रही है और प्रभावित गांवों सहित शहर में जल्द कार्रवाई शुरू होगी।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस वे की सर्विस लाइन पर हुआ हादसा, चालक घायल



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बलदीराय/सुल्तानपुर। हलियापुर थानाक्षेत्र अंतर्गत ,पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के माइलस्टोन 83 के पास सर्विसरोड पर गुरुवार सुबह एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पुलिया में टकरा गई। जिसमे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार हलियापुर थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के सर्विस रोड पर गुरुवार लगभग ग्यारह बजे तिरहुत बाजार की तरफ से आ रही कार चालक के मोबाइल फोन पर बात करते समय अनियंत्रित होकर काकंरकोला मोड़ के पास सर्विस लाइन पर बनी पुलिया से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। जिसमे कार सवार उमेश मौर्य पुत्र ओमप्रकाश मौर्या निवासी नारायनपुर थाना अदिलाहद जनपद मिर्ज़ापुर घायल हो गए । जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से एम्बुलेंस 108 द्वारा इलाज हेतु सौ शैय्या पिठला कुमारगंज जनपद अयोध्या ले जाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार चल रहा है। इस संबंध में जानकारी करने पर थानाप्रभारी वंदना अग्रहरि ने बताया कि कार को कब्जे में लेते हुए घायल चालक को इलाज हेतु सौ शैय्या भेजा गया है जहां इलाज चल रहा है।

# नीति आयोग के निदेशक ने विभिन्न योजनाओं का किया स्थलीय निरीक्षण

**आकांक्षात्मक विकास खण्ड बाजार शुकुल में विभागवार सूचकांकों की गहन समीक्षा कर कम प्रगति वाले बिंदुओं में सुधार हेतु निर्देश दिया**



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी । नीति आयोग भारत सरकार के निदेशक आईएएस मोहम्मद जुबैर अली हाशिम ने आकांक्षात्मक विकास खण्ड शुकुल बाज़ार का व्यापक भ्रमण एवं समीक्षा बैठक की। सर्वप्रथम विकास खण्ड सभागार शुकुल बाज़ार में विकास विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, जल निगम, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, बेसिक शिक्षा विभाग तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग के जनपद एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में आकांक्षात्मक विकासखंड के सूचकांकों पर विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई तथा कम प्रगति वाले बिंदुओं पर विशेष चर्चा कर उनके सुधार हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए गए। निदेशक द्वारा सभी विभागों से उनकी समस्याओं, अवरोधों तथा समाधान संबंधी आवश्यक बिंदुओं की जानकारी भी प्राप्त की गई तथा आश्वस्त किया गया कि इन विषयों को भारत सरकार व राज्य सरकार के संज्ञान में लाकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।विकास विभाग,कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग,बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, जल निगम,बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग की समीक्षा की गई।नीति आयोग के निदेशक ने आंगनबाड़ी केंद्र व कम्पोजिट विद्यालय हुसैनपुर का निरीक्षण किया गया।इसके बाद ग्राम पंचायत दारानगर में संचालित ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना और आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया गया। नीति आयोग के निदेशक मोहम्मद जुबैर अली हाशिम ने निर्देशित किया कि पात्र परिवारों को शासन की समस्त महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित कराना सुनिश्चित किया जाय तथा कोई भी पात्र लाभार्थी वंचित न रहने पाये। पूरे भ्रमण के दौरान निदेशक ने विभागों को स्पष्ट निर्देश दिया कि आकांक्षात्मक विकास खण्ड के सूचकांकों में तेजी से सुधार लाया जाय और विभागीय समन्वय को सुदृढ़ किया जाय।लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ त्वरित रूप से पात्रों तक पहुंचाया जाय तथा स्थलीय निरीक्षण, निगरानी एवं समाधान केंद्रित कार्यशैली को प्राथमिकता प्रदान की जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे कांड, सीसीटीवी रूम से चल रहा था ब्लैकमेलिंग का डर्टी सिंडिकेट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



**डिप्टी मैनेजर के मोबाइल से मिले 10 आपत्तिजनक वीडियो**

सुलतानपुर। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर कपल्स के प्राइवेट वीडियो रिकॉर्ड कर ब्लैकमेलिंग करने का बड़ा रैकेट सामने आया है। एंटी ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (एटीएमएस) के डिप्टी मैनेजर आशुतोष सरकार के मोबाइल से पुलिस को करीब 10 कपल्स के आपत्तिजनक वीडियो मिले हैं। ये वीडियो एक्सप्रेस-वे पर कार में बैठे कपल्स से लेकर खेतों तक के हैं। ढाई साल से चल रहा था सिंडिकेट, सीसीटीवी रूम बना था ब्लैकमेलिंग का अड्डा पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि हलियापुर टोल प्लाजा पर एटीएमएस का पूरा गैंग काम कर रहा था। सीसीटीवी कैमरे 500 मीटर तक फोकस कर लेते थे। सुनसान जगहों पर कार रोकने वाले कपल्स को कैमरे से जूम कर रिकॉर्ड किया जाता। वीडियो सर्वर से डिलीट कर मोबाइल पर भेज दिए जाते। मौके पर पहुंचकर ब्लैकमेल कर कैश वसूला जाता। वीडियो काटने और मोबाइल पर भेजने के लिए एक प्राइवेट व्यक्ति रखा गया था, जिसे प्रति वीडियो 300 रुपए मिलते थे। उसकी तलाश जारी है। दो दोस्तों की लड़ाई ने खोला पूरा राज डिप्टी मैनेजर आशुतोष सरकार और ट्रैफिक मैनेजर शशांक शेखर इस रैकेट के मास्टरमाइंड बताए जा रहे हैं। दोनों के बीच वीडियो से कमाई गई रकम के बंटवारे को लेकर झगड़ा हुआ और दोस्ती टूट गई। इसी विवाद के बाद आजमगढ़ के कपल का प्राइवेट वीडियो वायरल हो गया, जिससे पूरा मामला खुलकर सामने आया। ड्राइवर को दिया था वीडियो, वहीं से हुआ वायरल पूछताछ में पता चला है कि शशांक ने वह वीडियो एक ट्रक ड्राइवर को दिया था। यही वीडियो सोशल मीडिया पर फैल गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनोंकर्मी रोजाना ऐसे वीडियो दूसरों को दिखाते थे। बीते ढाई साल में कई गांवों की महिलाओं व लड़कियों के वीडियो भी वायरल हुए थे।

**एक फरार, एक गिरफ्तार-लग्जरी लाइफ ने बढ़ाए शक**

शशांक शेखर अभी फरार है; पुलिस उसकी लोकेशन ट्रेस कर रही है। आशुतोष सरकार को गिरफ्तार कर लिया गया है। आशुतोष की सैलरी सिर्फ 20 हजार रुपए थी, लेकिन उसकी लाइफस्टाइल शानदार थी। महंगे मोबाइल, ब्रांडेड कपड़े, राइडर बाइक, पार्टी-कल्चर, लखनऊ तक शराब पार्टियों का शौक। बीते डेढ़ साल में उसने 3 लाख की जमीन खरीदी और हाल ही में शादी भी की।

**कैसे पकड़ा गया सिंडिकेट**

टोल प्लाजा के कंट्रोल रूम में ही यह खेल चलता था। 341 किमी लंबे एक्सप्रेस-वे की 247 निगरानी यहीं होती है और फुटेज निकालने की एक्सेस भी सिर्फ 3 लोगों को थी। जिनमें आशुतोष भी शामिल था। यदि दोनों अधिकारियों में विवाद न होता, यह गंदा खेल शायद अभी भी जारी रहता।

# हवा में लहलहा रहे बैनर,भटक रहे किसान,धान क्रय केंद्र प्रभारी गायब

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर मंडी में लगे खाद्य विभाग के चतुर्थ धान क्रय केंद्र पर नहीं सुधर रही धान खरीद व्यवस्था किसान परेशान**

पूरनपुर। जपनद के जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह द्वारा लगातार मण्डी में लगे धान क्रय केंद्रों पर किसानो के धान तुलवाने की बात कह रहे हो लेकिन धन कर केंद्र प्रभारी अपनी मनमानी पर उतारू है।जिससे किसानो का धान नहीं तुल रहा है। पूरनपुर मंडी में लगे धान क्रय केंद्र का कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है।किसानों का आरोप है।कि सेंटर इंचार्ज अक्सर गायब रहती है।केंद्र को छोड़ कर अक्सर मंडी गेट पर खड़ी नजर आती है। सेंटर इंचार्ज के गायब रहने से धान की तौल नहीं हो पा रही है। इससे किसानों में आक्रोश देखा जा रहा है। किसानों ने राजकीय धान क्रय केंद्र की व्यवस्था सुधरवाने की मांग की है। किसानों को धान की फसल का समर्थन मूल्य दिलाने के लिए जिला अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह काफी प्रयास कर रहे हैं। क्रय केंद्र पर धान न तौलकर किसानों को टरकाने और मनमानी करने वाले सेंटर इंचार्जों पर विभाग कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं ला रहा है।मंडी के क्रय केंद्र प्रभारी द्वारा की जा रही मनमानी का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। कृषि उत्पादन मंडी समिति में लगे खाद्य विभाग धान क्रय केंद्र चतुर्थ की केंद्र प्रभारी शाइस्ता अक्सर गायब रहती हैं। आरोप है। कि सेंटर इंचार्ज की मनमानी के चलते किसानों को धान तुलवाने के लिए धान क्रय केंद्र के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। धान क्रय केंद्र पर तौल न होने से किसानों को मजबूरन व्यापारियों के हाथ औने पौने दाम में धान बिक्री करना पड़ रहा है। फसल का बाजिब दाम कामन प्रति कुंतल 2369 व ग्रेड ए 2389 प्रति कुंतल न मिलने से किसान काफी परेशान हैं।इस मामले में डिप्टी आरएमओ विजय कुमार शुक्ला से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नाटरीचेबल बोल रहा था।


# इन्हौना पुलिस ने चोरी और मादक पदार्थो की बिक्री से अर्जित की गई कार किया जब्त

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




तिलोई अमेठी । थाना इन्हौना पुलिस ने शातिर अपराधी मोहम्मद वकील द्वारा चोरी एवं मादक पदार्थों के अवैध संव्यवहार से अर्जित की गई महिन्द्रा एक्सयूवी कार 300 जब्त कर ली गई है जिसकी कीमत साढ़े सात लाख रुपया बताई जाती है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में गुरुवार को यूपी गैंगस्टर एक्ट थाना इन्हौना जनपद अमेठी के मोहम्मद वकील पुत्र स्वर्गीय शरीफ निवासी कुरैशी मोहल्ला मकान संख्या 123 थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी द्वारा चोरी एवं एनडीपीएस एक्ट (मादक पदार्थों के अवैध संव्यवहार) से अर्जित की गई साढ़े सात लाख रुपये की सम्पत्ति कार महिन्द्रा एक्सयूवी 300 यूपी 32 एन ए 1564 को थाना इन्हौना जनपद अमेठी पुलिस द्वारा जब्त किया गया। थाना इन्हौना के थानाध्यक्ष विवेक सिंह ने बताया कि उक्त सम्पत्ति शातिर अपराधी द्वारा चोरी एवं एनडीपीएस एक्ट (मादक पदार्थों के अवैध संव्यवहार) से अर्जित की गई थी एवं अपने परिजनों के नाम से बनाई गई थी। उन्होंने बताया कि मोहम्मद वकील एक शातिर अपराधी है जो गैंग लीडर के रूप में अपने साथियों के साथ मिलकर आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिये चोरी, मादक पदार्थों के अवैध संव्यवहार एवं समाज विरोधी क्रिया कलापों में संलिप्त है जिसके विरुद्ध जनपद के विभिन्न थानों पर चोरी, एनडीपीएस एक्ट व गैंगस्टर एक्ट में अभियोग पंजीकृत हैं।

## जनसुनवाई में जनपद पीलीभीत का विकासखंड पूरनपुर प्रथम स्थान पर रहा



पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मनरेगा की जनसुनवाई में विकासखंड पूरनपुर प्रथम आया है। मनरेगा सेल में तैनात मनीष माहेश्वरी लेखा सहायक मनरेगा सेल में जनसुनवाई देखते हैं। जिसका समय निस्तारण कर एवं शिकायतकर्ता से दूरभाष पर बात करके विकासखंड पूरनपुर कार्यालय में बुलाकर शिकायतकर्ता की बात सुनकर शिकायतकर्ता को संतुष्ट करते हैं।और पत्र बनाकर उपयुक्त श्रम रोजगार मनरेगा पीलीभीत को प्रेषित करते हैं। जिससे प्रदेश में तहसील पूरनपुर प्रथम स्थान पर रहा है।जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए अपेक्षा जताई है।कि शिकायतों का तत्काल समाधान होता रहे ताकि जनपद की रैंक आगामी मूल्यांकन में भी प्रथम स्थान पर बनी रहे।

## छात्रवृत्ति आवेदनों के निस्तारण में तेजी लाएं शिक्षण संस्थान

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विकास मौर्य ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित पूर्वदशम (कक्षा नौ दस) एवं दशमोत्तर (कक्षा ग्यारह बारह) छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं के अंतर्गत जनपद अमेठी के शिक्षण संस्थानों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति पोर्टल पर अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र छात्राओं द्वारा अब तक इक्कीस हजार एक सौ उनहत्तर आवेदन किये गये हैं जिनमें से उन्नीस हजार चार सौ बीस आवेदन शिक्षण संस्थान स्तर से निस्तारित किये जा चुके हैं। वहीं एक हजार सात सौ उनचास आवेदन अभी भी विभिन्न संस्थानों की लॉगिन पर लंबित हैं।शासन द्वारा आवेदनों के निस्तारण की अंतिम तिथि तेरह दिसम्बर निर्धारित की गई है जो अब अत्यंत निकट है। ऐसे में अंतिम दिनों में सर्वर लोड बढ़ने से पोर्टल बाधित होने की सम्भावना को ध्यान में रखते हुए सभी शिक्षण संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित तिथि से पूर्व अपने लॉगिन पर लंबित सभी आवेदनों को अनिवार्य रूप से निस्तारित करें। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि किसी पात्र छात्र छात्रा को आवेदन लंबित रहने के कारण छात्रवृत्ति लाभ से वंचित होना पड़ेगा तो इसकी संपूर्ण देयता एवं उत्तरदायित्व सम्बन्धित शिक्षण संस्थान का होगा।

## पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने एक तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोबीन पुत्र अब्दुल सकूर निवासी ग्राम हरदोईया थाना मुसाफिरखाना को एक तमंचा एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## खेत में झटका करंट मशीन के चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

लंभुआ/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के बहमरपुर गांव में बृहस्पतिवार दोपहर में 55 वर्षीय बुजुर्ग हरिराम चौहान पुत्र स्व रामदुलार चौहान की झटका मशीन की चपेट में आने से मौत हो गई। इससे घटना से पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के भतीजे अखंड प्रताप चौहान ने बताया कि हरिराम गेहूं का खेत भरने के लिए गांव के ही खेत में निकले थे। इस दौरान वह गांव के ही कल्लू पाण्डेय के खेत में बिजली से चलने वाली झटका मशीन लगी हुई थी। मशीन में करंट प्रवाहित हो रहा था, जिसकी चपेट में आने से हरिराम की मौके पर ही मौत हो गई। जिन्हें परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ लाया गया जहां मौजूद चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिए।

## अधेड़ की फांसी के फंदे से लटकता शव देख ग्रामीणों में हड़कंप

बल्दीराय/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना धनपतगंज के चकिया मजरे अगई में ,अधेड़ युवक के फांसी के फंदे से लटकता शव देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव विच्छेदन हेतु भेज दिया है। ग्रामीणों के अनुसार प्रतिदिन की भांति सुबह पांच बजे लगभग उठने के बाद पुत्री को शौंच के लिए जाने की बात कहकर गए संतोष मिश्रा पुत्र स्व0राम कुमार मिश्रा (52) जब काफी समय बीतने के बाद नहीं आए तो ख़ोजबीन करने पर उनका शव गांव के पास बाग में ,एक बबूल के पेड़ से लटकता मिला। लोगों की मुताबिक कुछ समय पहले पत्नी की मौत के बाद से संतोष मिश्रा मानसिक रूप से परेशान रहते थे। दो पुत्रियों में बड़ी की शादी कर दिए थे और छोटी पुत्री नीलू(17) अविवाहित है। इस बाबत थानाध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि लाश को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। घटना के संबंध में कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित होगी।

## अमन हत्याकांड के आरोपी ने पुलिस को धोखा देकर किया सरेंडर

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अमन यादव अपहरण व हत्या प्रकरण में नामजद आरोपी दुर्गेश कुमार यादव ने बुधवार को पुलिस को चकमा देते हुए सीधे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) कोर्ट पहुंच कर आत्मसमर्पण कर दिया। सीजेएम नवनीत सिंह ने सुनवाई के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के आदेश दिए। इस मामले में चांदा थाना क्षेत्र के साढापुर निवासी वादी संदीप यादव ने 6 दिसंबर की घटना को आधार बनाते हुए अपने चचेरे भाई अमन यादव के अपहरण व हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपियों में नरैनी-सफीपुर के मयंक यादव, अजय यादव, विजय यादव, पवन यादव, अजय गुप्ता उर्फ गोलू, दीपक यादव उर्फ राका, शिवम यादव, नरहरपुर-लम्भुआ के समर यादव तथा राजेपुर के दुर्गेश यादव व रेनू को नामजद किया गया है। इसमें मयंक यादव, शिवम यादव और दीपक यादव को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। चौथे आरोपी दुर्गेश ने बुधवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया, जबकि पुलिस उसके पास तक नहीं पहुंच सकी। उधर, बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी अभी बाकी है, जो नवागंतुक थाना प्रभारी अमित कुमार मिश्र के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है।

## बृजवासी विद्यालय में बाल विवाह मुक्त कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारत सरकार द्वारा संचालित 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम बाल विवाह मुक्त भारत के अंतर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं विधिक सेवा प्रधिकरण के निर्देशानुसार महिला कल्याण विभाग के द्वारा ब्लॉक मरौरी के बृजवासी विद्यालय में बाल विवाह मुक्त'' भारत के 100 दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाल विवाह एक गैर कानूनी कार्य है इसी कारण सरकार ने बाल-विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 का प्रावधान किया है जिसमें बाल विवाह करने एवं कराने वाले सभी लोगों के लिए सजा का प्रावधान किया गया है।

# श्रीमद भागवत कथा में श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह पर यजमान के साथ भक्तों ने किया कन्यादान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गड़ेहरी में चल रही श्रीमद भागवत कथा में श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुन विभोर हुये श्रोता

तिलोई अमेठी,क्षेत्र के गांव गड़ेहरी में राष्टीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष संतोष तिवारी के आवास पर चल रही श्रीमद भागवत कथा में अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य संतोष जी महाराज ने रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया। भगवान के विवाह की कथा सुन श्रोतागण भाव विभोर हो गये। कथा व्यास आचार्य संतोष जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की प्रशंसा सुन कर रुक्मिणी भगवान से प्रेम करने लगी थी।दूसरी ओर अपनी लक्ष्मीस्वरूपा पुत्री रुक्मिणी की शादी के लिये भीष्मक भी चिंतित थे।रुक्मिणी के भाई ने अपनी बहन के लिये वर के रूप में शिशुपाल को चुना था। रुक्मिणी इस बात का सन्देशा कृष्ण तक पहुंचाया और अपना मंतव्य जाहिर किया। शादी के दिन कृष्ण ने देवी पूजन को जा रही रुक्मिणी को अपनी रथ पर बैठा लिया और चल दिये।इस बात की जानकारी होने पर रुक्मी और कृष्ण के बीच युद्ध होता है जिसके पश्चात भगवान कृष्ण और रुक्मिणी का विधि विधान से विवाह संपन्न होता है।कथा पंडाल में रुक्मिणी हरण और विवाह का दृश्य मन को मोहने वाला था। भगवान की शादी में सभी भक्त गण शरीक हुये और भगवान की पूंजा अर्चना की।पण्डाल में महिलाओं ने भक्ति विवाह गीत भी गाये।यजमान ने पूरे परिवार के साथ कन्यादान करते हुये पूरे विधि विधान के साथ पूजन किया। कथा व्यास आचार्य संतोष जी महाराज ने अतिथियों को अंगवस्त्र तो आयोजक संतोष तिवारी उर्फ राजू तिवारी ने प्रतीक चिन्ह भेंट किया।इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी,ग्राम प्रधान देवी शरण बाजपेई,आशीष मिश्रा,राजेश पाण्डेय, बबलू मिश्रा, अनिल बाजपेई, राजेश शुक्ला, नितेश कुमार यादव, रणवीर सिंह, हरि शंकर सिंह, कुलदीप मिश्रा, राहुल पाठक, अमरीश जायसवाल, राज कुमार द्विवेदी,महेंद्र मिश्रा, राज करन उपाध्याय, शरदेंदु मिश्रा सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# एमआरएफ सेंटर पर गीले कचरे से जैविक खाद बनाने की प्रक्रिया में आई तेजी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।नगर पालिका द्वारा डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने के पश्चात गीला व सूखा अलग-अलग डस्टबिन से प्राप्त कर गाड़ी में अलग-अलग पार्ट में लाकर एमआरएफ सेंटर पर उसका वजन करके तत्पश्चात गीले कचरे को खाद बनाने के प्रयोग में कुछ इस तरीके से लिया जाता है खाद बनने की प्रक्रिया मे मूल रूप से वायवीय सूक्ष्मजीवों द्वारा नियंत्रित होती है जिन्हें कुशलतापूर्वक काम करने के लिए चार मुख्य अवयवों की आवश्यकता होती है कार्बन-युक्त सामग्री,हवा ऑक्सीजन और पानी नमी इन चारों के सही संतुलन और प्रबंधन ने ही रफ्तार में तेजी लाने में मदद की है।छोटे आकार का जादू यह एक सरल लेकिन अत्यंत प्रभावी सिद्धांत है गीले कचरे जैसे सब्जियों के छिलके, फलों के अवशेष और सूखे कचरे जैसे सूखे पत्ते, लकड़ी के छोटे टुकड़े, या कागज को जितना छोटा किया जाता है, सूक्ष्मजीवों के लिए सतह का क्षेत्रफल उतना ही बढ़ जाता है, जिससे वे सामग्री को तेजी से विघटित कर पाते हैं। अत्याधुनिक मशीनों जैसे श्रेडर या ग्राइंड का उपयोग करके सामग्री को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटा जाता है, यहां तक कि रसोई के कचरे को ब्लेंडर में पीसकर भी इस प्रक्रिया को गति दी जा सकती है संतुलित कार्बन-नाइट्रोजन अनुपात सूक्ष्मजीवों को ऊर्जा के लिए कार्बन और अपने शरीर के निर्माण के लिए नाइट्रोजन की आवश्यकता होती है आदर्श अनुपात लगभग 20 से 30 भाग कार्बन और 1 भाग नाइट्रोजन 20:1 से 30:1माना जाता है इस अनुपात को कुशलतापूर्वक बनाए रखने से विघटन की दर बहुत तेज हो जाती है। यदि नाइट्रोजन हरा कचरा बहुत अधिक है, तो अमोनिया जैसी दुर्गंध आ सकती है; यदि कार्बन भूरा कचरा बहुत अधिक है, तो प्रक्रिया धीमी हो जाती है कम्पोस्ट बिन या ढेर को एक निचोड़े हुए स्पंज की तरह नम रखना चाहिए - न तो बहुत सूखा, न ही बहुत गीला। यदि बहुत सूखा है, तो सूक्ष्मजीव निष्क्रिय हो जाते हैं; यदि बहुत गीला है, तो हवा का प्रवाह रुक जाता है और अवायवीय स्थिति पैदा हो जाती है ।

# परिषदीय विद्यालयों में अर्धवार्षिक परीक्षाएं शुरू



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।विकास खंड मरौरी क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कोहना में अर्धवार्षिक परीक्षा संपन्न हुई। इस परीक्षा में सभी बच्चों ने प्रतिभाग किया और उनके पाठ्यक्रम से प्रश्न पूछे गए। बच्चों को प्रश्न पत्र देखकर बहुत प्रसन्नता हुई क्योंकि सब कुछ उनका याद किया हुआ आया।परीक्षा के दौरान बच्चों के अभिभावकों और शिक्षकों ने भी उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन देखा। परिषदीय विद्यालय के बच्चों की परीक्षाएं 15 दिसंबर 2025 तक संपन्न होगी। कक्षा 5 की परीक्षा जो 13 दिसंबर 2025 को प्रस्तावित थी।लेकिन किसी कारणवश यह परीक्षा अब 16 दिसंबर 2025 को संपन्न होगी। शिक्षिका शिल्पी मिश्रा ने बताया कि इस परीक्षा के माध्यम से बच्चों की शैक्षिक प्रतिभा का आकलन किया जाएगा और उनकी कमियों को सुधारने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# बाल श्रम उन्मूलन अंतर्गत जैकिट कारखानों एवं अन्य प्रतिष्ठानों से तीन बाल श्रमिकों को कराया गया बालश्रम से मुक्त मचा हड़कंप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पीलीभीत। डीएम के आदेश तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी के निर्देश पर आज थाना जहानाबाद क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पैरव वैश्य, बसंतपुर में बालश्रम उन्मूलन हेतु रेस्क्यू अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत जैकिट कारखानों, कपड़े की दुकानों, किराना स्टोर, स्टील वर्क्स आदि पर कार्यवाही करते हुए 03 बाल श्रमिकों को चिन्हित कर बाल श्रम से अवमुक्त करकर वर्चुअल रूप से बाल कल्याण समिति पीलीभीत के समक्ष प्रस्तुत किया गया, बाल कल्याण समिति द्वारा सभी बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। गया। इस दौरान एक बालक को बाल सेवा योजना हेतु चिन्हित किया गया। बाल श्रम निषेध और विनियमन संशोधन अधिनियम, 2016 अंतर्गत खतरनाक प्रक्रिया में दोषी पाए जाने वाले सेवायोजकों के विरूद्ध एक वर्ष तक की सजा या 50000 रूपए तक का जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है, इसके अतिरिक्त सेवायोजक से प्रति बाल श्रमिक 20000 रूपये की वसूली चाइल्ड लेबर वेलफ़ेयर फंड हेतु प्रथक से की जायेगी तथा यदि कोई बाल श्रमिक के माता-पिता को प्रथम बार चेतावनी के बावजूद भी पुनः अपने बच्चों को व्यवसायिक कार्य में संलग्न करेगा तो उनके विरूद्ध भी दंडात्मक कार्यवाही अपनाई जायेगी। संयुक्त अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशिकला, संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक, चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजनों समन्वयक निर्वान सिंह एवं थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग अमित कुमार, सीमा तथा थाना जहानाबाद पुलिस सक्रिय रूप से कार्यवाही में सम्मिलित रही हैं।

## सम्पादकीय

# बच्चों पर संकट

इस सदी के ढाई दशक में बाल मृत्यु दर घटने को दुनिया की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया गया था, लेकिन अब इस सदी में पहली बार बाल मृत्यु दर में वृद्धि की आशंका जतायी जा रही है। गेट्स फाउंडेशन की रिपोर्ट बताती है दुनिया भले ही अमीर हो गई है लेकिन गरीब देशों के बच्चों पर होने वाला खर्च घटा दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, धनी देशों द्वारा वैश्विक स्वास्थ्य खर्च पर 27 फीसदी की कटौती की गई है। जिससे इस वर्ष दो लाख अतिरिक्त बच्चों की मौत की आशंका जतायी जा रही है। दरअसल, ये मौतें उन बीमारियों से हो सकती हैं, जिन्हें अमीर देशों से मिलने वाली मदद से होने वाले टीकाकरण और बुनियादी इलाज से टाला जा सकता था। स्वास्थ्य विशेषज्ञ चिंतित हैं कि जिस समय दुनिया में संपत्ति सबसे तेजी से बढ़ रही है, उस समय गरीब देशों के बच्चों पर स्वास्थ्य खर्च का घट जाना दुर्भाग्यपूर्ण ही है। आशंका जतायी जा रही है कि यदि स्वास्थ्य सहायता में तीस प्रतिशत की कटौती हो जाती है तो वर्ष 2045 तक 1.6 करोड़ अतिरिक्त बच्चों की मौत हो सकती है। विडंबना देखिए कि इस आसन्न संकट को नजरअंदाज करके विकसित देश अपने रक्षा व आंतरिक खर्च को बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं। जबकि अमीर देशों द्वारा गरीब मुल्कों के बच्चों के स्वास्थ्य के लिये दिया जाने वाला पैसा उनके बजट के एक फीसदी से भी कम है। गेट्स फाउंडेशन का विश्व के अमीर देशों से आग्रह है कि वे दुर्लभ संसाधनों को उन स्थानों पर लक्षित करें, जहां वे सबसे अधिक जीवन बचा सकते हैं। दरअसल, संकट में वे बच्चे हैं, जो अपना पांचवां जन्मदिन मनाने से पहले ही मृत्यु का ग्रास बन जाते हैं। इस संकट बढ़ने से दशकों से हासिल वैश्विक प्रगति बेकार हो जाएगी। निस्संदेह, दुनिया में कहीं भी पैदा हुए बच्चे को जीवित रहने और फलने-फूलने का अवसर मिलना चाहिए। दरअसल, गेट्स फाउंडेशन की गोलकीपर्स रिपोर्ट और वाशिंगटन यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मैट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन ने बताया कि 2024 में, 4.6 मिलियन बच्चों की पांचवें जन्मदिन से पहले मौत हो गई थी। आशंका है कि आर्थिक मदद में कटौती से इस वर्ष इस संख्या में दो लाख की वृद्धि से इसके बढ़कर 4.8 मिलियन बच्चों तक पहुंचने की आशंका है। जिसकी मूल वजह स्वास्थ्य के लिये वैश्विक मदद में आई बड़ी गिरावट है। इस वर्ष सहायता निधि में भारी कटौती के अलावा गरीब देशों के बढ़ते कर्ज, कमजोर स्वास्थ्य सिस्टम के चलते मलेरिया, एचआईवी और पोलियो जैसी बीमारियों के विरुद्ध हासिल उपलब्धियों को खोने का जोखिम बढ़ सकता है। हालिया रिपोर्ट बताती है कैसे प्रमाणित समाधानों और अगली पीढ़ी के नवाचारों में लक्षित निवेश से सीमित बजट में लाखों बच्चों का जीवन बचाया जा सकता है। निस्संदेह, गरीब मुल्कों के ये बच्चे सुरक्षित जीवन पाने के हकदार हैं। गेट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष बिल गेट्स कहते हैं विश्व में गरीब मुल्कों के बच्चों के स्वास्थ्य रक्षा के लिये वित्तीय संसाधन बढ़ाने व वर्तमान सिस्टम में सुधार हेतु दक्षता बढ़ाने की जरूरत है। हमें कम संसाधनों में अधिक काम करना होगा। यदि ऐसा नहीं होता तो हमारी पीढ़ी के दामन पर दाग लगेगा कि मानव इतिहास में सबसे उन्नत विज्ञान और नवाचार की पहुंच के बावजूद हम लाखों बच्चों का जीवन बचाने के लिये धन नहीं जुटा पाए। हम सही प्राथमिकताएं और प्रतिबद्धताएं तय करके तथा उच्च प्रभाव वाले समाधानों में निवेश करके बाल मृत्यु दर वृद्धि को रोक सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो हम वर्ष 2045 तक कई मिलियन बच्चों को जीवित रहने में मदद कर सकते हैं। इसके लिये जरूरी होगा कि हम विदेशी मदद का अधिकतम उपयोग करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, नियमित टीकाकरण, गुणवत्ता के टीके और डेटा के नये उपयोग पर अधिक ध्यान दें। निस्संदेह, इन बीमारियों से लड़ने के लिये वैश्विक प्रतिबद्धता को जारी रखने की जरूरत है। गेट्स फाउंडेशन का मानना है कि अगली पीढ़ी के नवाचारों के विकास में निवेश से हम बच्चों में होने वाले मलेरिया और निमोनिया जैसे कुछ घातक रोगों को हमेशा के लिये खत्म कर सकते हैं।

# यूनेस्को ने दीपावली को विश्व धरोहर घोषित किया

दीपावली की महिमा को समझना अर्थात भारतीय संस्कृति की गहराई को समझना। यह संस्कृति केवल मंदिरों, शास्त्रों, उत्सवों और अनुष्ठानों में नहीं बसती, बल्कि मनुष्य की स्मृति, संवेदना, आस्था और जीवन व्यवहार में प्रवाहित होती है। इसीलिए इसे 'अमूर्त' कहा जाता है, क्योंकि यह मूर्त नहीं, परंतु सबसे अधिक जीवंत है। दीपावली इसी जीवंतता का सर्वोच्च उत्सव है। जब अयोध्या की रामपैड़ी पर 26.17 लाख दीपकों ने एक साथ जगमग कर दुनिया को चमत्कृत किया, तब वह दृश्य सिर्फ दीयों का समुद्र नहीं था, बल्कि भारत की सांस्कृतिक रोशनी का वैश्विक उद्घोष था, एक ऐसा उद्घोष जिसने दुनिया को यह विश्वास कराया कि भारत की परंपराएं आज भी सार्वभौमिक प्रेरणा शक्ति हैं। यूनेस्को का निर्णय इसी चमत्कार की परिणति है। दीपावली के केंद्र में केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन है। यह पर्व मनुष्य को याद दिलाता है कि हर कठिनाई, हर पीड़ा, हर अंधकार के भीतर एक दीप जलने की संभावना छिपी होती है। हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख परंपराओं में दीपावली का अलग-अलग महत्व है, मगर संदेश एक ही है, प्रकाश का मार्ग ही मानवता का मार्ग है। यही अखंड संदेश अब विश्व स्तर पर मान्यता पा रहा है। भारत की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहरें सदैव मानव-कल्याण की प्रेरक रही हैं। कुंभ, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, योग, दुर्गा पूजा जैसी परंपराएँ पहले से विश्व धरोहर सूची में शामिल रही हैं। दीपावली के जुड़ने से यह सूची और उज्जवल हुई है।

यूनेस्को द्वारा दीपावली को अमूर्त विश्व धरोहर घोषित किया जाना भारत की सांस्कृतिक चेतना का ऐसा महत्त्वपूर्ण क्षण है, जो न केवल भारतीयों को गौरवान्वित करता है बल्कि यह सिद्ध करता है कि भारतीय सभ्यता की आत्मा आज भी मानवता का मार्गदर्शन करने की क्षमता रखती है। दीपावली मात्र एक त्योहार नहीं, बल्कि जीवन, आत्मा, संबंध, समरसता और विश्वबंधुत्व का प्रकाशग्रंथ है। यह वह विरासत है जो हजारों वर्षों से मानव को अंधकार से प्रकाश, अज्ञान से ज्ञान, ईर्ष्या से प्रेम और भय से विश्वास की यात्रा पर ले जाती रही है। दीपावली की महिमा को समझना अर्थात भारतीय संस्कृति की गहराई को समझना। यह संस्कृति केवल मंदिरों, शास्त्रों, उत्सवों और अनुष्ठानों में नहीं बसती, बल्कि मनुष्य की स्मृति, संवेदना, आस्था और जीवन व्यवहार में प्रवाहित होती है। इसीलिए इसे 'अमूर्त' कहा जाता है, क्योंकि यह मूर्त नहीं, परंतु सबसे अधिक जीवंत है। दीपावली इसी जीवंतता का सर्वोच्च उत्सव है। जब अयोध्या की रामपैड़ी पर 26.17 लाख दीपकों ने एक साथ जगमग कर दुनिया को चमत्कृत किया, तब वह दृश्य सिर्फ दीयों का समुद्र नहीं था, बल्कि भारत की सांस्कृतिक रोशनी का वैश्विक उद्घोष था, एक ऐसा उद्घोष जिसने दुनिया को यह विश्वास कराया कि भारत की परंपराएं आज भी सार्वभौमिक प्रेरणा शक्ति हैं। यूनेस्को का निर्णय इसी चमत्कार की परिणति है। दीपावली के केंद्र में केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन है। यह पर्व मनुष्य को याद दिलाता है कि हर कठिनाई, हर पीड़ा, हर अंधकार के भीतर एक दीप जलने की संभावना छिपी होती है। हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख परंपराओं में दीपावली का अलग-अलग महत्व है, मगर संदेश एक ही है, प्रकाश का मार्ग ही मानवता का मार्ग है। यही अखंड संदेश अब विश्व स्तर पर मान्यता पा रहा है। भारत की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहरें सदैव मानव-कल्याण की प्रेरक रही हैं। कुंभ, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, योग, दुर्गा पूजा जैसी परंपराएँ पहले से विश्व धरोहर सूची में शामिल रही हैं। दीपावली के जुड़ने से यह सूची और उज्जवल हुई है। दीपावली यूनेस्को के उस उद्देश्य को पूर्ण रूप देती है जिसमें कहा गया है कि मानवता की सबसे बड़ी शक्तियाँ वे परंपराएँ हैं जो समय के साथ खो न जाएँ। दीपावली भारतीय समाज की आर्थिक, सामाजिक और मानवीय संरचना को एक गहरा संदेश देती है। एक छोटा कुम्हार, जो अपने हाथों से दीए बनाता है, उसी दीये की रोशनी से करोड़ों घर रोशन होते हैं। एक छोटे व्यापारी की दुकान भी दीपावली पर उतनी ही महत्वपूर्ण होती है जितनी एक बड़ी कंपनी की। यह त्योहार बताता है कि समाज प्रकाश तभी बनता है जब हर व्यक्ति के जीवन में रोशनी पहुंचे। इसीलिए यह उत्सव भारतीय सामुदायिक चेतना का उत्सव है, समता और समान अवसरों का उत्सव है। दुनिया आज विभाजन, युद्ध, तनाव, भौतिक लालच और मानसिक अंधकार से जूझ रही है। ऐसे समय में दीपावली का संदेश पहले से अधिक प्रासंगिक है कि एक दीप की लौ किसी भी गहन अंधकार को चुनौती दे सकती है। भारत ने सदियों से दुनिया को यही बताया है कि नैतिक साहस, सद्भाव, शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा ही सभ्यताओं को टिकाऊ बनाती है। दीपावली इस सत्य का प्रत्यक्ष प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आधुनिक सोच और सांस्कृतिक कूटनीति ने भारत की इन अवधारणाओं को दुनिया के सामने नई ऊर्जा के साथ स्थापित किया है। योग की वैश्विक मान्यता हो, आयुर्वेद का उभार हो, रामायण सम्मेलन हों या भारतीय त्योहारों का अंतरराष्ट्रीयकरण, यह सब भारत की सॉफ्ट पावर की विजय है। दीपावली को यूनेस्को सूची में शामिल किया जाना इसी सॉफ्ट पावर की अगली खूबसूरत सीढ़ी है। मोदी का वसुधैव कुटुंबकम का मंत्र अब भारत की विदेश नीति ही नहीं, बल्कि विश्व-दृष्टि बन चुका है। इसी भावना ने जी20 से लेकर वैश्विक मंचों पर भारत की पहचान को मजबूत किया है। दीपावली का वैश्विक सम्मान इसी मंत्र का विस्तार है, क्योंकि यह त्योहार हर मानव को यह याद दिलाता है कि दुनिया एक है, पीड़ा साझा है, और आनंद भी साझा होना चाहिए। दीपावली केवल आध्यात्मिक पर्व नहीं, बल्कि सांस्कृतिक मनोविज्ञान भी है। यह मन को खाली नहीं करती, उसे भरती है, उसे बुझाती नहीं, उसे जगाती है। दीपावली मन की धूल झाड़ने, जीवन के प्रति नई आशा जगाने और अपने भीतर छिपे प्रकाश को पहचानने का अवसर है। यही कारण है कि इसे विश्व धरोहर घोषित करना पूरी मानवता के आध्यात्मिक भविष्य को मान्यता देना है। वैश्वीकरण के प्रभाव ने दुनिया को तकनीकी रूप से भले ही जोड़ा हो, पर मानसिक रूप से विभाजन बढ़ा दिया है। ऐसे में भारत की सांस्कृतिक विविधता, विशेषकर दीपावली जैसी परंपराएँ, सभ्यताओं के बीच एक दार्शनिक पुल का काम करती हैं। ये त्योहार दुनिया को यह बताते हैं कि जीवन केवल उपभोग नहीं, संवेदना है, केवल प्रगति नहीं, समरसता है, केवल विकास नहीं, मूल्य भी हैं। यूनेस्को की घोषणा के बाद अब दुनिया दीपावली को केवल भारतीय या धार्मिक त्योहार के रूप में नहीं देखेगी, बल्कि इसे वैश्विक नैतिक चेतना के रूप में स्वीकार करेगी। यह उस विरासत का सम्मान है जो अतीत से चली आ रही है पर भविष्य को दिशा देती है। यह भारत की उस आध्यात्मिक शक्ति का प्रमाण है जिसे दुनिया युगों से सम्मान देती आई है। अब यह भी हमारा दायित्व है कि दीपावली की इस उज्ज्वल विरासत को हम और अधिक संवारे, संजोएं और इसे केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन के रूप में अपनाएं। जब हम अपने भीतर एक दीप जलाते हैं, तो उसके प्रकाश में पूरी दुनिया का मार्गदर्शन संभव होता है, यही भारतीय संस्कृति की शक्ति है, यही दीपावली की महिमा है। निस्संदेह, दीपावली का वैश्विक होना भारत की सांस्कृतिक आत्मा की विजय है। यह वह क्षण है जो बताता है कि भारत केवल एक भू-राजनीतिक शक्ति नहीं, बल्कि मानवता का आध्यात्मिक मार्गदर्शक भी है। आने वाले समय में यह प्रकाश दुनिया के हर कोने तक पहुंचे, यही दीपावली का संदेश और भारत की सांस्कृतिक जिम्मेदारी है। दीपों का यह उत्सव अब केवल भारत का नहीं रहाकृअब यह मानवता का उत्सव है, और भारत की यह रोशनी आने वाले समय में वैश्विक चेतना का नया सूरज बनकर उदित होगी। **– ललित गर्ग**




# मुख्यमंत्री मोहन यादव के दो सालः सत्ता के नायक से जननायक तक

**पवन वर्मा**

मध्यप्रदेश की राजनीति ने पिछले दो वर्षों में जिस स्थिरता, स्पष्टता और नेतृत्व की परिपक्वता को महसूस किया है, उसकी पृष्ठभूमि केवल राजनीतिक घटनाक्रम नहीं, बल्कि नेतृत्व की एक नई परिभाषा है। अक्सर सत्ता परिवर्तन के बाद सरकारें दिशा तय करने में समय लेती हैं, परंतु डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री पद संभालते ही स्पष्ट कर दिया कि उनका नेतृत्व सिर्फ पद की औपचारिकता नहीं, बल्कि कार्य की प्रतिबद्धता पर आधारित है। उनके दो वर्ष इस बात का प्रमाण बनकर खड़े हैं कि यदि नेतृत्व दृढ़ संकल्पित हो, स्पष्ट सोच रखता हो और जनता के हित को केंद्र में रखकर काम करे,तो शासन की शैली बदलते देर नहीं लगती। मोहन यादव की राजनीतिक यात्रा हमेशा जमीन से जुड़ी रही है, पर मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने जिस परिपक्वता और शांति से दृढ़ता का प्रदर्शन किया, उसने उन्हें सत्ता के नायक की सीमाओं से आगे बढ़ाकर जननायक की राह पर स्थापित किया है। इन दो वर्षों में डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को एक ऐसे शासन मॉडल की ओर ले जाने का प्रयास किया है जहां निर्णयों में स्पष्टता हो, योजनाओं में परिणाम दिखें और प्रशासनिक ढांचे में जवाबदेही सुनिश्चित हो। उनकी नेतृत्व शैली शोर-शराबे से परे, दृढ़ता और निरंतरता पर आधारित रही है। वे प्रचारात्मक राजनीति से दूरी रखते हैं और यही गुण जनता के बीच उनके प्रति भरोसा मजबूत करता है। मध्यप्रदेश के प्रशासनिक ढांचे में पिछले दो वर्षों में कई महत्वपूर्ण बदलाव हुए। पुलिस और कानून व्यवस्था को लेकर स्पष्ट आदेश दिए गए। संगठित अपराध, साइबर अपराध और नक्सल नेटवर्क पर जो रणनीतिक दबाव बना, वह एक सुविचारित दृष्टि का हिस्सा था। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार समन्वय के साथ काम हुआ, अपराधियों पर नकेल कसी गई और साइबर अपराध के मामलों में मध्यप्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी कार्रवाई का उदाहरण पेश किया। यह किसी आकस्मिक पहल का परिणाम नहीं था, बल्कि एक निरंतर चलने वाली प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा था जिसे मुख्यमंत्री कार्यालय से लगातार मॉनिटर किया गया। विकास योजनाओं के क्षेत्र में भी राज्य ने उल्लेखनीय गति पकड़ी। सड़क निर्माण से लेकर सिंचाई परियोजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर शिक्षा के ढांचे तक सभी क्षेत्रों में योजनाओं के कार्यान्वयन पर सरकार ने बराबर ध्यान दिया। डॉ. यादव की कार्यशैली की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उन्होंने किसी भी योजना को केवल घोषणाओं के स्तर पर नहीं रहने दिया। योजनाओं में परिणाम दिखाई दें,यह उनके प्रशासन की प्राथमिकता रही। लाड़ली बहना योजना जैसी महिला-केंद्रित नीतियों को उन्होंने केवल बनाए ही नहीं रखा, बल्कि उन्हें मजबूत करते हुए यह सुनिश्चित किया कि इसका लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से महिलाओं तक पहुंचे। जनकल्याण की ये योजनाएं राज्य की सामाजिक संरचना को नई दिशा देती हैं और महिलाओं में आर्थिक आत्मनिर्भरता की भावना को मजबूत करती हैं। डॉ. यादव की नेतृत्व शैली का सबसे प्रभावशाली पक्ष उनकी सहजता और जनता से उनका स्वाभाविक संबंध है। वे मंचों और भव्य आयोजनों के नेता नहीं, बल्कि सरल, संवादशील और जमीन से जुड़े नेतृत्व का उदाहरण हैं। उनकी यह शैली जनता के मन में यह विश्वास जगाती है कि उनका मुख्यमंत्री दूर नहीं, उनके बीच का व्यक्ति है जो कम शब्द बोलता है, पर काम ज़्यादा करता है। सत्ता और संगठन के बीच उनका संतुलन भी उल्लेखनीय रहा। भाजपा संगठन के साथ उनके संबंध राजनीति में वह स्थिरता पैदा करते हैं जो किसी भी सरकार की सफलता का मूल आधार होती है। हेमंत खंडेलवाल के साथ उनकी समझदारी ने इन दो वर्षों में शासन और संगठन को एक स्पष्ट दिशा दी, जिससे निर्णय तेज हुए और राजनीतिक तालमेल मजबूत हुआ। धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को मध्यप्रदेश की विकास यात्रा के साथ जोड़ना भी डॉ. यादव के नेतृत्व की विशिष्टता है। उज्जैन,ओंकारेश्वर, अमरकंटक, रामराजा सरकार और खजुराहो जैसे स्थलों पर विकास कार्यों ने प्रदेश की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत की है। यह विकास केवल आस्था नहीं, बल्कि पर्यटन, अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक भी है। उज्जैन के महाकाल कॉरीडोर की लोकप्रियता तो दुनिया भर में फैल चुकी है। फिर भी, यह स्वीकार करना होगा कि किसी भी नेता की राजनीतिक यात्रा चुनौतियों से भरी होती है।

## सेहत मंत्र

# सर्जरी में ब्लीडिंग की समस्या को दूर करता है मछली का तेलः रिसर्च

मछली खाना सेहत के लिए जितना अच्छा होता है उतना ही फायदेमंद फिश ऑयल भी होता है। मछली के तेल में ओमेगा-3 फैटी एसिड, विटामिन, खनिज, प्रोटीन, अल्फा-लिनोलेनिक एसिड और गामा-लिनोलेनिक एसिड होते होते हैं, जोकि स्वास्थ्य के लिए बहुत ही अच्छा होता है। मछली के तेल का सेवन दिल के रोग, हाइपरटेंशन, किडनी प्रॉब्लम्स, डिप्रेशन, सोरायसिस, डायबिटीज, पेट में अल्सर, आंखों का सूखापन जैसी समस्याओं के साथ सर्जरी में ब्लीडिंग की समस्या को भी दूर कर सकता है। हाल ही में हुए एक शोध में यह बात सामने आई है कि मछली का तेल सर्जरी में ब्लीडिंग की समस्या को दूर कर सकता है। हालांकि अभी तक मरीजों को सर्जरी से पहले इससे दूर रहने की सलाह दी जाती थी लेकिन इस शोध में पता चला है कि मछली का तेल दिल की बीमारी में रोकथाम के लिए सबसे अहम प्राकृतिक पूरक है। मछली के तेल में पाया जाने वाला ओमेगा-3एस सर्जरी के दौरान रक्तस्त्राव के जोखिम को कम करता है। इस शोध में बताया गया है कि रक्त में ओमेगा-3 की उच्च मात्रा ईपीए और डीएचए मिलकर रक्तस्त्राव के जोखिम को कम करता है। यह शोध कुल 1,516 मरीजों पर किया गया, जिनकी कार्डिएक सर्जरी होनी थी। इसमें आधे मरीजों को ओमेगा-3एस का डोज और आधे मरीजों को प्लेसबो (शोध के लिए झूठी-मूठी दवाई देना) दिए गए। शोध के अनुसार, जिन मरीजों को ओमेगा-3एस दिया गया था, उनमें सर्जरी के दौरान चढ़ाने के लिए कम यूनिट रक्त की जरूरत पड़ी। वैसे तो हजारों प्रकार की मछलियां होती हैं लेकिन उनमें से केवल कुछ ही ऐसी मछलियां हैं जो ओमेगा-3 फैटी एसिड युक्त तेल को अपने अंदर बनाती हैं जैसे- साल्मन, ट्राउट, सारडाइन, टूना, हैलिबट फिश आदि। ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होने के कारण मछली के तेल का सेवन ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के साथ रक्के के थक्के बनने से भी रोकता है। साथ ही यह शरीर में सूजन और असामान्य ह्रदय गति को कम करता है, जिससे दिल से जुड़ी बीमारियां दूर रहती है।

## धर्म मंत्र

# शनिदेव के बुरे प्रभाव के कारण अगर काम में आ रही है बाधा तो शनिवार को करें व्रत

ज्योतिष में कुल नौ ग्रह सूर्य, चंद्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, राहु और केतु बताए गए हैं। इन नौ ग्रहों में शनिदेव को क्रूर माना जाता है। शनि को प्रसन्न करने के लिए हर शनिवार तेल का दान जरूर करें। ये उपाय मेष से मीन तक, सभी राशि के लोग कर सकते हैं। पूजा-पाठ के साथ ही कुछ और शुभ काम भी करते रहना चाहिए। अगर कोई व्यक्ति गरीबों की मदद करता है तो उसे शनि की विशेष कृपा मिलती है और हमारी हर बाधा दूर हो सकती है। समय-समय पर गरीबों को काले तिल और तेल का दान करना चाहिए। काले चने, काली उड़द, काले कपड़े का भी दान करना चाहिए। बारिश और धूप से बचने के लिए किसी ब्राह्मण या जरूरतमंद को छाते का दान करें। रोज सुबह-शाम जब भी रोटी बनाएं तो अंतिम रोटी कुत्ते को खिलानी चाहिए। किसी नेत्रहीन की मदद करें। अगर संभव हो सके तो उसकी दवाइयों का खर्च उठाएं। हर शनिवार को शनि के लिए व्रत रखें। किसी भंडारे में अन्न का दान करें। मांसाहार और नशे से दूर रहें। रोज सुबह मछलियों को आटे की गोलियां खिलाएं। हर शनिवार पानी में काले तिल डालकर स्नान करें। किसी सफाईकर्मी को नए कपड़ों का दान करें। कभी भी माता-पिता, किसी गरीब, ब्राह्मण या घर-परिवार के लोगों का दिल न दुखाएं। किसी मंदिर में पीपल का पौधा लगाएं और उसकी देखभाल करें। ब्रह्म मुहूर्त में उठकर नहा धोकर और साफ कपड़े पहनकर पीपल के वृक्ष पर जल अर्पण करें।

## पर्यटन



# प्राकृतिक तरीके से बनी इस जगह को आप भी देखकर हो जाएंगे हैरान

ट्रैवलिंग के लिए दुनियाभर में खूबसूरत और सुदंर जगहों की कोई कमी नहीं है। दुनिया में कई ऐसी जगहें है, जोकि प्राकृतिक अजूबे से भरी हुई है। हम भी आज आपको एक ऐसी ही जगह के बारे में बताने जा रहे हैं। प्राकृतिक सुदंरता से भरपूर इस जगह के बारे में शायद ही आपने कभी सुना होगा। अमेरिका में स्थित ब्राइस कैनियन नाम जगह को देखकर ऐसा लगता है जैसे किसी ने कैनवास पर कुदरत से शिल्पकारी की हो। आइए जानते हैं इस जगह के बारे में कुछ और बातें। अमेरिका की ब्राइस कैनियन के ऊंचाई वाले पत्थरों को देखकर ऐसा लगता है जैसे किसी ने नक्काशी की हो लेकिन यह जगह पूरी तरह प्राकृतिक तरीके से बनी है। यह शानदार प्राकृतिक अजूबा करीब हजारों वर्षों में बनकर तैयार हुआ है। घूमने के लिए यहां ब्राइस पॉइंट, इंस्पीरेशन पॉइंट, सनराइज और सनसेट पॉइंट जैसी कुछ खास जगह भी हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि हवा, पानी और गर्मी-सर्दी के कारण इन पहाड़ों का आकार ऐसा हो गया है। इस खूबसूरत जगह को देखने के लिए टूरिस्ट दूर-दूर से आते हैं। यहां पर चढ़ाई करना बहुत ही मुश्किल माना जाता है लेकिन फिर भी यहां पर्यटक भारी संख्या में आते हैं। घूमने के साथ-साथ यहां पर सालभर हॉर्स, बाइक की सुविधा उपलब्ध है। सर्दी के दिनों में यहां स्कीइंग और स्लेज गाड़ी की सुविधा भी जाती है। इसके अलावा सालभर यहां पर कई रोचक एक्टिविटीस और बैलून फ़ेस्टिवल करवाएं जाते हैं। बैलून में बैठकर ऊंचाई से इस खूबसूरत जगह को देखने का मजा आपके ट्रिप को यादगार बना देता है। सूरज की रोशनी पड़ने से यह खूबसूरत जगह लाल दिखाई देने लगती है, जोकि किसी अजूबे से कम नहीं लगता। यहां का सबसे ऊंचा हूड्स 9 हजार फीट यानी 2743 मीटर ऊंचा है। व्हीलर्स पर इस पूरी जगह को अच्छी तरह घूमने के लिए आपको करीब 1 दिन लग जाता है लेकिन पैदल घूमने के लिए आपको पूरे 2 दिन चाहिए होंगे।

## नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन, ओजस्वी अव्वल, पुरस्कृत

# बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स स्पोर्ट्स मीट उड़ान का 11वां दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी। बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा आयोजित आठवीं स्पोर्ट्स मीट ''उड़ान'' के ग्यारहवें दिन कंपनी बाग एवं सिविल लाइन शाखा में प्रारंभिक वर्ग के बच्चों के लिए नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही, बालाजी सत्य प्रेमी नगर एवं बालाजी अकेडमी बंकी ब्रांच में सभी हाउसेस की इंटर और इंट्रा प्रतियोगिताये आयोजित की गई जिसमें ग्रुप ए इंट्र नृत्य,ग्रुप बी इंट्रा गायन एवं ग्रुप सी इंट्रा जीके क्विज प्रतियोगिताएं शामिल है । जिसमें सीनियर , जूनियर दोनों वर्ग के बच्चों ने भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उमंग, लगन और रचनात्मकता के साथ भाग लेकर यह साबित किया कि भविष्य उन्हीं का है जो पूरे मन से कोशिश करते हैं। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बच्चों को अपनी कला और ज्ञान को निखारने का अवसर देना हैं।बालाजी का बचपन सत्य प्रेमी ब्रांच में आयोजित प्रतियोगिताएं में ग्रुप ए इंट्र नृत्य प्रतियोगिता में इनोवेशन हाउस से प्रथम स्थान ओजस्वी,द्वितीय स्थान श्रीकंठ, तृतीय स्थान शिवन्या, सांत्वना पुरस्कार अक्षरा, क्रिएटिविटी हाउस से प्रथम स्थान कश्वी, द्वितीय स्थान लवी, तृतीय स्थान वैष्णवी पांडे, सांत्वना पुरस्कार काव्या, कंपैशन हाउस से प्रथम स्थान वर्णिका,द्वितीय स्थान उम्मै, तृतीय स्थान ईशान्वी, सांत्वना पुरस्कार रनिया, स्ट्रैंथ हाउस से प्रथम स्थान आरव,द्वितीय स्थान अपराजिता, तृतीय स्थान अधिप, सांत्वना पुरस्कार आराध्या कनौजिया ने प्राप्त किया। ग्रुप बी इंट्रा गायन प्रतियोगिता में इनोवेशन हाउस से प्रथम स्थान कुशाग्र,द्वितीय स्थान शगुन ,तृतीय स्थान आदित्य वर्मा, सांत्वना पुरस्कार अक्षत, कंपैशन हाउस से प्रथम स्थान आशी, द्वितीय स्थान आयशा, तृतीय स्थान अतः प्रताप सिंह सांत्वना पुरस्कार तेजस निगम, क्रिएटिविटी हाउस से प्रथम स्थान हुरैन, द्वितीय स्थान महिमा, तृतीय स्थान लावण्या,स्ट्रैंथ हाउस से प्रथम स्थान बरिरा, द्वितीय स्थान बिलाल, तृतीय स्थान आराध्या ने प्राप्त किया। ग्रुप सी इंट्रा जीके क्विज में इनोवेशन हाउस से प्रथम स्थान आन्या,द्वितीय स्थान मान्या, तृतीय स्थान अर्णव, कंपैशन हाउस से प्रथम स्थान लव्या, द्वितीय स्थान विनायक मिश्रा, तृतीय स्थान स्वास्तिक पांडे, स्ट्रैंथ हाउस से प्रथम स्थान नूपुर,द्वितीय स्थान अंश,तृतीय स्थान मानवीक, क्रिएटिविटी हाउस से प्रथम स्थान श्रेष्ठ, द्वितीय स्थान जकरिया ने प्राप्त किया। बालाजी अकैडमी बंकी ब्रांच में ग्रुप ए इंट्र नृत्य प्रतियोगिता में इंटीग्रिटी हाउस से प्रथम स्थान दिव्या, द्वितीय स्थान ओम,तृतीय स्थान माही, हार्मनी हाउस से प्रथम स्थान राशी, द्वितीय स्थान जया, तृतीय स्थान जीत्या, द सांत्वना पुरस्कार इनाया,विजडम हाउस से प्रथम स्थान माही,द्वितीय स्थान आयशा, तृतीय स्थान मानवी, करिज हाउस से प्रथम स्थान आराध्या,द्वितीय स्थान कशिश तृतीय स्थान सबनूर ने प्राप्त किया। ग्रुप बी इंट्रा गायन प्रतियोगिता में हार्मनी हाउस से प्रथम स्थान मानसी द्वितीय स्थान शाज़िफ़, तृतीय स्थान अदीबा, विजडम हाउस से प्रथम स्थान अनंत कुमार, द्वितीय स्थान रोहन कुमार, तृतीय स्थान अंशिका जायसवाल, करिज हाउस से प्रथम स्थान अर्श, द्वितीय स्थान अर्पित, तृतीय स्थान मिष्टी ,इंटीग्रिटी हाउस से प्रथम स्थान माज़ अली, द्वितीय स्थान अनंत वर्मा तृतीय स्थान लावण्या बंसल ने प्राप्त किया।ग्रुप सी इंट्रा जीके क्विज प्रतियोगिता में करिज हाउस से प्रथम स्थान अल्का,द्वितीय स्थान अरिबा, तृतीय स्थान साइबा,विजडम हाउस से प्रथम स्थान अदनान,द्वितीय स्थान अंश रंजन, तृतीय स्थान अरनव श्रीवास्तव, हार्मनी हाउस से प्रथम स्थान राधिका मौर्या,द्वितीय स्थान गुरुंश सिंह, तृतीय स्थान अभिषेक मौर्य,इंटीग्रिटी हाउस से प्रथम स्थान लक्ष्य,द्वितीय स्थान शिवांश, तृतीय स्थान रश्मि यादव ने प्राप्त किया। टाइम्स पब्लिक स्कूल कंपनी बाग में आयोजित प्रतियोगिता मे नृत्य प्रतियोगिता में कक्षा प्ले ग्रुप से प्रथम स्थान हानियां किदवई , द्वितीय स्थान जुनिशा,तृतीय स्थान सफ़वान हसन, सांत्वना पुरस्कार कृष्णावी पटेल, वेदांत पाठक ,मोहम्मद अब्दुल्ला, कविश गोस्वामी, कक्षा अपर प्ले ग्रुप से प्रथम स्थान स्वास्तिक मिश्रा, द्वितीय स्थान मोहम्मद यूसुफ ,तृतीय स्थान दिविषा सिंह, सांत्वना पुरस्कार मोहम्मद वहाज कफील खान ,समरा शेख,अनंत पाठक अथर्व पांडे, वामिका यादव,कक्षा एलकेजी से प्रथम स्थान अतुल्य पटेल, द्वितीय स्थान आयेजा खान, तृतीय स्थान अरुण श्रीवास्तव, सांत्वना पुरस्कार अन्वी मिश्रा इलाम जावेद आराध्या पांडे,श्रेयांशी वर्मा,अनया श्रीवास्तव ने प्राप्त किया। बालाजी किड्स प्ले स्कूल में नृत्य प्रतियोगिता में कक्षा प्ले ग्रुप से प्रथम स्थान मरियम सिद्दीकी ,तनीषा गुप्ता, द्वितीय स्थान कार्तिक कुमार, आरव निगम,तृतीय स्थान आयत अली, हम्माद हुसैन ने प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक श्री अंकुर माथुर जी तथा चारों शाखाओं की प्रधानाध्यापिकाओं द्वारा विजेताओं को मेडल और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया।

# दीनहीन–वंचितों की सेवा ही भगवान की सेवा: परमपूज्य अतुल भारद्वाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### भेदभाव छुआछूत से बचाव,एकता का आवाहन



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। कस्बा टिकैत नगर दुर्गा पूजा स्थल प्रांगण आयोजित भागवत कथा के पांचवें दिवस कथा व्यास पूज्य अतुल कृष्ण भारद्वाज द्वारा प्रभु श्रीराम द्वारा धनुष भंग, परशुराम, लक्ष्मण संवाद एवं श्रीराम विवाह के प्रसंगों का वर्णन श्रोता भाव विभोर हुए।पूज्य कथा व्यास भारद्वाज ने सीता स्वयंवर के रहस्य की भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि जब विश्वामित्र जी ने सम्पूर्ण उत्तर भारत को दुष्ट राक्षसों से मुक्त करा लिया एवं सभी ऋषि वैज्ञानिकों के यज्ञ सुचारू रूप से होने लगे तो वे श्रीराम को जनकपुरी की ओर लेकर चल पड़े जहां सीता स्वयंवर चल रहा था। सीता स्वयंवर में जब कोई राजा धनुष को नहीं तोड़ पा रहा था तो श्रीराम ने विश्वामित्र जी की आज्ञा पाकर धनुष को तोड़ दिया जिसका अर्थ पूरे विश्व में दुष्टों को सावधान करना था कि अब कोई चाहे कितना भी शक्तिशाली राक्षस वृत्ति का हो वह जीवित नहीं बचेगा।धनुष टूटने का पता चलने पर परशुराम जी का स्वयंवर सभा में आना एवं श्रीराम लक्ष्मण से तर्क वितर्क करके संतुष्ट होना कि श्रीराम पूरे विश्व का कल्याण करने में सक्षम है स्वयं अपने आराध्य के प्रति भक्ति में लीन हो गये एवं समाज की जिम्मेदारी जो परशुराम ने ले रखी थी जिससे कि दुष्ट राजाओं को भय था परशुराम ने वह सामाजिक जिम्मेदारी श्री राम को सौंप दी और स्वयं भक्ति में लीन हुए। भारद्वाज जी ने आगे कहा कि भगवान कण-कण में विराजमान है। अगर हम समाज में दीन-दुखियों वनवासियों आदिवासियों के कष्ट दूर करते हुए संगठित शक्ति के द्वारा ही समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर किया इसीलिए श्री राम भगवान कहलाये उसी प्रकार आज भी समाज में व्याप्त बुराईयों को अच्छे लोग संगठित होकर ही दूर कर सकतें है। कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए व्यास जी ने कहा कि राजा जनक राजा दशरथ को बारात लाने का न्यौता भेजा एवं राजा दशरथ नाचते गाते बारातियों सहित जनकपुरी पहुंचे। बारात में शामिल उपस्थित श्रोता जनसमूह खूब भाव पूर्ण नाचे गाये।पूज्य अतुल कृष्ण भारद्वाज ने श्रोताओं से आग्रह पूर्वक निवेदन करते हुए कहा कि जिस संगठित शक्ति के बल पर वनवासी गिरिवासी बंधुओं ने आपत्तिकाल में श्रीहनुमान जी महराज के नेतृत्व में धर्म की स्थापना और अधर्म के विनाश के लिए स्तुत्य कार्य किया, उसी प्रकार समस्त प्रकार के भेद-भावों से रहित होकर हम सबको जीवन में कुछ महान कार्य करने की ललक पैदा करना चाहिए। जिससे आज समाज में पैदा भेद भाव ऊंच नीच छुआ छुत दूर हो सकें।

# मीना मंच, सशक्तिकरण दिया गया प्रशिक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। बनीकोडर क्षेत्र के कोटवा सड़क संसाधन केंद्र पर आयोजित बालिका शिक्षा मीना मंच के सशक्तिकरण हेतु संदर्भ दाताओं का प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में प्रगति के पंख,अरमान माड्यूल, शिक्षक संदर्शिका एवं टूल 10 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। बीईओ संजय कुमार राय ने बालिका शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया और सभी प्रतिभागियों से प्रत्येक सप्ताह मीना मंच की गतिविधियों को प्रभावी रूप से आयोजित करने को कहा। यूनीसेफ के श्रीपीटर ने कार्यक्रम के महत्व को विस्तार पूर्वक बताया।प्रशिक्षण राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं वैशाली गुलसिया द्वारा प्रदान किया गया।इस अवसर पर क्षेत्र के सभी उच्च प्राथमिक विद्यालय के संदर्भ दाता मौजूद रहे।

## जिला गन्ना अधिकारी ने कई गन्ना क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण

पीलीभीत। जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने गुलरिया चीनी मिल के क्रय केंद्र मुरादपुर द्वितीय का निरीक्षण किया गया। यह क्रय केंद्र गन्ना विकास समिति पूरनपुर के अंतर्गत आता है। यहाँ से लखीमपुर खीरी की गुलरिया चीनी मिल गन्ने की खरीद करती है। यह क्रय केंद्र पीलीभीत से 75 किमी की दूरी पर है। क्रय केंद्र पर अब तक 52642.02 कुं गन्ना खरीद की जा चुकी है। क्रय केंद्र पर ई. आर.पी.से नियुक्त तौल लिपिक जयदीप कुमार तौल कार्य कर रहे है। क्रय केंद्र पर सभी अभिलेख पूर्ण पाये गये। क्रय केंद्र पर उपस्थित किसानो से गन्ना उठान, यस. यम.यस.पर्ची और लोडिंग अनलोडिंग के बारे मे वार्ता की गयी। क्रय केंद्र पर चौथे पक्ष के पांचवे कालम की पर्चियों की तौल की जा रही है। जारी इंडेंट के सापेक्ष प्रतिदिन गन्ने की उठान की जा रही है। किसानों द्वारा बताया गया कि लोडिंग अनलोडिंग का कोई भी शुल्क गन्ना किसानों से नहीं लिया जा रहा है। जिला गन्ना अधिकारी द्वारा किसानों को बताया गया की मिनिस्ती यस गन्ना आयुक्त उत्तर ने स्पष्ट निर्देश दिये है कि किसी भी किसान से क्रय केंद्र पर कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा। यदि किसी क्रय केंद्र पर लोडिंग अनलोडिंग का शुल्क लिया जायेगा तो सम्बंधित तौल लिपिक, चीनी मिल अध्यासी और ट्रांसपोर्टर के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी। किसान भाई किसी भी असुविधा के लिये चीनी मिल एवं विभाग अधिकारियो से तत्काल संपर्क करें। सभी अधिकारियों के सी यू जी नंबर क्रय केन्द्रों पर उपलब्ध है। इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पूरनपुर, गन्ना किसान योगेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, होरी लाल वर्मा व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया पीआरडी स्थापना दिवस

पीलीभीत।प्रांतीय रक्षक दल विभाग पीलीभीत के द्वारा 11 दिसंबर 2025 को परेड ग्राउंड पुलिस लाइन पीलीभीत में 77वां पीआरडी स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस परेड का मान प्रणाम अभिषेक यादव पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वीकार किया गया। पुलिस अधीक्षक के द्वारा पीआरडी जवानों का उत्साह वर्धन करते हुए परेड की सराहना की एवं वर्दी की महत्ता को बताते हुए लग्न के साथ ड्यूटी करने एवं अपने कर्तव्य का पालन करने के लिए प्रेरित किया। स्थापना दिवस परेड में कुल 69 पीआरडी जवानों ने भाग लिया। जिसमें तीन टोलियों के द्वारा परेड की गई। परेड का नेतृत्व परेड कमांडर प्रथम प्रेमपाल के द्वारा किया गया। प्रेम प्रकाश परेड कमांडर द्वितीय, महेंद्र कुमार परेड कमांडर तृतीय रहे। प्रथम टोली का नेतृत्व पीआरडी जवान विपिन कुमार, द्वितीय टोली का नेतृत्व हीरा लाल एवं तृतीय टोली कमांडर श्रीपाल रहें। परेड के उपरांत जवानों की दौड़ प्रतियोगिता एवं रस्सा कसी खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें रूपेंद्र कुमार प्रथम, इवने हसन द्वितीय एवं कमलेश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रस्साकसी में टोली नंबर वन ने प्रथम स्थान हासिल किया।पीआरडी जवानों को ट्रेनिंग उपनिरीक्षक बलराम सिंह, इंस्ट्रक्टर मुजम्मिल खान,आदेश कुमार आदि के द्वारा दी गई। कार्यक्रम के आयोजन एवं जवानों की ट्रेनिंग में प्रतिसार निरीक्षक संतोष कुमार राघव एवं मेजर पवन कुमार त्यागी का विशेष योगदान रहा। स्थापना दिवस परेड कार्यक्रम के दौरान प्रतिसार निरीक्षक संतोष कुमार राघव, मेजर पवन कुमार त्यागी, छबिराम सिंह क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, इंस्ट्रक्टर आदेश कुमार, पीटीआई प्रदीप कुमार एवं कार्यालय सहायक हेमंत कुमार एवं पीआरडी के जवान उपस्थित रहे। मंच संचालन का कार्य हरिओम बाजपेई के द्वारा एवं बैंड संचालन पीआरडी जवान रमेश कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अमित कुमार प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी के द्वारा कराया गया एवं सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# भांजे ने मामा को पिता बना कर संपति की करा ली वरासत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### छोटा भाई न्याय के लिए दर दर की ठोकरे खाने को मजबूर

सुलतानपुर। संपति की खातिर इन्सान किस हद तक गिर सकता है शायद यह किसी से छुपा नही है ऐसा ही एक अजीबो गरीब वाकया प्रकाश में आया है। एक भांजे ने अपने ही सगे मामा को पिता बना कर उनकी संपति की वरासत अपने नाम करवा ली छोटे भाई को जब इसकी जानकारी हुई तो उसने उपजिलाधिकारी से शिकायत की है। मामला बल्दीराय तहसील क्षेत्र ग्राम पूरे मेहरवान मजरे सोरांव का है ग्राम निवासी गोकरन उपाध्याय दो सगे भाई है जिसमे बड़ा भाई रमेश कुमार है रमेश कुमार व उनकी पत्नी ऊषा की मृतक हो चुकी है। इसी बीच रमेश का भांजा अमित कुमार पुत्र राम संजीवन निवासी पूरे बक्तावर मजरे सोरांव ने अपने सगे मामा रमेश को अपना पिता बना कर उसकी जायदाद की वरासत अपने नाम करवा ली जब इसकी जानकारी गोकरन को हुई तो वह इसकी शिकायत उपजिलाधिकारी से की लेकिन कार्यवाही नही हुई। पीडित ने जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक राजस्व परिषद अध्यक्ष व मुख्यमंत्री से जरिए प्रार्थना पत्र न्याय की गुहार की है और दोषी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

## अधिवक्ता से लूट के आरोपी टैक्सी स्टैंड संचालक की जमानत खारिज

सुलतानपुर। अधिवक्ता से बदसलूकी और लूट के मामले में आरोपी टैक्सी स्टैंड संचालक क़ाज़िम हुसैन को ज़िला अदालत से बड़ा झटका लगा है। सीजेएम नवनीत सिंह की अदालत ने अपराध की गंभीरता देखते हुए उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी। अधिवक्ता समर बहादुर सिंह ने 25 नवम्बर को लखनऊ जाते समय अमहट चौराहे पर क़ाज़िम पर अभद्रता, 200 रुपये की अवैध मांग, पीछा करने, गाड़ी रोकने और ?10,000 लूटने का आरोप लगाया था। साथ ही जान से मारने की धमकी देने की भी शिकायत की थी। अधिवक्ता ने 30 नवम्बर को लौटकर मुकदमा दर्ज कराया, जिसके बाद 2 दिसम्बर को पुलिस ने क़ाज़िम को गिरफ्तार कर जेल भेजा। हालांकि उसके तीन अज्ञात साथी अभी तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। क़ाज़िम पर पहले भी दो अन्य मुकदमे दर्ज हो चुके हैं, जिसके चलते प्रशासन उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई पर विचार कर रहा है।

# खेल से स्वस्थ मस्तिष्क बढ़ता भाई चारा : रियाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। नगर पंचायत के बड़ी बाजार स्थित'' फील्ड'' पर आयोजित चार दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का उद्घाटन वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व पंचायत अध्यक्ष रियाज अहमद द्वारा शिबू खान आसिफ राइन. बबलू आरा मशीन की गरिमा पूर्ण उपस्थिति में फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के पश्चात खिलाड़ियों का लोगों से बात करते हुए श्री रियाज ने कहा कि खेलों से सेहत बनती है व आपसी भाईचारा भी बढ़ता है। तत्पश्चात उद्घाटन मैच का टॉस जीत कर लकी 11 ने पहले बल्लेबाजी का फैसला करते हुए निर्धारित आर्ट ओवर में 41 रनों का विशाल स्कोर बनाया! लक्ष्य का पीछा करते हुए मैदान में उतरी सरक के खिलाड़ियों ने मात्र 10 गेंद में ही निर्धारित 42 रन बनाकर मैच पर कब्जा कर लिया। एसआरके टीम के युवा खिलाड़ी फैसल खान ने छह छक्के व दो रन लेकर सर्वाधिक 38 रन बनाएं जिन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस अवसर पर शिबू खान आसिफ राईन परवेज खान शोएब राईन बबलू आरा मशीन. मैसुअल सिद्दीकी. रिहान हवड़ा. मुन्ना ड्राइवर सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी व दर्शक उपस्थित रहे।

## पुलिस पर हमले के दो मुख्य आरोपी अब भी फरार

सुल्तानपुर। हलियापुर थाना क्षेत्र के डोभियारा लाला का पुरवा गांव में 20 नवंबर को दबिश देने गई पुलिस टीम पर हुए हमले को 22 दिन गुजर गए, लेकिन पुलिस पर जानलेवा हमला कर सरकारी असलहा और कारतूस लूट ले जाने वाले मुख्य आरोपी आदर्श सिंह और उसके पिता दशरथ सिंह अब भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महकमे में लगातार बेचैनी बनी हुई है। घटना के दिन अयोध्या के कुमारगंज थाना क्षेत्र से पहुंचे दो दारोगा और एक सिपाही पर आरोपियों ने हमला बोल दिया था।

## शराबी पुत्र का मां पर जानलेवा हमला

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघटेर थाना क्षेत्र के नंदपुर गांव निवासी रामरानी पत्नी रामकुमार के दो पुत्र हैं।बड़ा लडका शिव बालक व छोटा लड़का शिव भगवान है। दोनों लड़के एक ही मकान में अलग अलग कमरों में रहते हैं।मंगलवार को शिव भगवान प्रतिदिन की तरह शाम शराब के नशे में घर पहुंचा और भाई को गालियां देने लगा। मां ने उसे समझाने की कोशिश की। इसी दौरान अचानक वह उग्र हो गया और मां को मारने लगा तभी वह गिर पड़ी।बड़े भाई ने पकड़ने की कोशिश को तो युवक धक्का देकर गांव में निकल गया।आस पास के लोगों ने घायल महिला को सीएचसी घुंघटेर पहुंचाया। घुंघटेर थानाध्यक्ष बेचू सिंह यादव ने बताया कि मां की तहरीर पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।आरोपित युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## धूमधाम से मनाया गया पीआरडी स्थापना दिवस

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। गुरुवार को मिनी स्टेडियम रामसनेहीघाट में 77 वां पीआरडी स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री सतीश चन्द्र ने परेड की सलामी ली और नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।पीआरडी जवानों की भव्य रैतिक परेड,जिसने पूरे परिसर को सैन्य अनुशासन की गरिमा से भर दिया। जवानों की सटीक कदमताल,कमांडरों की कमांड और बेमिसाल तालमेल देख दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं।मंत्री ने परेड के अद्भुत प्रदर्शन को देखते हुए कहा कि आज पीआरडी जवानों ने जिस अनुशासन और ऊर्जा का प्रदर्शन किया है,वह किसी उच्चस्तरीय सैन्य परेड से कम नहीं। खिलाड़ियों की मांग पर उन्होंने पायका मैदान में फुटबॉल के लिए दोनों ओर पोल व जाल और बैडमिंटन के लिए जाल की व्यवस्था का ऐलान किया।कार्यक्रम के दौरान फतेहपुर टोली के जवान उत्तम कुमार, पूरे डलई टोली के विवेक कुमार, बनीकोडर टोली के अमन कुमार,परेड कमांडेंट विक्रांत मिश्रा,खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार राय,पूर्व खेल अधिकारी मो. अहमद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## फतेहपुर बुढ़वल मार्ग पर हाइट गेज स्थापित

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रामनगर के फ़तेहपुर बुढ़वल मार्ग पर रेल विभाग ने ओवरलोड और भारी वाहनों की आवाजाही रोकने के हेतु 3 मीटर ऊंचाई के तीन हाइट गेट स्थापित किए हैं।यह कदम एक ओवरलोड डंपर के रेलवे ब्रिज से नीचे ट्रैक पर गिरने जाने के बाद लिया गया।नए लगाए गए हाइट गेटों से छोटे वाहन स्कूल बस एंबुलेंस कार ट्रैक्टर आदि गुजर सकेंगे जबकि ट्रक व डंपर पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे।यह कार्य रेल सेतु एवं रेलवे ट्रैक के आसपास होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने में महत्वपूर्ण साबित होगा इस जरूरी कार्य को देखकर क्षेत्रवासी ग्रामीण प्रसन्न दिखे।

## राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना में अब तक 1607 को मिला लाभ

मुरादाबाद। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना का मुख्य उद्देश्य परिवार के कमाऊ सदस्य की मृत्यु की दशा में उसके आश्रितों को जीवन निर्वाह के लिए एक मुश्त सहायता प्रदान करना है। जिला समाज कल्याण अधिकारी पंखुरी जैन ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित इस योजना के अंतर्गत मृतक की आयु 18 से 59 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा मृतक के परिवार की आय ग्रामीण क्षेत्र का निवासी होने की दशा में 46080 रुपए और शहरी क्षेत्र में निवासी होने की स्थिति में 56460 रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस योजना में मृतक की मृत्यु की तिथि से एक वर्ष के भीतर ऑनलाइन आवेदन करने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ प्रदान करने के लिए विभाग द्वारा पोर्टल फ्ध्पदद.द्धध्प.द्धद्ध के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए जाते हैं तथा निर्धारित पात्रता पूरी करने वाले आवेदकों को एकमुश्त 30 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक 1607 लाभार्थियों को इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया जा चुका है।

# लेजेंड्स प्रो टी-20 लीग में खेलेंगे रॉबिन उथप्पा, क्रिस गेल और जैक कैलिस

एजेंसी

नई दिल्ली। लेजेंड्स प्रो टी-20 लीग ने अपने डेब्यू सीज़न के लिए खिलाड़ियों की सूची जारी की है, जिसमें क्रिस गेल, जैक कैलिस, रॉबिन उथप्पा, अंबाती रायुडू और स्टुअर्ट बिन्नी की भागीदारी की पुष्टि की गई है। क्रिस गेल आयोजकों की ओर से जारी एक बयान में ने कहा, मेरी कई बेहतरीन क्रिकेट यादें उन खिलाड़ियों से जुड़ी हैं जो इस लीग में खेलेंगे। मैंने कैलिस के खिलाफ खेला है, जब उन्हें पार करना लगभग नामुमकिन लगता था। उथप्पा के साथ बल्लेबाजी की लय पर बात की है, और रायुडू के मज़ाक इतने सुने हैं कि अब गिन नहीं सकता और जब धवन या वॉटसन जैसे नाम फिर सामने आते हैं, तो वो एहसास और बढ़ जाता है। दोबारा साथ आना—वही मज़ाक, वही प्रतिस्पर्धा, वही सम्मान—सब वापस ले आता है। लेजेंड्स प्रो टी20 लीग हमें यही मौका दे रही है। जैक कैलिस ने कहा, जब आप खेल से थोड़ा दूर रहते हैं तो एहसास होता है कि हाथ में बल्ला

**लेजेंड्स प्रो टी-20 लीग में खेलेंगे रॉबिन उथप्पा, क्रिस गेल और जैक कैलिस**

**उद्घाटन सत्र में अंबाती रायुडू और स्टुअर्ट बिन्नी भी हुए शामिल**

पकड़ने का एहसास कितना मिस होता है, मैं सच में उत्साहित हूँ—फिर से गेंद मारने की वह आसान-सी लय, टाइमिंग ढूँढना, एक खिलाड़ी जैसा महसूस होना और माइकल क्लार्क का लीग कमिश्नर के रूप में आना एक नई ऊर्जा जोड़ता है। उनका क्रिकेटिंग दिमाग हमेशा तेज़ रहा है, और उनकी नई भूमिका पूरे सेटअप में नई पेशेवरियत और विज़न लाती है। इससे मैदान पर लौटने और परिचित चेहरों के साथ खेल का आनंद लेने की उत्सुकता और बढ़ जाती है। रॉबिन उथप्पा ने कहा, मैंने रायुडू का



पहले प्रतिद्वंद्वी के रूप में सामना किया और बाद में ड्रेसिंग रूम भी साझा किया—उनकी तीव्रता हमेशा अलग दिखती है,दिनेश कार्तिक के साथ मैंने फिनिशिंग पर अनगिनत चर्चाएँ की हैं, और अंडर-19 के दिनों से साथ खेलने की वजह से हमारे बीच एक स्वाभाविक तालमेल है। शॉन मार्श उन बल्लेबाज़ों में से थे जो बल्लेबाजी को बेहद आसान दिखाते थे। इसे फिर से जीना—और वो भी बिना फ्रेंचाइज़ी दबाव के—वास्तव में मैं इसका इंतज़ार कर रहा हूँ। यह बिल्कुल वैसा है जैसे पुराने क्रिकेटिंग रिश्तों को फिर वहीं से आगे बढ़ा देना। अंबाती रायुडू ने उन रिश्तों की बात की जो फॉर्मेट और सीज़न से परे भी बने रहते हैं। उन्होंने कहा, जब आप अपने आसपास उन खिलाड़ियों को देखते हैं जिनके खिलाफ खेला है और जिनके साथ खिताब जीते हैं, तो आपको याद आता है कि आप इस खेल से इतना प्यार क्यों करते हैं,मैंने बिन्नी के साथ कड़े मुकाबले खेले हैं, उथप्पा के साथ लंबे नेट सेशन किए हैं, गेल के साथ अविस्मरणीय लड़ाइयाँ लड़ी हैं, और शेन वॉटसन के साथ कुछ बेहतरीन पल बिताए हैं। और जब अमित मिश्रा या विनय कुमार जैसे खिलाड़ी आते हैं, तो तुरंत वही पुराने दिन याद आ जाते हैं। उस दुनिया का थोड़ा-सा हिस्सा भी फिर से जीना—इसे मैं छोड़ नहीं सकता था। स्टुअर्ट बिन्नी ने कहा,मुझे उत्साहित सिर्फ क्रिकेट नहीं करता, बल्कि यह पूरा समूह करता है, हमने दुनिया भर में खेला है और ऐसे पल साझा किए हैं जो स्कोरकार्ड से कहीं आगे जाते हैं।

# एशियन यूथ पैरा गेम्स दुबई: भारत के अब्दुल कादिर इंदौरी ने तैराकी में जीते दो स्वर्ण पदक

एजेंसी

दुबई। एशियन यूथ पैरा गेम्स 2025 में भारतीय तैराक अब्दुल कादिर इंदौरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इंदौरी ने 50 मीटर बटरफ्लाई और 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में पहला स्थान हासिल किया। पैरा ओलंपिक समिति ऑफ इंडिया ने एक्स पर उनकी सफलता की सराहना करते हुए लिखा, भारत के लिए स्वर्णिम उपलब्धि! यह उनकी मेहनत, अनुशासन और भारत के युवा पैरा खिलाड़ियों की बढ़ती क्षमता का प्रतिबिंब है। बधाई हो, अब्दुल! इसी बीच, बुधवार को दुबई में एशियन यूथ पैरा गेम्स 2025 का उद्घाटन समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ एशिया के विभिन्न देशों से आए युवा पैरा खिलाड़ियों ने भाग लिया। पिछले संस्करण (बहरीन 2021) में 51 स्वर्ण पदक जीतकर तालिका में शीर्ष पर रहने वाला ईरान इस बार भी सबसे बड़ा दल उतार रहा है। कुल 195 खिलाड़ी



भेजकर ईरान ने युवाओं के विकास और पैरा खेलों के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाया है। एशियन पैरा ओलंपिक कमेटी की जानकारी के अनुसार, उजबेकिस्तान (124), थाईलैंड (122) और भारत (122) क्रमशः दूसरे और तीसरे सबसे बड़े दल लेकर प्रतियोगिता में उतरे हैं। मेज़बान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) 55 खिलाड़ियों के साथ हिस्सा ले रहा है, जो देश में पैरा खेलों के विकास और क्षेत्र में समावेशन को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों को दर्शाता है। दुबई 2017 के बाद दूसरी बार इन खेलों की मेजबानी कर रहा है, जिससे एशिया में पैरा खेलों के प्रमुख केंद्र के रूप में उसकी पहचान और मजबूत हुई है। पिछले संस्करण में शीर्ष पर रहने वाला ईरान इस बार भी अपने खिताब बरकरार रखने की तैयारी के साथ उतरा है। इन खेलों में एशिया के कई शीर्ष पैरा खिलाड़ी भी शामिल होंगे, जिनमें ईरान की पैरा ताइक्वांडो खिलाड़ी ज़हरा रहीमी पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों की रजत पदक विजेता और चीनी ताइपे के चेन पो-येन आईटीटीएफ विश्व नंबर 1 और पेरिस 2024 के क्लास 11 रजत पदक विजेता प्रमुख नाम हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने अंडर-19 विश्व कप के लिए घोषित की टीम, ओलिवर पीक होंगे कप्तान

एजेंसी

मेलबर्न। विक्टोरिया के युवा बल्लेबाज़ ओलिवर पीक अगले महीने होने वाले आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे। बाएं हाथ के इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी ने शैफील्ड शील्ड में अपने प्रदर्शन से पहले ही पहचान बना ली है। 19 वर्षीय पीक दूसरी बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं। वे 2024 में दक्षिण अफ्रीका में खिताब जीतने वाली टीम के सबसे युवा सदस्य थे, जब उन्हें पहले मैच के बाद चोटिल कोरी वास्ली की जगह स्क्वॉड में शामिल किया गया था। इस बार अंडर-19 विश्व कप अफ्रीकी महाद्वीप में नामीबिया और जिम्बाब्वे में 15 जनवरी से 6 फरवरी तक खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया को शुरुआती चरण में आयरलैंड, जापान और श्रीलंका के साथ समूहबद्ध किया गया है। टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग लेंगी, जिनमें से प्रत्येक समूह की शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स चरण में पहुंचेंगी, जिसके बाद सेमीफाइनल और फाइनल खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में सितंबर-अक्टूबर में खेले गए भारत के खिलाफ तीन युवा वनडे और दो युवा टेस्ट मैचों की टीम का अधिकांश हिस्सा बरकरार रखा गया है। नितेश सैमुअल, नादेन कुरे और विलियम टेलर—ये तीन नए चेहरे हाल ही में पर्थ में आयोजित अंडर-19 मेन्स नेशनल चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन के कारण चुने गए। सैमुअल ने इस आठ दिवसीय टूर्नामेंट में 364 रन बनाकर 91 की औसत से सर्वाधिक रन जुटाए और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए। उन्हें और कुरे को टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम में भी शामिल किया गया।

# मेसी 13 दिसंबर को आएंगे भारत, कोलकाता से शुरू होगा 'गोट टूर 2025'

एजेंसी

नई दिल्ली। फुटबॉल दिग्गज लियोनल मेसी 13 से 15 दिसंबर तक होने वाले बहुप्रतीक्षित 'गोट टूर 2025' के लिए 13 दिसंबर को भारत पहुंचेंगे। तीन दिनों तक चलने वाला यह आयोजन देश के चार बड़े शहरों—कोलकाता, हैदराबाद, मुंबई और नई दिल्ली में होगा। मेसी मियामी से यात्रा कर रहे हैं और 13 दिसंबर की रात करीब 1:30 बजे कोलकाता पहुंचने का कार्यक्रम है। कोलकाता में उनका दिनभर व्यस्त शेड्यूल रहेगा, जिसकी शुरुआत सुबह 9:30 बजे से होने वाली बैठकों से होगी। इसके बाद वह कई कार्यक्रमों और इंटरैक्शन में हिस्सा लेंगे। दोपहर 2 बजे वह हैदराबाद रवाना होंगे। कोलकाता दौरे के दौरान मेसी की मुलाकात पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान सौरव गांगुली और पश्चिम



बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से भी तय है। हैदराबाद में मेसी का मुख्य कार्यक्रम राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होने वाला 7फ7 एग्ज़िबिशन फुटबॉल मैच होगा। इस आयोजन में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी शामिल होंगे। शाम को मेसी के शानदार करियर का जश्न मनाने के लिए एक भव्य संगीत कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। 'गोट टूर हैदराबाद' की मुख्य संरक्षक और सलाहकार, पार्वती रेड्डी ने एक बयान में कहा कि हैदराबाद चरण का मुख्य आकर्षण युवा खिलाड़ियों के लिए एक विशेष फुटबॉल क्लिनिक होगा। उन्होंने कहा, ्लयह मुख्य रूप से फुटबॉल क्लिनिक पर केंद्रित है, जिसे मेसी खुद लीड करेंगे।ङ्क उन्होंने यह भी खुलासा किया कि मेसी के साथ इंटर मियामी के साथी खिलाड़ी रोड्रिगो डी पॉल और लुइस सुआरेज़ भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा, ्लरोड्रिगो (डी पॉल) और लुइस सुआरेज़ भी क्लिनिक का हिस्सा होंगे। वे बच्चों को ट्रेनिंग देंगे, प्रेरित करेंगे और फुटबॉल के टिप्स साझा करेंगे। हैदराबाद के कार्यक्रमों के बाद मेसी मुंबई और फिर दिल्ली जाएंगे।' गोट इंडिया टूर 2025' एक पैन-इंडिया उत्सव के रूप में बनाया गया है, जिसकी शुरुआत 13 दिसंबर को पूर्व (कोलकाता) और दक्षिण (हैदराबाद) से होगी, 14 दिसंबर को पश्चिम (मुंबई) में पहुंचेगी।

## फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम फाइनल में कार्लसन और अरोनियन के बीच खिताबी मुकाबला

नई दिल्ली। पूर्व विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव को हराते हुए फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम फाइनल के खिताबी मुकाबले में जगह बना ली है, जहां उनका सामना अमेरिका के लेवोन अरोनियन से होगा। सिंदारोव ने कार्लसन को कड़ी चुनौती दी। उन्होंने दूसरा रैपिड गेम जीतकर मुकाबले को ब्लिट्ज टाईब्रेकर तक पहुंचाया। ब्लिट्ज मुकाबलों में तेज समय दबाव के बीच कार्लसन ने पहला 5+2 गेम जीता और दूसरा ड्रॉ कराते हुए फाइनल का टिकट पक्का किया। ब्लिट्ज मुकाबलों पर कार्लसन ने कहा, यह दोनों खिलाड़ियों की पूरी तरह से गड़बड़ी थी। क्या कहूं, यह बस खेल ही था। मैं बस उनसे थोड़ा अधिक टिक पाया और फाइनल में पहुंचकर अच्छा लग रहा है।

# माइक्रोसॉफ्ट भारत के एआई परिवेश को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रहा है: सत्य नडेला

एजेंसी

बेंगलुरु। अमेरिकी बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला ने बृहस्पतिवार को कहा कि कंपनी बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे में निवेश के साथ भारत के कृत्रिम मेधा (एआई) परिवेश को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट, 'क्लाउड' क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को मजबूत कर रहा है और एआई-संचालित भविष्य के लिए लाखों भारतीयों को कुशल बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। 'माइक्रोसॉफ्ट' के यहां आयोजित एक कार्यक्रम में नडेला ने कहा, ''हम भारत में निवेश करने को लेकर बहुत उत्साहित हैं ताकि हम यहां सर्वश्रेष्ठ श्रेणी का बुनियादी ढांचा ला सकें। यह 17.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश है। नडेला ने इसे एशिया में माइक्रोसॉफ्ट का सबसे बड़ा निवेश बताया। माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन ने देश भर में कंपनी के 'क्लाउड नेटवर्क' के तेजी से विस्तार पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ''हम 'एज्यूर' को विश्व के कंप्यूटर के रूप में विकसित कर रहे हैं और हमारे पास दुनिया भर में 70 से अधिक डेटा सेंटर क्षेत्र हैं। भारत में हमारी उपस्थिति लगातार बढ़ रही है। अब हमारे पास मध्य भारत, पश्चिम भारत, दक्षिण भारत में नेटवर्क है और हमने जियो के साथ भी साझेदारी की है। 'एज्यूर' माइक्रोसॉफ्ट द्वारा प्रदान किया गया एक व्यापक 'क्लाउड कंप्यूटिंग' मंच है। इस पर कंपनियां एवं डेवलपर अपनी एप्लिकेशन, वेबसाइट, डेटाबेस, स्टोरेज, एआई मॉडल तथा सर्वर ऑनलाइन बना, चला तथा प्रबंधित कर सकते हैं.. वह भी बिना अपने 'फिजिकल सर्वर' खरीदे। उन्होंने कहा कि एक नया डेटा सेंटर क्षेत्र 2026 में चालू हो जाएगा। नडेला ने कहा, ''हमें बेहद खुशी है कि 2026 में दक्षिण मध्य में हमारा एक नया डिजिटल सेंटर होगा। सबसे रोमांचक बात यह है कि यह पूरी तरह से पर्यावरण के अनुकूल है। उन्होंने एआई के बढ़ते उपयोग के इस युग में डिजिटल संप्रभुता एवं साइबर सुरक्षा के महत्व पर भी जोर दिया। नडेला कहा, ''हम संप्रभुता को लेकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि संप्रभुता के लिए विकल्पों का एक व्यापक खंड मौजूद हो। इसलिए आपके पास पब्लिक 'क्लाउड' है, पब्लिक क्लाउड में संप्रभु नियंत्रण हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि संप्रभुता को सुरक्षा से अलग करके नहीं देखा जा सकता। माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन नडेला ने बताया कि हाल में उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हुई जिन्होंने समाज, अर्थव्यवस्था एवं वृद्धि को गति देने के लिए इस निवेश (17.5 अरब अमेरिकी डॉलर) को लेकर काफी उत्साह दिखाया। उन्होंने कहा कि यह प्रतिबद्धता उनकी पिछली यात्रा के दौरान घोषित तीन अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के अतिरिक्त है।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद खैराबाद (सीतापुर)

पत्रांक-1027/1 / न0पा0प0 खैराबाद / 2025-26 दिनांक 06.12.2025

## ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद खैराबाद, सीतापुर द्वारा पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना अनुदान संख्या-37 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से जनहित में निम्न कार्य के लिए पंजीकृत ठेकेदार / फर्मो से ई-निविदा दिनांक 09.12.2025 से दिनांक 29.12.2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 29.12.2025 को पूर्वाह्न 12:00 बजे खोली जायेगी। निविदा की समस्त कार्यवाही www.etender.up.nic.in पर की जायेगी।

टेण्डर शेड्यूल (www.etender.up.nic.in पर)

| क्र.सं. | नगर पालिका परिषद खैराबाद | ठेकेदार | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | | 09.12.2025 05:00 PM | |
| 2 | | Tender Download | 09.12.2025 05:00 PM | 29.12.2025 11:30 AM |
| 3 | | Bid Submission | 09.12.2025 06:00 PM | 29.12.2025 11:30 AM |
| 4 | Tender Open | | 29.12.2025 12:00 AM | |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद खैराबाद
सीतापुर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद खैराबाद
सीतापुर


## नाबार्ड के सर्वे में ग्रामीण अर्थव्यवस्था के आधारभूत ढांचे में उल्लेखनीय सुधार का दावा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के दो महीनों के सर्वे से पता चला है कि ग्रामीण इलाकों में आय बढ़ने से लोगों में जबरदस्त उम्मीद जगी है। सर्वे में 80 फीसदी ग्रामीण परिवारों ने एक साल में लगातार ज्यादा खपत होने की बात कही है। नाबार्ड के 8वें ग्रामीण आर्थिक स्थिति एवं मत सर्वेक्षण (आरईसीएसएस) के मुताबिक पिछले एक वर्ष में ग्रामीण क्षेत्रों में मांग में उल्लेखनीय सुधार, आय में बढ़ोतरी और जीवन स्तर में बेहतर बदलाव के स्पष्ट संकेत मिले हैं। एक वर्ष के दौरान ग्रामीण अर्थव्यवस्था के आधारभूत ढांचे में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। उपभोग में वृद्धि, आय में बढ़ोतरी, घटती महंगाई और वित्तीय सतर्कता के बेहतर मानकों के साथ ग्रामीण भारत विकास की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। निरंतर कल्याणकारी सहायता और मजबूत सार्वजनिक निवेश इस गति को और बल दे रहे हैं। सितंबर, 2024 से नवंबर 2025 के बीच ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय मजबूती दर्ज की गई। सर्वे के मुताबिक ग्रामीण परिवारों में मासिक आय का 67.3 फीसदी हिस्सा अब उपभोग पर खर्च किया जाता है। यह सर्वेक्षण शुरू होने के बाद का अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है और इसमें जीएसटी दरों में सुधार का भी महत्वूपर्ण योगदान है। ग्रामीण परिवारों में से 42.2 फीसदी ने अपनी आय में वृद्धि दर्ज की है, जो अब तक के सभी सर्वेक्षणों में सबसे बेहतर प्रदर्शन है।

# संक्षिप्त समाचार

## भारतीय ताइक्वांडो खिलाड़ी रूपा बायर विश्व रैंकिंग में करियर की सर्वश्रेष्ठ आठवीं रैंकिंग पर पहुंची

**नयी दिल्ली।** एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता रूपा बायर नवीनतम विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंचने वाली भारत की पहली ताइक्वांडो खिलाड़ी बन गई हैं। इससे पहले उनकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग नौ थी। अरुणाचल प्रदेश की 24 वर्षीय बायर ने 29 से 30 नवंबर तक ऑस्ट्रिया के इंसब्रुक में आयोजित किए गए विश्व ताइक्वांडो प्रेसिडेंट कप यूरोप में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने इस साल अगस्त में ऑस्ट्रेलिया ओपन ताइक्वांडो टूर्नामेंट में भी कांस्य पदक हासिल किया था। वह पूमसे वर्ग में भाग लेती है। पूमसे ताइक्वांडो का एक गैर-लड़ाकू स्वरूप है जिसमें प्रतियोगी जिम्नास्टिक की तरह अपने 'मूव'का प्रदर्शन करता है। इसका मूल्यांकन जजों के एक पैनल द्वारा किया जाता है। यह प्रारूप वर्तमान में ओलंपिक श्रेणी में शामिल नहीं है, लेकिन यह एशियाई खेलों का हिस्सा है। मुंबई में इंडो-कोरियन ताइक्वांडो अकादमी में प्रशिक्षण लेने वाली बायर को इस साल अप्रैल में खेल मंत्रालय के लक्ष्य एशियाई खेल ग्रुप (टीएजीजी) में शामिल किया गया था। वह सभी श्रेणियों में विश्व रैंकिंग के शीर्ष 100 खिलाड़ियों में शामिल होने वाली एकमात्र भारतीय हैं।

## पाकिस्तान में फुटबॉल मैच के बाद आपस में भिड़े खिलाड़ी, जांच शुरू

**कराची।** पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ (पीएफएफ) और पाकिस्तान ओलंपिक संघ कराची में पाकिस्तान आर्मी और वाप्डा टीम के बीच खेले गए सेमीफाइनल मैच के बाद खिलाड़ियों के आपस में भिड़ने की घटना की जांच कर रहे हैं, जिसमें कई खिलाड़ी और अधिकारी घायल हो गए थे। केपीटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में राष्ट्रीय खेलों की फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ी आपस में भिड़ गए और अधिकारी भी बीच में कूद पड़े। वे एक-दूसरे को मुक्के और लात मार रहे थे। मैच का सीधा प्रसारण होने के दौरान ही इस घटना के दृश्य कैमरे में कैद हो गए और बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गए, जिसके बाद कई लोगों ने दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। यह झड़प तब शुरू हुई जब आर्मी के खिलाड़ियों द्वारा अपने डगआउट के सामने जीत का जश्न मनाने पर वाप्डा के कुछ सदस्यों ने गुस्सा जताया। पीएफएफ के एक अधिकारी ने कहा कि उन्होंने घटना का संज्ञान लिया है। पाकिस्तान ओलंपिक संघ भी इस मामले की जांच करेगा क्योंकि राष्ट्रीय खेल उसके दायरे में आते हैं। उन्होंने कहा, ''हम भी इस घटना की जांच करेंगे और इसमें शामिल खिलाड़ियों और अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। वीडियो में दिखाया गया है कि वाप्डा के कुछ खिलाड़ियों ने मैच रेफरी के साथ हाथापाई की। वाप्डा के खिलाड़ी रेफरी द्वारा आर्मी की टीम को पेनल्टी किक दिए जाने से नाखुश थे।

## इंडिगो प्रभावित यात्रियों को देगी 10,000 रुपये मूल्य के यात्रा 'वाउचर'

**नयी दिल्ली।** परिचालन संबंधी व्यवधानों से जूझ रही विमानन कंपनी इंडिगो उड़ानें रद्द होने या विलंब के कारण प्रभावित यात्रियों को 10,000 रुपये के यात्रा 'वाउचर' देगी। यह वाउचर तीन से पांच दिसंबर के दौरान उड़ानें रद्द होने से प्रभावित यात्रियों को दिया जाएगा। यह नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के मानदंडों के तहत उड़ान रद्द होने पर यात्रियों को प्रदान की जाने वाली राशि के अतिरिक्त होगा। इंडिगो ने बयान में खेद जताते हुए कहा कि तीन, चार और पांच दिसंबर को यात्रा करने वाले उसके कुछ ग्राहक कई घंटों तक कुछ हवाई अड्डों पर फंसे रहे और उनमें से कई भीड़भाड़ से बुरी तरह प्रभावित हुए। इसमें कहा गया, '' हम ऐसे गंभीर रूप से प्रभावित ग्राहकों को 10,000 रुपये मूल्य के यात्रा 'वाउचर' प्रदान करेंगे। इन यात्रा 'वाउचर' का उपयोग अगले 12 महीनों के दौरान इंडिगो की किसी भी यात्रा के लिए किया जा सकता है। देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी को नियामकीय दबाव का भी सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों ने परिचालन को स्थिर करने के लिए इसे शीतकालीन उड़ानों में 10 प्रतिशत की कटौती करने का निर्देश दिया है। इंडिगो दो दिसंबर को व्यवधान शुरू होने से पहले तक प्रतिदिन लगभग 2,300 उड़ानें संचालित कर रही थी। बयान में कहा गया, '' यह वाउचर मौजूदा सरकारी दिशानिर्देशों के तहत की गई प्रतिबद्धता के अतिरिक्त है जिसके अनुसार इंडिगो उन ग्राहकों को उड़ान के 'ब्लॉक' समय के आधार पर 5,000 रुपये से 10,000 रुपये तक का मुआवजा प्रदान करेगी जिनकी उड़ानें प्रस्थान समय से 24 घंटे के भीतर रद्द कर दी गई थीं।

# देशभर के 5868 स्टेशनों पर दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों नि:शुल्क व्हीलचेयर उपलब्ध कराता है: वैष्णव

एजेंसी

नयी दिल्ली। रेलवे देशभर के 5868 स्टेशनों पर दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों निःशुल्क व्हीलचेयर उपलब्ध कराता है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार परिचारक के उपलब्ध होने की स्थिति में पूर्व निर्धारित मामूली दर पर लाइसेंस प्राप्त सहायक (पोर्टर) किराए पर लिए जा सकते हैं। इस संबंध में जानकारी रेलवे स्टेशन परिसर में प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित की जाती है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि बुजुर्ग, दिव्यांग और बीमार यात्रियों के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए की गयीं अन्य पहलों में कम्प्यूटरीकृत यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) में वरिष्ठ नागरिकों और 45 वर्ष या उससे अधिक आयु की महिला यात्रियों को बुकिंग के समय सीट उपलब्ध होने पर बिना किसी विकल्प के भी स्वचालित रूप से निचली सीट आवंटित करने का प्रावधान है। वहीं, शयनयान श्रेणी में प्रति कोच छह से सात निचली सीट , वातानुकूलित तृतीय श्रेणी (3एसी) में प्रति कोच चार से पांच निचली सीट और वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी (2एसी) में प्रति कोच तीन से चार निचली सीट (रेलगाड़ियों में उस श्रेणी के कोचों की संख्या के आधार पर) का संयुक्त आरक्षण वरिष्ठ नागरिकों, 45 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिला यात्रियों और गर्भवती महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है। इसके अलावा सभी क्षेत्रीय रेलवे के उपनगरीय खंडों पर चलने वाली लोकल रेलगाड़ियों के पूरे समय के दौरान प्रथम और अंतिम द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे में वरिष्ठ नागरिकों के लिए कम से कम सात सीटें आरक्षित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। श्री वैष्णव ने बताया कि रेलगाड़ियों के प्रस्थान के बाद यदि रेलगाड़ियों में निचली बर्थ खाली हों और दिव्यांग रियायत के तहत बुकिंग कराने वाला कोई दिव्यांग व्यक्ति, वरिष्ठ नागरिक या गर्भवती महिला, जिसे ऊपरी/मध्य सीट आवंटित की गई हो, वो अगर खाली निचली सीट के आवंटन के लिए संपर्क करे, तो रेलगाड़ियों में मौजूद टिकटों की जांच करने वाले कर्मचारी को चार्ट में आवश्यक प्रविष्टियाँ करते हुए उन्हें खाली निचली सीट आवंटित करने का अधिकार दिया गया है। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों के लिए रियायती सुविधाओं की उपलब्धता के बावजूद, राजधानी/शताब्दी जैसी रेलगाड़ियों सहित सभी मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ियों में स्लीपर श्रेणी में चार सीट (दो लोअर और दो मिडिल), 3ई या 3ए श्रेणी में चार सीट (दो लोअर और दो मिडिल), गरीब रथ एक्सप्रेस रेलगाड़ियों के विशेष रूप से दिव्यांगों के लिए आरक्षित (एसएलआरडी) कोच में चार सीट और उन रेलगाड़ियों में आरक्षित द्वितीय सीटिंग (2एस)/ वातानुकूलित चेयर कार (सीसी) में चार सीटें आरक्षित की गयी हैं, जिनमें इन श्रेणियों के दो से अधिक कोच हैं। उन्होंने बताया कि सभी मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ियों (पूरी तरह से आरक्षित रेलगाड़ियों को छोड़कर) में, एसएलआरडी कोचों को दिव्यांगजनों के विशेष उपयोग के लिए आरक्षित- अनारक्षित कोचों के रूप में मानने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि गरीब रथ एक्सप्रेस रेलगाड़ियों और अन्य पूर्णतः आरक्षित रेलगाड़ियों के मामले में, ये कोच दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित माने जाएंगे, जो दिव्यांग रियायत पर यात्रा कर रहे हैं और उन्हें उस श्रेणी का किराया पहले आओ पहले पाओ के आधार पर देना होगा। इसके अलावा कम्प्यूटरीकृत यात्री आरक्षण प्रणाली के माध्यम से जारी टिकटों में ( जहां तक संभव हो) एक निचली सीट दिव्यांगजनों को आवंटित करने और उनके साथ यात्रा करने वाले व्यक्ति को, सीट की उपलब्धता के अधीन, दिव्यांगजन के पास मध्य/ऊपरी सीट आवंटित करने के लिए कहा गया है।

रेलमंत्री ने बताया कि रेलगाड़ियों के प्रस्थान के बाद, यदि रेलगाड़ियों में खाली निचली सीट उपलब्ध हैं और यदि दिव्यांग रियायती टिकट पर बुकिंग कराने वाले किसी दिव्यांगजन को ऊपरी/मध्य सीट आवंटित की गई है और वह खाली निचली सीट के आवंटन के लिए आता है, तो रेलगाड़ियों में मौजूद टिकट चेकिंग स्टाफ को चार्ट में आवश्यक प्रविष्टियाँ करते हुए उन्हें खाली लोअर बर्थ आवंटित करने का अधिकार दिया गया है। उन्होंने बताया कि विभिन्न यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) केंद्रों पर दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों, पूर्व सांसदों, विधायकों, मान्यता प्राप्त पत्रकारों और स्वतंत्रता सेनानियों से प्राप्त आरक्षण अनुरोधों के निपटान के लिए अलग-अलग काउंटर निर्धारित किए गए हैं।

# पेट्रोलियम पदार्थों में एथनॉल मिलाने से वाहनों को कोई नुकसान नहीं: गडकरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोक सभा में गुरुवार को जानकारी दी गयी कि पेट्रोल में एथनॉल मिलाने से वाहनों को कोई नुकसान नहीं होता है।

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने प्रश्न काल में बताया कि पेट्रोलियम पदार्थों में एथनॉल मिलाने से वाहनों को कोई नुकसान होता है या नहीं, इसकी जांच की गयी है, जिससे स्पष्ट हुआ है इससे वाहनों को कोई नुकसान नहीं पहुंचता है। श्री गडकरी ने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि ई20 फ्यूल के इस्तेमाल की वजह से किसानों को बहुत बड़ी रकम मिल रही है। इस व्यवस्था से देश के किसान ऊर्जादाता भी बन गये हैं। केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि ई20 फ्यूल की वजह से कच्चे तेल के आयात में कमी आयी है। इस व्यवस्था से विदेशी मुद्रा की बचत भी हुई है। उन्होंने बताया कि इस समय अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 60-65 डॉलर प्रति बैरल है, लेकिन रिफाइनिंग, बीमा और अन्य कारकों से ग्राहकों तक पहुंचते-पहुंचते पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ जाते हैं। उन्होंने बताया कि ई-फ्यूल व्यवस्था में पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिलाने की योजना है और अभी तक 19.2 से लेकर 19.4 प्रतिशत तक एथनॉल मिलाया जा रहा है। बहुत जल्द ही लक्षित 20 प्रतिशत तक एथनॉल मिलाना शुरू कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि एथनॉल के उत्पादन से देश के अन्नदाताओं को बड़ी रकम का भुगतान मिल रहा है। देश में अतिरिक्त एथनॉल का उत्पादन देखते हुए इसका निर्यात भी शुरू कर दिया गया है।

# लोकतंत्र के मंदिर संसद में धुम्रपान करना संविधान का अपमान है: भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को कहा कि लोकतंत्र के मंदिर संसद में धूम्रपान करना संविधान और कानून का अपमान है। यह आरोप भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में लगाया। श्री पूनावाला ने आज संसद में टीएमसी के सांसद द्वारा ई सिगरेट लाने और उसके उपयोग पर टिप्पणी करते हुये कहा कि लोकतंत्र के मंदिर में एक दुर्भाग्यपूर्ण एक घटना को घटते हुये देखा गया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सासंद अनुराग ठाकुर ने सदन को और अध्यक्ष को अवगत कराया है। श्री पूनावाला ने कहा कि पूरे देश में ई-सिगरेट 2019 से पूरी तरह से प्रतिबंधित हैं। कानून के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना भी प्रतिबंधित है। लेकिन, संसद यानी लोकतंत्र के मंदिर में ई-सिगरेट लाना और पीना कानून के खिलाफ है। लेकिन, इन सभी का उल्लंघन टीएमसी के सांसद ने किया है। इस मामले पर संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष ने भी कहा कि ये पूर्ण तरीके से गलत है, इसकी जांच होगी और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसपर कार्यवाही की जाएगी। श्री पूनावाला ने कहा कि इसी शीतकालीन सत्र में हमने देखा कि एक सांसद द्वारा संसद में कुत्ते को लेकर आना और ऊपर से यह कहना कि यह तो नहीं पर जो अंदर बैठे है वो काटते हैं। इसका मतलब संसद के अधिकारी, सुरक्षाकर्मी, सांसद समेत सभी लोगों पर एक तरह का बड़ा आक्षेप है। श्री पूनावाला ने अपने संबोधन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विदेशी दौरे पर सवाल उठाते हुये एलओपी (नेता विपक्ष) की नयी परिभाषा 'नेता पलायन' करने वाला बताया। श्री पूनावाला ने कहा कि शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी सांसदों और खासकर विपक्ष के मित्रों से एक विनम्र आह्वान किया था कि लोकतंत्र के मंदिर संसद में ड्रामा को नहीं, डिलीवरी को तरजीह दी जानी चाहिये। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने बाधा नहीं संवाद और नारे को नहीं, नीति और नीयत को तरजीह देने की बात कही थी। लेकिन विपक्षी दलों पर इसका कोई असर नहीं हुआ। इसीलिए शीतकालीन सत्र 2025 को अगर दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से किसी एक चीज के लिए लगातार याद रखा जाएगा, तो उसके लिए विपक्ष को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

श्री पूनावाला ने कंाग्रेस नेता राहुल गांधी के विदेश दौर को लेकर सवाल उठाते उनके बयानबाजी पर निशाना साधते हुये कहा कि उनके तीन सांकेतिक राजनीतिक बंदर हैं।

## आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े जिहादियों के ठिकानों पर कोलकाता में ईडी की छापेमारी

कोलकाता। आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) से जुड़े पैडघा मॉड्यूल की जांच में गुरुवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोलकातामें बड़े पैमाने पर छापेमारी की। इस कार्रवाई का मकसद उन लोगों की गतिविधियों की जांच करना है, जिन पर आतंक से जुड़े कामों को बढ़ावा देने, हथियार जुटाने और पैसे का इंतजाम करने का आरोप है। जांच एजेंसी ने सुबह से देशभर में महाराष्ट्र के ठाणे जिले के पैडघा-बोरीवली इलाके, रत्नागिरी, दिल्ली, उत्तर प्रदेश के कई शहरों के साथ ही कोलकाता स्थित घरों और दफ्तरों में तलाशी ली। मुंबई में छापों के दौरान महाराष्ट्र एटीएस ने सुरक्षा दी, जबकि कोलकाता में केंद्रीय बलों की मदद ली गई। ईडी ने यह जांच उस मामले के आधार पर शुरू की है, जिसे एनआईए ने पिछले साल दर्ज किया था।

# पोलियो का टीका बनाने वाली कंपनी के कर्मचारियों नहीं मिल रहा वेतन : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंाग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकारी संस्थाओं का दमन और उनका निजीकरण सरकार की सबसे बड़ी दुर्नीति है और मौजूदा सरकार का यह कदम देश के लिए एक बहुत बड़ा अभिशाप बन गया है।

श्री गांधी ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि उनकी हाल ही हुई जन संसद में भारत इम्यूनोलॉजिकल्स तथा जैविकीय निगम लिमिटेड (बिबकॉल) के कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाक़ात हुई। इन कर्मचारियों ने अपनी स्थिति को लेकर जो बातें कहीं है वह बहुत हैरान करने वाली है और जो भी इसे सुनेगा हैरान हो जाएगा। उन्होंने लिखा ''इस सरकारी कंपनी के कर्मचारी सालों से वेतनहीन हैं। अपने घर का ख़र्च चलाने के लिए क़र्ज़, उधार और मजबूरी पर उनका जीवन टिका हुआ है। ये वही बिबकॉल है जो भारत में वैक्सीन बनाने वाली एकमात्र सरकारी कंपनी थी और जिसने पोलियो जैसी भयंकर बीमारी के उन्मूलन में ऐतिहासिक योगदान दिया। सरकार को कम कीमत पर वैक्सीन उपलब्ध कराने और हर बच्चे तक उसकी पहुंच सुनिश्चित करने में इसकी भूमिका निर्णायक रही है। लेकिन 2017 तक मुनाफ़े में चल रही इस कंपनी को जानबूझकर, योजनाबद्ध तरीक़े से घाटे के उद्यम में बदल दिया गया। श्री गांधी ने आगे कहा ''कारण साफ़ है ताकि सरकारी कॉन्ट्रैक्ट निजी कंपनियों को सौंपे जा सकें, निजी कंपनियां महंगे दाम पर वैक्सीन बेचकर भारी मुनाफ़ा कमाएं और उसकी कीमत आपकी जेब से निकाली जाए और एक दिन बिबकॉल को 'नुकसान' के नाम पर बंद कर इसकी संपत्ति मुफ्त या सस्ते दामों में पूंजीपति मित्रों में बांट दी जाए। उन्होंने बताया कि बिबकॉल कंपनी बुलंदशहर से संचालित होती थी और उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में स्थित इस कंपनी की ज़मीन और संपत्ति काफी महंगी है। जब से उत्तर प्रदेश में जेवर एयरपोर्ट बनाने की घोषणा हुई है उसके बाद इसकी कीमत आसमान छू रही है। उन्होंने कहा, ''इस कंपनी के कर्मचारियों की आर्थिक पीड़ा सरकार से साझा की है।

उनके द्वारा आश्वासन दिया गया है कि कर्मचारियों का लंबित वेतन और बकाया जल्द दिया जाएगा। विपक्ष के नेता कहा कि यह चिंता की बात है कि सरकारी संस्थानों को धीरे-धीरे खत्म करने की बहुत गहरी साज़िश चल रही है और सरकार का यह कदम देश के भविष्य के लिए बेहद नुकसानदेह होगा।

## अमेरिका में पढ़ाई करने के बाद छात्रों का वापस भारत और चीन जाना 'शर्मनाक' : ट्रंप

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि भारत और चीन जैसे देशों के छात्रों को अमेरिका के शीर्ष विश्वविद्यालयों से स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद अपने गृह देशों में वापस जाना 'शर्मनाक' है।

ट्रंप ने दावा किया कि 'ट्रंप गोल्ड कार्ड' योजना कंपनियों को देश में इस तरह की प्रतिभाओं को नियुक्त करने और बनाए रखने में सक्षम बनाएगी। उन्होंने बुधवार को दस लाख डॉलर की 'ट्रंप गोल्ड कार्ड' योजना शुरु करने की घोषणा की। यह एक वीजा कार्यक्रम है, जो अप्रवासियों को अमेरिकी नागरिकता प्राप्त करने का मार्ग प्रदान करेगा। 'ट्रंप गोल्ड कार्ड' एक ऐसा वीजा है जो अमेरिका को पर्याप्त लाभ प्रदान करने की किसी व्यक्ति की क्षमता पर आधारित है। व्हाइट हाउस में एक बैठक में ट्रंप ने कहा, '' किसी महान व्यक्ति का हमारे देश में आना एक उपहार के समान है, क्योंकि हमें लगता है कि ये कुछ ऐसे असाधारण लोग होंगे जिन्हें यहां रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कॉलेज से स्नातक करने के बाद, उन्हें भारत वापस जाना पड़ता है, उन्हें चीन वापस जाना पड़ता है, उन्हें फ्रांस वापस जाना पड़ता है। उन्हें वापस वहीं जाना पड़ता है, जहां से वे आए थे। वहां रुकना बहुत मुश्किल है। यह शर्मनाक है। यह एक हास्यास्पद बात है। हम इस पर ध्यान दे रहे हैं।

## त्योहार के साथ एक सभ्यतागत संदेश भी है दीपावली: राधाकृष्णन

नई दिल्ली। राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को सदन में दीपोत्सव दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल होने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि 10 दिसंबर 2025 को घोषित इस प्रतिष्ठित मान्यता से हमारे देश और दुनियाभर में रह रहे भारतीयों के बीच खुशी और उल्लास का संचार हुआ है। दीपावली केवल एक त्योहार नहीं है; यह एक सभ्यतागत संदेश है। राधाकृष्णन ने कहा कि यह अंधकार पर प्रकाश की, अज्ञान पर ज्ञान की, निराशा पर आशा की और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। इसका सार्वभौमिक दर्शन आस्थाओं, क्षेत्रों और पीढ़ियों से परे है, जो भारत की मूल भावना अर्थात समावेशिता, कंाति और दृढ़ता को दर्शाता है। दीपावली भारत का 16वां तत्व है जिसे यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया गया है, जिससे भारत की सभ्यतागत विरासत की आभा और संवर्धित हुई है। उन्होंने सदन की ओर से सभी भारतीयों, अपने सांस्कृतिक संदेशवाहकों और हर उस व्यक्ति तथा संस्था को बधाई दी जिसने इस वैश्विक मान्यता को प्राप्त करने में योगदान दिया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि हमें अपनी समृद्ध विरासत और परंपराओं को संरक्षित करने, उन्हें बढ़ावा देने और उन पर गर्व करने के लिए नई प्रतिबद्धता और श्रद्धा के साथ प्रेरित करेगी।

# कांग्रेस ने भारत की संस्कृति, सोच और मूल्यों से किया समझौता: नड्डा

एजेंसी

नई दिल्ली। राज्य सभा में गुरुवार को वंदे मातरम पर चर्चा का जवाब देते हुए सदन के नेता जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर वंदे मातरम गीत की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि, शुरू से ही कांग्रेस ने भारत की संस्कृति, सोच और मूल्यों से समझौता किया।

संसद में 'वंदे मातरम्' पर हुई चर्चा के समापन वक्तव्य में जेपी नड्डा ने कहा यह चर्चा दर्शाती है कि वंदे मातरम कितना प्रासंगिक और हमारे दिलों के कितना करीब है। यह बहस उन युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम की एक झलक देती है जिन्होंने उन दिनों को अपनी आँखों से नहीं देखा है। यह गीत कई ऐतिहासिक घटनाओं का साक्षी है और इसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान प्रेरणा और ऊर्जा प्रदान की। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम से उत्पन्न भावनाओं को शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। यह हमें प्रेरित करता है और स्वतंत्रता संग्राम के प्रति हमारे अंदर जोश भर देता है। जब अंग्रेजों ने हमारे स्कूलों में अपना राष्ट्रगान 'गॉड सेव द क्वीन' थोपना चाहा, तब बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने हमें वंदे मातरम गीत दिया, जिसका असर पूरे देश में हुआ। नड्डा ने कहा कि वंदे मातरम् को वह सम्मान और स्थान नहीं मिला जो मिलना चाहिए था और उस समय के नेता इसके लिए जिम्मेदार थे। नड्डा ने नेहरू द्वारा 1937 में लिखे गए एक पत्र का उल्लेख किया जिसमें कहा गया था कि गीत में कठिन शब्द हैं और यह आधुनिक राष्ट्रवाद के अनुरूप नहीं है। वह उस समय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष थे। नेहरू के नेतृत्व में साम्प्रदायिक तत्वों के दबाव में उन्होंने इस पवित्र गीत को बदला और उन अंतरों को हटा दिया जिनमें भारत माता को माँ दुर्गा के रूप में स्वतंत्रता के अस्त्र-शस्त्र धारण किए हुए चित्रित किया गया था। 26 अक्टूबर से 1 नवंबर 1937 तक की कांग्रेस कार्यसमिति की रिपोर्टों का हवाला देते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि उस समय में प्रस्ताव में कहा गया था कि अन्य अंतरे कम जाने जाते हैं और शायद ही कभी गाए जाते हैं; उनमें ऐसे संकेत और धार्मिक विचारधाराएँ हैं जो भारत के अन्य धार्मिक समूहों की विचारधाराओं के अनुरूप नहीं हो सकतीं। समिति ने अपने मुस्लिम मित्रों की आपत्तियों को स्वीकार किया और निर्णय लिया कि जब भी यह गीत गाया जाए, केवल पहले दो अंतरे ही गाए जाएँ, वे पढ़ते हैं। सदन के नेता जे.पी. नड्डा ने अपने भाषण का समापन करते हुए कहा कि चर्चा तभी सार्थक होगी जब वंदे मातरम् को राष्ट्रीय गान और राष्ट्रीय ध्वज के समान सम्मान दिया जाएगा। राष्ट्रीय गीत का दर्ज़ा समान है।

# पेज एक का शेष

### उत्तर प्रदेश सहित छह...

ऐसे मतदाताओं की सूची बीएलओ राजनीतिक दलों के बीएलए से साझा करेंगे और फिर इन्हें ढूंढ़ने का काम शुरू होगा। पुरानी मतदाता सूची से मैपिंग की जाएगी वहीं दूसरा जो मुख्य कार्य होगा उसमें वर्तमान मतदाता सूची जो 27 अक्तूबर 2025 तक की है, उसमें शामिल लोगों का वर्ष 2003 की एसआईआर की मतदाता सूची से मिलान किया जाएगा। ऐसे मतदाताओं की मैपिंग उनके नाम, उनके माता-पिता, दादा-दादी और नाना-नानी के नाम से की जाएगी। कुल 15.44 करोड़ मतदाताओं में से 77 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग वर्ष 2003 की मतदाता सूची से की जा चुकी है। अब इसे 90 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य है, जिससे कम से कम मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए उन्हें नोटिस जारी कर उनसे साक्ष्य मांगे जाएं। कल से शुरू होगा नए मतदाता बनाने का काम तीसरा ऐसे युवा मतदाता जो एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं, उनसे और जो लोग मतदाता सूची में शामिल होने से बच गए हैं उनसे फॉर्म-6 भरवाकर मतदाता सूची में शामिल कराए जाने पर जोर दिया जाएगा। अब ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 31 दिसंबर को किया जाएगा। 31 दिसंबर 2025 से 21 फरवरी 2026 तक इस ड्राफ्ट मतदाता सूची पर दावे व आपत्तियां ली जाएंगी और उसका निस्तारण किया जाएगा। फिर 28 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

### सरफराज को...

लेती रहती हैं। पत्नी रोली मिश्रा की आंखें न्याय के इंतजार में पथरा गई हैं। बेटे की हत्या के बाद से ही पिता कैलाश नाथ मिश्र की तबीयत खराब चल रही है। पिता अभी मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं। सांस लेने में तकलीफ है। बड़े बेटे हरमिलन मिश्र उनकी देखभाल में जुटे हैं। रामगोपाल की हत्या के बाद हरमिलन ही परिवार का सहारा हैं।

### जांच समिति के...

भी देखेगी कि एफडीटीएल के प्रावधानों को एयरलाइन ने कहां तक लागू किया। वह नियोजन में विफलता के लिए उत्तरदायित्व और जिम्मेदारी का भी आंकलन करेगी। साथ ही यह भी देखेगी कि इंडिगो को नये नियमों दी गयी एक बार की छूट के बाद उसने संकट को हल करने के लिए क्या उपाय किये हैं। उल्लेखनीय है कि इंडिगो ने तीन दिसंबर से बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द की हैं जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सबसे बुरा हाल पांच दिसंबर को रहा जब उसने मात्र 700 उड़ानों का परिचालन किया और उसकी 1,500 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं। सरकार ने इंडिगो को विंटर शिड्यूल की उसकी उड़ानों में 10 प्रतिशत की कटौती का आदेश भी दिया है। इंडिगो से चेयरमैन विक्रम सिंह मेहता और श्री एलबर्स अलग-अलग वीडियो संदेश जारी कर कह चुके हैं कि 'इंडिगो संकट' जानबूझकर पैदा नहीं किया गया था। उन्होंने कहा है कि यह कई कारणों के सम्मिलित प्रभाव का नतीजा था जिसमें रोस्टरिंग और फ्लाइट ड्यूटी से संबंधित नये नियमों के अलावा तकनीकी और मौसम संबंधी कारण भी शामिल हैं। एयरलाइंस ने गुरुवार को जारी बयान में इस घटना पर खेद व्यक्त किया है। उसने कहा है कि सरकार के दिशा-निर्देशों के मुताबिक इन यात्रियों को पांच हजार रुपये से 10 हजार रुपये तक मुआवजा दिया जायेगा। मुआवजे की राशि इस बात पर निर्भर करेगी कि वे कितनी देर तक हवाई अड्डे पर फंसे रहे। इसके अलावा इन यात्रियों को 10-10 हजार रुपये का ट्रैवल वाउचर भी दिया जायेगा। इसका इस्तेमाल अगले 12 महीने तक टिकट बुक कराने के लिए किया जा सकेगा। बयान में कहा गया है कि इंडिगो संकट के दौरान रद्द रही सभी उड़ानों के यात्रियों के लिए रिफंड जारी कर दिया गया है और ज्यादातर मामलों में रिफंड की राशि पीड़ित यात्रियों के खाते में आ चुकी है। तीसरे पक्ष के प्लेटफॉर्म से बुक कराये गये रिफंड के बारे में भी एयरलाइंस ने दावा किया है कि रिफंड जारी कर दिया गया है। ऐसे यात्रियों को कस्टमर.एक्सपेरियंसअगोइंडिगो.इन पर ईमेल भेजने की सलाह दी गयी है। इससे पहले, एक अन्य बयान में इंडिगो ने बताया था कि 09 दिसंबर से उसके परिचालन में स्थिरता आ चुकी है। गत 08 दिसंबर को 1,700 से अधिक उड़ानों का परिचालन किया गया। अगले दिन 09 दिसंबर को 1,800 और 10 दिसंबर को 1,900 से अधिक उड़ानों का परिचालन किया गया है। उसने आज 11 दिसंबर को 1,950 उड़ानों के परिचालन की उम्मीद जतायी है। उसने बताया कि पिछले तीन दिन में सिर्फ तीन उड़ानें अंतिम समय में रद्द हुईं जिनके पीछे तकनीकी तथा मौसम से संबंधित कारण थे। उल्लेखनीय है कि इंडिगो 03 दिसंबर से बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द कीं जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सबसे बुरा हाल 05 दिसंबर को रहा जब उसने मात्र 700 उड़ानों का परिचालन किया और उसकी 1,500 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं। सरकार ने पूरे मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति गठित की है। साथ ही इंडिगो को विंटर शिड्यूल की उसकी उड़ानों में 10 प्रतिशत की कटौती का आदेश दिया गया है।

### मणिपुर को ऐसा...

हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि मणिपुर के लोगों की चिंताओं का ध्यान रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सद्भाव को मजबूत करने, सुरक्षा सुनिश्चित करने और मणिपुर को स्थिरता और समृद्धि की यात्रा में समर्थन देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सरकार पूरे राज्य में समान विकास को बढ़ावा देने के लिए भी प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित करेगी कि विकास और प्रगति का लाभ राज्य के हर कोने तक पहुंचें। उन्होंने कहा कि मणिपुर दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ भारत की जीवंत भागीदारी का प्रवेश द्वार है। इसकी युवा शक्ति, संस्कृति और प्राकृतिक सुंदरता इसे असीमित क्षमता वाला राज्य बनाती है। मणिपुर अपनी आत्मनिर्भर महिलाओं के लिए भी जाना जाता है। बीसवीं सदी के शुरुआती दशकों में मणिपुर की बहादुर महिलाओं द्वारा ऐतिहासिक नूपी लाल या महिला युद्ध दो बार लड़े गए थे। वे औपनिवेशिक और सामंती शक्तियों को अपनी उचित मांगों को मनवानें में सफल रहीं । उनकी इस ताकत हर भारतीय को प्रेरित करती हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि मणिपुर के लोग प्रतिभाशाली और मेहनती हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि घाटी और पर्वतीय क्षेत्रों के लोग नए सद्भाव के साथ एक साथ रहेंगे और राज्य को समृद्धि और खुशी की महान ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। श्रीमती मुर्मु ने मणिपुर के लोगों से सद्भाव और विकास के उपायों को समर्थन जारी रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा ,'' हमें मिलकर मणिपुर को एक ऐसे राज्य के तौर पर मज़बूत बनाना चाहिए, जहाँ हर बच्चा सुरक्षित महसूस करे, हर महिला सशक्त महसूस करे, हर समुदाय शामिल महसूस करे, और हर नागरिक एक बेहतर भविष्य की ओर आगे बढ़े। इससे पहले राष्ट्रपति ने ऐतिहासिक मापल कांगजेइबुंग में एक पोलो-एग्जिबिशन मैच देखा।

### फर्जी कम्पनियां बनाकर...

बालाजी संजीवनी, मुनेश, विष्णु प्रिया, बिट्टू के नाम चरण पादुका फर्म के साथ कई फर्जी कम्पनियां बनाई। इनसे सिरप की फर्जी बिक्री दिखाई गई। इस बीच अरुण ने नौकरी छोड़ दी तो विभोर ने मारुति मेडिकोज का सारा काम अभिषेक को दे दिया। मारुति मेडिकोज को जनवरी 2024 में एबॉट ने उत्तराखंड का सुपर डिस्ट्रीब्यूटर बना दिया। उसके सभी बिल पर अभिषेक ही सचिन नाम से साइन करता था। एसटीएफ अब इन सभी को आरोपी बनाएगी।

### बांग्लादेश में...

सुधार का एक दस्तावेज है। इसमें 26 पाइंट हैं, जिसका मकसद देश की राजनीति और शासन व्यवस्था में बदलाव लाना है। इसमें प्रधानमंत्री की सत्ता सीमित करने की बात है, ताकि कोई अनिश्चित समय तक सत्ता में न रह सके। इस चार्टर में पीएम का कार्यकाल 8 या 10 साल करने की बात कही गई है। जुलाई 2025 में, देश के राजनीतिक दलों और नागरिक संगठनों के बीच एक ''जुलाई चार्टर'' नाम का संविधान सुधार प्रस्ताव बना था। इसमें 4 अहम चीजें तय करने की कोशिश हुई थी। जनमत संग्रह में जनता से जुलाई चार्टर को लागू करने के आदेश पर राय मांगी जाएगी। इसमें प्रावधान है कि राजनीतिक दलों की अलग-अलग मांगों के बीच संतुलन बनाने के लिए 100 सदस्यीय ऊपरी सदन का गठन प्रतिनिधित्व के आधार पर किया जाएगा। यानी जिस पार्टी को जितने वोट मिलेंगे, उसी अनुपात में उसे सीटें दी जाएंगी।

मतदाता सूची सही करें और...

ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसएसआर) अभियान के दौरान चार प्रमुख श्रेणियों अनमैप्ड (अनमैपिंग), मृतक, अनुपस्थित (एब्सेंट) तथा स्थानांतरित (शिफ्टेड) मतदाताओं पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर दो-दो टीमें बनाकर घर-घर संपर्क किया जाए तथा ऐसे पात्र मतदाताओं की पहचान की जाए जिनका नाम किसी त्रुटि या लापरवाहीवश सूची में शामिल नहीं हो सका है। ऐसे सभी पात्र मतदाताओं का फॉर्म-6 भरवाकर समय से बीएलओ को सौंपा जाए ताकि किसी का नाम छूटने न पाए। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक तालमेल, तकनीकी दक्षता, नियमित मॉनीटरिंग और सतत जनसंपर्क इस अभियान को सफल बनाने की कुंजी हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि बीएलए-1, बीएलए-2, बूथ पलायन प्रभारी तथा बूथ अध्यक्ष मिलकर रणनीति बनाएं और प्रत्येक मतदाता तक पहुंचने का सघन अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि संपर्क, सत्यापन और सही सूचना के आदान-प्रदान से अभियान में पारदर्शिता, तीव्रता तथा प्रमाणिकता आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा, ह्लकार्य की प्रमाणिकता से ही हमारी दक्षता सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता तक पहुंचना और उन्हें मतदाता सूची से जोड़ना भाजपा की संगठनात्मक शक्ति एवं जिम्मेदारी है, जिसे पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा से निभाया जाना चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर, कैबिनेट मंत्री दयाशंकर सिंह, कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल, स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल, प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी तथा पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री ओमप्रकाश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# केसरिया बौद्ध स्तूप में बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं, टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर का निर्माण जल्द करें पूरा : नीतीश कुमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पूर्वी चंपारण जिला के केसरिया में निर्माणाधीन टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर का निरीक्षण किया।मुख्यमंत्री ने यहां निर्माण कराए जा रहे ऑडिटोरियम, पर्यटकीय सुविधा आदि के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करें। केसरिया बौद्ध स्तूप को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। सेंटर के निर्माण से पर्यटकों को सहूलियत होगी और बौद्ध धर्म के विभिन्न आयामों तथा बिहार के गौरवशाली गाथा को वे जान सकेंगे। निर्माणाधीन टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर में 5डी थियेटर बनाया जा रहा है जहां 48 व्यक्तियों के बैठने की सुविधा होगी। यहां महत्वपूर्ण बौद्ध शिक्षाओं से संबंधित फ्रेम प्रदर्शित किए जाएंगे। यह आगंतुकों के लिए परिचयात्मक क्षेत्र के रूप में कार्य करेगा। बिहार पेवेलियन बनाया जाएगा जहां बिहार के ऐतिहासिक विरासत से जुड़े फ्रेम प्रदर्शित किए जाएंगे। राज्य की सांस्कृतिक महत्ता को दर्शानेवाले शैक्षणिक डिस्प्ले का निर्माण किया जाएगा। यहां 90 से अधिक मूर्तियों को विशेष बॉक्सनुमा संरचनाओं में स्थापित किया जाएगा और खुले क्षेत्रों में कलात्मक मूर्तियों को प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही बिहार के विभिन्न ऐतिहासिक बौद्ध स्मारकों की 8 प्रतिकृतियां भी रखी जाएंगी। इन्हें परिसर के चारों कोनों में स्थापित किया जाएगा। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने केसरिया बौद्ध स्तूप परिसर का भ्रमण कर वहां के पर्यटकीय सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने केसरिया बौद्ध स्तूप को सुरक्षित रखने एवं विकसित करने के लिए अनेक काम कराए हैं। इस परिसर को सुरक्षित रखें, इसका रख-रखाव एवं विकास के लिए कार्य करें। साथ ही पर्यटकीय सुविधाओं का भी ख्याल रखें। मुख्यमंत्री ने ग्राम ताजपुर स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां की चिकित्सकीय सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के विभिन्न भागों की साफ-सफाई, मेडिकल सुविधा और दवा की उपलब्धता, निःशुल्क टीकाकरण आदि के बारे में वहां के चिकित्सक से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद लाभुकों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां इलाज के लिए आनेवाले मरीजों को इलाज में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका ख्याल रखें। सेंटर से जुड़नेवाली सड़क का और चौड़ीकरण करें ताकि यहां पहुंचने में सहूलियत हो।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अश्विनी कुमार चौबे ने गुरुवार को नई दिल्ली में देश की उन्नति और गौरव के प्रतीक, विश्व-पटल पर भारत का परचम बुलंद करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाक़ात अत्यंत आत्मीय, प्रेरणादायी तथा हृदय को स्पर्श करने वाली रही। प्रधानमंत्री के स्नेह, आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन से नई ऊर्जा एवं उत्साह प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर चौबे ने पटना के गांधी मैदान में भगवान परशुराम जन्म महोत्सव के अंतर्गत 6 जुलाई को आयोजित सनातन महाकुंभ में पूजित भगवान श्रीराम की प्रतिमा को प्रधानमंत्री को ससम्मान समर्पित किया।? इसके साथ ही अंग प्रदेश की प्रसिद्ध मंजूषा पेंटिंग, मिथिला की विख्यात मिथिला पेंटिंग, तथा दोनों की सुंदरता से रचित मिश्रित अंग वस्त्र भी प्रधानमंत्री को भेंट किए। चौबे द्वारा रचित पुस्तकों सनातन संग भारत, सनातन संवाद तथा केदारनाथ की त्रासदी (त्रिनेत्र) की प्रति भी प्रधानमंत्री जी को भेंट की गई।

# बिहार के पटना में पुलिस ने मुठभेड़ में अपराधी राकेश कुमार के पैर में मारी गोली



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। राजधानी पटना में गुरुवार सुबह जानीपुर थाना क्षेत्र के मुरादपुर में अपराधियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ में पुलिस ने रंगदारी मांगने के आरोपित अपराधी राकेश कुमार को पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। घायल राकेश को तुरंत पुलिस की निगरानी में पटना एम्स में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस का दावा है कि राकेश एक बैंककर्मी से रंगदारी मांगने के गंभीर मामले में वांछित था और लंबे समय से उसकी गतिविधियों पर पुलिस की नजर थी। जानीपुर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि रंगदारी मांगने वाला आरोपी राकेश कुमार मुरादपुर इलाके में देखा गया है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही राकेश घबरा गया और मौके से भागने लगा। पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन राकेश ने भागते-भागते पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। अचानक हुई फायरिंग से पुलिस सतर्क हो गई और पलटकर जवाबी कार्रवाई की। पुलिस की ओर से की गई जवाबी फायरिंग में राकेश के पैर में गोली लगी और वह मौके पर ही गिर पड़ा। इसके बाद पुलिस टीम ने उसे तुरंत अपने कब्जे में ले लिया और एंबुलेंस की मदद से एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के मुताबिक, उसकी स्थिति फिलहाल स्थिर है और इलाज जारी है। पुलिस का कहना है कि घायल अपराधी राकेश कुमार दीघा थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उस पर एक बैंककर्मी से रंगदारी की मांग करने का गंभीर आरोप है। बताया जा रहा है कि राकेश लंबे समय से पटना के कई इलाकों में सक्रिय था और स्थानीय लोगों में उसकी दहशत थी। पुलिस को आशंका है कि रंगदारी के अलावा वह अन्य आपराधिक गतिविधियों में भी शामिल रहा हो सकता है। जांच में यह भी सामने आया है कि राकेश अक्सर ठिकाने बदलता था, जिससे उसे पकड़ने में पुलिस को काफी समय लगा। पुलिस कई दिनों से उसकी लोकेशन ट्रैक कर रही थी और आज सुबह उसे पकड़ने के लिए एक विशेष टीम गठित की गई थी।

## साथियों की तलाश में पुलिस की छापेमारी जारी

मुठभेड़ के बाद पुलिस पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि राकेश कुमार अकेले इस अपराध में शामिल नहीं था। पुलिस को शक है कि उसके साथ कई अन्य अपराधी जुड़े हुए हैं, जो रंगदारी के इस नेटवर्क का हिस्सा हो सकते हैं। इन्हें पकड़ने के लिए पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस ने इलाके के आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगालना शुरू कर दिया है। हालांकि अभी तक अन्य अपराधियों के बारे में कोई बड़ी जानकारी हासिल नहीं हो पाई है, लेकिन पुलिस का कहना है कि जल्द ही पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा।

# फर्जी मतदाता का नाम जोड़ने का लगाया आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत भागलपुर जिले के भागलपुर नगर निगम क्षेत्र में मतदाता का नाम जोड़ने में एक सत्ताधारी दल के उम्मीदवार सह वर्तमान एमएलसी डॉ. एनके यादव के द्वारा पैसे के बल पर लगभग 2,000 फर्जी मतदाता का नाम नगर निगम भागलपुर क्षेत्र में जोड़ा गया है। एक ही मोबाइल नं, गलत मोबाइल नं एवं गलत स्नातक प्रमाण पत्र के सहारे गलत एटेस्टेड (अभिप्रमाणित) कर पैसा देकर फॉर्म जमा किया गया है। उक्त बातों की जानकारी गुरुवार को परिसदन में कोशी निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व राजद प्रत्याशी डॉ. नीतेश यादव ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि इस बात की शिकायत उन्होंने जिला पदाधिकारी भागलपुर के साथ साथ मुख्य निर्वाचन आयोग दिल्ली व मुख्य निर्वाचन आयुक्त पटना से भी की है। डॉ. नीतेश ने बताया कि भागलपुर जिले के विभिन्न प्रखंडों में भी एक ही पदाधिकारी द्वारा कोशी स्नातक निर्वाचन के वोटरों का सत्यापित किया गया है, जिसका फर्जी मोहर बनवाकर स्वयं से ही सत्यापित किया गया है और यह फर्जी मोहर रक्षित क्षेत्रीय पशुपालन प्राधिकारी भागलपुर के नाम से है। उन्होंने बताया कि वर्तमान विधान परिषद डॉ. एन. के. यादव अपने घर में अवैध तरीके से मतदाता बनाने का काम फर्जी कागजात, फर्जी मुहर अभिप्रमाणित कर स्वंय से अपनी धर्म पत्नी-वीणा यादव, दामाद व अन्य भाई- बंधुओं से मिलकर फर्जी व्यक्तियों के नाम से फर्जी मतदाता बनाने का काम अनवरत करते रहे हैं, जिसका अवलोकन उनकी पत्नी डॉ.बीणा यादव, के फ़ेशबुक आईडी में लगाये गए फोटो से भी किया जा सकता है। डॉ. नीतेश यादव ने बताया कि उन्होंने इससे पूर्व भी उक्त अधिकारियों को इस संदर्भ में लिखित सूचना दिया था। जिस पर आजतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने फर्जी कागजात, फर्जी मोहर व फर्जी नाम से एक ही जगह बैठकर बनाने वाले डॉ.एन. के. यादव, डॉ.बीणा यादव सहित अन्य के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई। इस दौरान डॉ. नीतेश यादव ने वर्तमान एमएलसी डॉक्टर एनके यादव के द्वारा एमएलसी फंड में व्यापक हेरा-फ़ेरी, अनियमिता और लूट का उजागर करते हुए कहा कि इनके पीए और एक भाई के द्वारा मुंगेर और लखीसराय में अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड लैब का संचालन कर वहाँ भी एमएलसी चुनाव हेतु फर्जी वोटर बनाये गए हैं। इसके साथ ही इस अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर से काली कमाई को डॉ. एनके यादव के द्वारा एमएलसी चुनाव में खपाया जाता रहा है। इस मौके पर अधिवक्ता राजू यादव व एक अन्य अधिवक्ता शामिल थे।

# अमृतसर में अंतरराष्ट्रीय हथियार मॉड्यूल का पर्दाफाश , एक तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमृतसर। अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने एक बड़े इंटेलिजेंस ऑपरेशन में सीमा पार हथियार सप्लाई करने वाले एक मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने गैर-कानूनी हथियारों की आपूर्ति में शामिल आकाशदीप सिंह को गिरफ्तार कर उसके पास से चार विदेशी पिस्तौल, छह गोलियां और एक मोबाइल फ़ोन बरामद किया।

श्री यादव ने कहा कि शुरुआती जांच में पाकिस्तान के तस्करों के साथ सक्रिय संपर्क का पता चला है जो राज्य में अशांति फैलाने के लिए हथियार भेजने की कोशिश कर रहे थे। पूरे नेटवर्क की पहचान करने और उसे ध्वस्त करने के लिए जांच चल रही है।

# दून मेडिकल कॉलेज में मरीजों से मिले मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों को मरीजों के समुचित उपचार के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अस्पताल में भर्ती प्रेस क्लब के अध्यक्ष भूपेन्द्र कंडारी से भी भेंट की। मुख्यमंत्री ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी चिकित्सकों से ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अस्पताल में भर्ती अन्य मरीजों से भी मुलाकात की औए उनका कुशलक्षेम जाना। इस मौके पर मुख्यमंत्री में मरीजों को बेहतर उपचार को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

# कपूरथला में दो अलग अलग अभियानों में हेरोइन के साथ दो गिरफ्तार

कपूरथला। पंजाब में कपूरथला पुलिस ने गुरुवार को दो अलग-अलग नियमित जांच अभियानों के दौरान हेरोइन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। पहली घटना में, सहायक उप निरीक्षक नवीन कुमार और उनकी टीम कपूरथला रेलवे स्टेशन के पास पुराने अनाज बाजार के नजदीक गश्त कर रहे थे, तभी उन्होंने बुलपुर की दिशा से एक युवक को आते देखा। पुलिस को देखते ही वह युवक तेजी से पीछे मुड़ा और पास की झाड़ियों में एक छोटी सी वस्तु फेंकते हुए देखा गया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया और उसकी पहचान कपूरथला के पुरानी दाना मंडी निवासी जोगा सिंह के रूप में हुई । फेंके गए पारदर्शी पॉलिथीन पैकेट की जांच करने पर पुलिस को उसमें से 10 ग्राम हेरोइन मिली। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया। एक अन्य ऑपरेशन में, सहायक उप निरीक्षक निर्मल सिंह के नेतृत्व में एएसआई नवीन कुमार के समन्वय से एक टीम तलवंडी चौधरीया पुलिस थाना के अधिकार क्षेत्र मेंगोइंदवाल साहिब पुल के मोड़ के पास एक हाई-टेक नाका लगा रही थी । वाहन जांच के दौरान, पुलिस ने गोइंदवाल साहिब से आ रहे एक स्कूटर सवार को पांच ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुखजीत सिंह के तौर पर हुई है जो गोइंदवाल साहिब के मनक देके गांव का निवासी है।

# जिलाधिकारी ने किया ग्राम खोली स्थित क्रिटिकल केयर ब्लॉक का औचक निरीक्षण, गुणवत्ता पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बागेश्वर। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंड़े ने आज ग्राम खोली में निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर ब्लॉक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण की प्रगति, उपलब्ध संसाधनों तथा आवश्यक व्यवस्थाओं का विस्तृत आकलन किया। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ कुमार आदित्य तिवारी को निर्देशित किया कि क्रिटिकल केयर ब्लॉक में अपेक्षित क्षमता के अनुरूप व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएं। साथ ही चिकित्सकों और अन्य आवश्यक मानव संसाधनों का आकलन समय से पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य को हर हाल में फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए और कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप ही संपादित किए जाएँ। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि परिसर के आसपास पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा संपूर्ण क्षेत्र की बाउंड्री डिमार्केशन कर किसी प्रकार के अतिक्रमण की संभावना को समाप्त किया जाए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ कुमार आदित्य तिवारी, डॉ. आकाश सहित कार्यदायी संस्था के अभियंता एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिल्ली के वजीरपुर से 3.5 करोड़ रुपये की बंद करंसी बरामद, चार गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम दिल्ली के वजीरपुर इलाके में पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए 3.5 करोड़ रुपये से अधिक की बंद करंसी बरामद की है। यह कार्रवाई वजीरपुर पुलिस चौकी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर की, जिसमें शालीमार बाग मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-4 के पास दबिश देकर चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान हर्ष, टेक चंद ठाकुर, लक्ष्य और विपिन कुमार के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सभी आरोपित दिल्ली और आसपास के इलाकों के निवासी हैं। इनके कब्जे से 500 और 1000 के पुराने नोटों का बड़ा जखीरा मिला है, जिसकी कुल कीमत 3.5 करोड़ रुपये से ज्यादा आंकी गई है। साथ ही, पुलिस ने दो गाड़ियां भी जब्त की हैं जिनका उपयोग ये नोटों की आवाजाही के लिए कर रहे थे। पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि वे बंद करंसी को बेहद कम कीमत पर खरीदते थे और फिर लोगों को धोखा देकर दावा करते थे कि ये नोट आरबीआई में बदले जा सकते हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है और यह दावा पूरी तरह फर्जी है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063